सुप्रभात
रांची, सोमवार
30.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 108 | 06 | थाइलैंड जहां आज भी राम राज है



### आज करेंगे मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव

# राज्य के मनरेगाकर्मियों ने दी 16 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेवा नियमितीकरण सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर राज्यभर के करीब 5600 मनरेगाकर्मी अपने आंदोलन के अगले चरण में सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव करेंगे। इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले होने वाले इस प्रदर्शन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसमें राज्यभर के मनरेगाकर्मी शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मनरेगाकर्मियों की लगातार उपेक्षा कर रही है। जो वादे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था उसे पूरा नहीं किया जा रहा है। इसलिए राज्यभर के मनरेगाकर्मियों को आंदोलन करने और विभागीय मंत्री का आवास घेरने के लिए विवश होना पड़ा है।



### राज्य सरकार की ओर से नहीं की गयी पहल

संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने कहा कि वर्ष 2007 से रोजगार गारंटी योजना 'मनरेगा' में सेवा दे रहे करीब 5600 मनरेगाकर्मियों के हितों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। लगातार आंदोलन और कई बार आश्वासन मिलने के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### 16 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के एचईसी स्थित सरकारी आवास के घेराव के बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो 16 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर मजदूरों ने जाने का निर्णय लिया है। वर्तमान में राज्य के अंदर 4500 रोजगार सेवक हैं और अन्य कर्मियों को मिलाकर इनकी कुल संख्या 5600 है।

### मनरेगाकर्मियों की मुख्य मांगें

मनरेगाकर्मियों की सेवा हिमाचल और राजस्थान की तर्ज पर स्थायी की जाए। सेवा स्थायी होने तक लेबर डिपार्टमेंट से निर्धारित वेतन और उसमें 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की बढ़ोतरी हो। मनरेगाकर्मियों को सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिले। मनरेगाकर्मियों को प्रताड़ित करने पर रोक लगे और बात-बात पर मनरेगाकर्मियों की बर्खास्त करना बंद हो और पूर्व में बर्खास्त मनरेगाकर्मियों को पुन: बहाल करने, राज्य में सरकारी नौकरियों में बहाली में रोजगार सेवकों की उम्र सीमा में छूट देने, महिला मनरेगाकर्मियों को सवैतनिक मातृत्व अवकाश का लाभ देने, राज्यभर के मनरेगाकर्मियों का ईपीएफ वर्ष 2018 से काटने, बॉयोमैट्रिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण सिर्फ ग्राम सभा द्वारा चयनित लोगों से कराने और मनरेगाकर्मियों की सेवा स्थानीय प्रखंड में ही सुनिश्चित करना शामिल है।

# अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी गांव-गांव की पवित्र मिट्टी : बाबूलाल

### राष्ट्रीय एकात्मकता का तीर्थ स्थल होगी अमृत वाटिका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से अमृत कलश में संग्रहित पवित्र मिट्टी को रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। सभी प्रखंडों से लाये गये 312 कलश को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इसके साथ 641 स्वयंसेवक भी नई दिल्ली गये।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में नई दिल्ली में बनने वाली अमृत वाटिका का निर्माण भारत की राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि गांव-गांव की मिट्टी अमृत वाटिका को अमरता प्रदान करेगी।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत काल आत्म निर्भर भारत का काल है।

दिल्ली जाने वाले स्वयंसेवकों की समन्वय टोली में प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू सहित बबन गुप्ता, सूरज गुप्ता, भरत यादव, महादेव दुबे, मनीर उरांव, गुंजन यादव, केके गुप्ता, अमृत पांडेय, अशोक शर्मा, संजय चौधरी, अनिल सिंह, चंदन गुप्ता शामिल हैं। कुल 641 लोग जिसमें 636 पुरुष और 5 महिला स्वयंसेवक शामिल हैं। दिल्ली जाने वालों में जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री एवम सभी प्रखंडों से दो दो कार्यकर्ता शामिल हैं।

इस अवसर पर काजल प्रधान, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, संजय जायसवाल, राजीव रंजन मिश्र, शोभा यादव, राकेश भास्कर, रमेश सिंह, कृपा शंकर सिंह, ललित ओझा, अनिता वर्मा, मुनचुन राय, नीरज सिंह, बलराम सिंह, जीतेंद्र पटेल आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### भाजमो के उपाध्यक्ष बने पंचानन सिंह

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने संगठन का विस्तार किया है। तीन लोगों की संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। पंचानन सिंह को पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं निशि पांडेय महासचिव बनाई गई हैं। सौमेन दत्ता को सचिव बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के निर्देश पर ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

### राज्यकर्मियों को बोनस देने की मांग

रांची। झारखंड शिक्षक कर्मचारी पदाधिकारी संघर्ष समिति ने केंद्र की तर्ज पर राज्यकर्मियों को भी दीपावली बोनस देने की मांग की है। संघर्ष समिति के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन कुमार ने मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र के आधार पर अपने राज्यकर्मियों को वित्तीय एवं अन्य लाभ देने का कार्य करती है, अत: सरकार द्वारा राज्यकर्मियों को भी दीपावली से पहले बोनस दिया जाना चाहिए।

### बाबूलाल मरांडी ने की जिलाध्यक्षों संग बैठक



**रांची।** मन की बात कार्यक्रम के बाद प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में जिला अध्यक्षगण की बैठक हुई। संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता के बाद रविवार को जिलाध्यक्ष गण मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय थे।

# पंचायत स्तर तक जदयू को बनायें मजबूत: खीरू महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जदयू चला गांव की ओर के मंत्र के साथ पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करना है। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कोल्हान प्रमंडल में आयोजित प्रमंडलीय सम्मेलन से पूर्व रांची में बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के साथ विकास के रास्ते संगठन को आगे बढ़ाएंगे। इस्पात नगरी में मजबूत इरादों के साथ पार्टी आगे बढ़ेगी। तैयारी समिति का गठन किया गया है। बैठक में पार्टी महासचिव श्रवण कुमार समेत सभी नामित सदस्य उपस्थित थे। प्रमंडलीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति का गठन किया गया है। निर्मल सिंह युवा जदयू प्रदेश अध्यक्ष, विरेन्द्र पासवान अनुसूचित प्रकोष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष अंजलि सिंह, प्रदेश महासचिव कौशल कुमार, प्रदेश महासचिव संजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव



रेणुगोपीनाथ पणिकर, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश, प्रदेश सचिव सरायकेला खरसावां विश्राम प्रसाद, जिला अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम कौशलेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष सरायकेला खरसावां विश्वास मुण्डा, जिला अध्यक्ष पश्चिमी सिंहभूम राणा प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष युवा जदयू पूर्वी सिंहभूम पार्वती किस्कू, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सरायकेला विमल दास, जिला अध्यक्ष सरायकेला खरसावां सतीश रघुवंशी, जिला अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम अनुसूचित प्रकोष्ठ सी कमल चौबे, प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह भोला, युवा महासचिव प्रितेश्वर दुबे, युवा महासचिव यशवंत सिंह महानगर अध्यक्ष, युवा जदयू को शामिल किया गया है।

### कनेक्टिविटी की समस्या दूर करने के लिए राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में चलायी जायेंगी 250 बसें

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से जुड़ेंगी राज्य की ग्रामीण सड़कें, रूट किये जा रहे चिह्नित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी बस सेवा शुरू की जायेगी। इसके तहत पहले चरण में 250 बसों के परिचालन की व्यवस्था होगी। इसके लिए विभाग के स्तर पर राज्य के विभिन्न जिलों में रूट चिंहित्त किए जा रहे हैं। मालूम हो कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम्य गाड़ी योजना को नया रूप दिया गया है। यह योजना पहले पांच सालों के लिए प्रभावी होगी, जिसमें बस संचालकों को कई रियायतें भी दी जायेगी।

**योजना पर 24 करोड़ रूपए होंगे खर्च** : निजी बस वाहन संचालकों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर करीब 24 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। इसके अलावा इन बसों में सवारी करने वाले यात्रियों को भी रियायत दी जायेगी। कुछ विशेष वर्ग के लोगों छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों इत्यादि को निःशुल्क सेवा भी दी जायेगी। ग्रामीण सेवा में रूटों को चिन्हित करने के लिए वाहन संचालकों और आम जनता से सुझाव लिये जायेंगे।

### वाहनों की सीट क्षमता के अनुरूप वित्तीय सहायता

वाहन संचालकों को उनके वाहनों की सीट क्षमता के अनुसार वित्तीय सहायता दी जायेगी। 33 से 42 सीट वाले वाहनों को 18 रुपये प्रति किमी, 25 से 32 सीट वाले वाहनों को 14.50 रुपये प्रति किमी, 13 से 24 सीट वाले वाहनों को 10.50 रुपये प्रति किमी और 07 से 12 सीट वाले वाहनों को 7.50 रुपये प्रति किलोमीटर तक वित्तीय सहायता दी जायेगी। बसों के परिचालन के लिए अलग से एसओपी भी निर्गत किया जायेगा।

### खरीदी गयी नयी बसों पर कोई शुल्क नहीं

ग्रामीण बस सेवा के तहत चल रही बसों के ठहराव के लिए बस पड़ाव में प्राथमिकता दी जायेगी। नगर निगम क्षेत्र में भी शुल्क नहीं लगेगा। इसके नयी बसें, जिसमें चालक को छोड़कर 42 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था हो, उससे रोड नहीं लिया जायेगा। परमिट शुल्क एक रुपये, आवेदन शुल्क एक रुपये, वाहन निबंधन शुल्क एक रुपये, आवेदन शुल्क एक रुपये, फिटनेस जांच शुल्क भी मात्र एक रुपये लिया जायेगा।

### इन रूट पर विशेष फोकस रहेगा

सुदूर ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक को जोड़ने एवं साथ ही साथ नजदीकी स्कूल, कॉलेज, उच्च शिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थान, नजदीकी मुख्य मार्ग, नजदीकी व्यवसाय केंद्र को जोड़ा जायेगा।

# पंचायत सचिवों के पास नहीं होगा एक से अधिक पंचायत का प्रभार

**पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने सभी उपायुक्तों को लिखा पत्र**

**रांची।** ग्राम पंचायत सचिवालय में पदस्थापित पंचायत सचिवों को एक से अधिक पंचायत का प्रभाव नहीं देने का निर्देश उपायुक्त को दिया गया है। इस संबंध में पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिखा है और कहा है कि आप प्रयास करें कि पंचायत में पंचायत सचिव अपना पूरा समय दें। वित्त आयोग से 650 सौ करोड़ की राशि मिलने के बाद ग्राम पंचायत में विकास से जुड़े कई कार्य बढ़ गए हैं ऐसे में पंचायत सचिवों के अतिरिक्त प्रभार में रहने की वजह से कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। पंचायती राज निदेशक में वित्त आयोग से योजनाओं की स्वीकृति भी दिलाने का निर्देश दिया है ताकि जल्द से जल्द कार्य शुरू किया जा सके। ग्राम सभा इत्यादि कर सरकार की प्राथमिकता से जुड़े हुए कार्य करने को कहा है। दरअसल राज्य में 4000 से अधिक ग्राम पंचायत हैं इनमे कई ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव अतरिक्त प्रभार पर काम कर रहे हैं। यह पाया गया है कि इससे कामकाज प्रभावित हो रहा है।

### झारखंड में लाखों भावी युवा मतदाताओं के पंजीकरण का हो रहा अनूठा प्रयास

# शिक्षा विभाग के समन्वय से राज्य में बनाये जायेंगे 9.4 लाख नये मतदाता

**प्रयास सफल रहा तो जुड़ेंगे लाखों नए मतदाता**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के विशेष प्रयास से झारखंड में नये/युवा मतदाताओं को जोड़ने के लिए अनूठी पहल हो रही है। राज्य के स्कूलों में कक्षा 11वीं और 12वीं में अध्यनरत ऐसे स्टूडेंट्स जिनकी आयु 17 वर्ष से 18 वर्ष के बीच है, उन्हें भावी मतदाताओं के रूप में चिन्हित कर उनके अग्रिम प्रीफिल्ड फॉर्म-6 भरवाये जा रहे हैं। ई-विद्या वाहिनी पोर्टल की मदद से निकाले गए आंकड़ों से 9.4 लाख भावी मतदाताओं को चिन्हित कर उनके जिलावार आंकड़े जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के पास भेजे गए हैं। यदि यह मॉडल सफल रहा तो लाखों नए मतदाता आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सीइओ ने की शिक्षा अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक



इस नयी पहल को मूर्त रूप देने के लिए शिक्षा विभाग तथा निर्वाचन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो, इसे लेकर शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों व उप निर्वाचन पदाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि वे बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अगले तीन दिन सघन अभियान चलाएं तथा राज्य के भावी मतदाताओं के अग्रिम फॉर्म जमा करवाने की सभी औपचारिकताएं पूरी करा लें।

**अभियान में दो कोटि के छात्र-छात्राएं होंगी शामिल** : इस अभियान में दो कोटि के छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है। एक वे जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूरी हो रही है, जबकि दूसरे वे जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2024 या उससे पूर्व 18 वर्ष पूरी हो जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की कि सभी लोग इस मुहिम में सर्वश्रेष्ठ कोशिश करें ताकि इन युवा मतदाताओं की मदद से राज्य के अन्य मतदाताओं के बीच भी जागरूकता का सकारात्मक माहौल बने और कोई वोटर छूटे नहीं। बताते चलें कि अभी सिर्फ झारखंड एकेडमिक काउंसिल से संबद्ध छात्रों के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही इस अभियान में सीबीएसई तथा आईसीएसई समेत अन्य शैक्षिक बोर्ड के छात्रों को भी जोड़ा जायेगा।

# केंद्र सभी धर्मों की कराये जातीय जनगणना : सुनील कुमार सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सभी धर्मों की जातीय जनगणना होना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस तरह हिंदुओं में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण के लोग आते हैं। ठीक वैसे ही मुस्लिम धर्म में भी कई वर्ण के लोग आते हैं। जिन्हें अशराफ, अजलाफ और अफजाल वर्ग कहा जाता है। यह जातियों के समूह हैं। जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं। जिस तरह हिंदुओं में स्वर्ण वर्ण में उच्च वर्ग ब्राह्मण, राजपूत, भूमिहार और कायस्थ वर्ग के लोग आते हैं। उसी तरह मुस्लिम धर्म अशराफ जाति में सैयद, शेख, पठान, मिर्जा, मुगल जैसी उच्च जातियां शामिल हैं। दूसरा वर्ग अजलाफ जाति में मध्यम वर्ग की जातियां शामिल हैं। जिसमें अंसारी, मंसूरी, राईन, कुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं। उन्होंने सनातन धर्म के लोगों को संगठित रहने की अपील की और कहा कि राष्ट्र की मजबूती के लिए सनातन धर्म व एकता काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने जातीय जनगणना को सनातनी एकता को खंडित करने का साजिश बताया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म में भी कई जातियां हैं। जो जातीय जनगणना कराना चाहते हैं, उन्हें अन्य धर्म के लोगों की भी जातीय जनगणना कराना चाहिये।

# बोरियो से कोई भी लड़े चुनाव पटखनी देंगे : लोबिन हेंब्रम

### अजय हेंब्रम बने झारखंड बचाओ मोर्चा के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा के राज्य सम्मेलन का आयोजन रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में रविवार को हुआ। इस सम्मेलन में पूरे राज्य से प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में अजय हेंब्रम को मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया, जो मोर्चा के संयोजक लोबिन हेंब्रम के पुत्र हैं।

नवनियुक्त अध्यक्ष अजय हेंब्रम ने कहा कि बहुत जल्द कार्यकारिणी की भी घोषणा की जाएगी, जिसमें आदिवासी और मूलवासी ही शामिल किए जाएंगे। संगठन को पूरे राज्य में मजबूती दी जाएगी। अजय हेंब्रम ने कहा कि जेएमएम ने राज्य की जनता से जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया। शिबू सोरेन के समय में जेएमएम नेता बनाता था, लेकिन अब जेएमएम नेता का पांव खींचता है।

मोर्चा के संयोजक और जेएमएम विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड की जनता ने बहुत उम्मीद के साथ सत्ता सौंपी थी, लेकिन इनलोगों ने झारखंड को चारागाह बना दिया है। बाहरी लोगों के लिए झारखंड के दरवाजे को खोल दिया गया है। आईएएस अफसर जेल में हैं और कई जाने वाले हैं। युवाओं को नौकरी का सपना दिखाया गया, लेकिन वे अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। सरकार स्थानीय नीति और नियोजन नीति तक नहीं बना पायी। जबकि हेमंत सोरेन ने स्थानीय नीति के कारण ही सरकार से समर्थन वापस लिया था। उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को गुमान है कि लोबिन हेंब्रम अकेला क्या करेगा और बिना तीर-धनुष के चुनाव कैसे लड़ेगा। हेमलाल मूर्मू को बोरियो से चुनाव लड़ने का निर्देश दिया गया है, तो हेमलाल हों या कोई भी, बोरियो में ऐसा पटखनी देंगे कि उठ ही नहीं पाएगा।

**सभी जिलों का दौरा करेंगे** : इस सम्मेलन में विजय शंकर नायक, सुशांतो मुखर्जी, राजू महतो, विश्वजीत शाहदेव, किनु हेंब्रम, प्रेमचंद मुर्मू, दयाल महतो, किशोर किस्कू और शिवशंकर शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर किया पलटवार

# बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से झामुमो के नेता हताश : प्रदीप वर्मा

### अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए झामुमो करता है अनर्गल बयानबाजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने सुप्रियो भप्ताचार्य को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि झामुमो बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संपन्न ऐतिहासिक संकल्प यात्रा से हताश और निराश है। उन्होंने कहा कि झामुमो अपनी खिसकते जनाधार से झामुमो परेशान है। जनता में राज्य की हेमंत सरकार की लूट, झूठ, भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न पूरी तरह उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि नाम बदलकर आदिवासियों की जमीन लूटने वाले को परेशान होना स्वाभाविक है। तुष्टिकरण से प्रदेश को अराजकता में झोंकने वाले परेशान होंगे ही। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन को किसने लूटा यह जनता को पता लग गया है। गरीबों के अनाज किसने लूटे जनता जान चुकी है। किसके राज में बहन बेटियों को टुकड़ों टुकड़ों में काटा गया, पेट्रोल छिड़क कर जलाया गया, यह जनता जान चुकी है।



उन्होंने कहा कि गो तस्करों ने दारोगा संध्या टोपनो की कुचलकर हत्या की यह जग जाहिर है। होनहार दारोगा आदिवासी बेटी रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत पर चुप्पी सबको पता है। सिदो-कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या, चाईबासा में आदिवासियों का वीभत्स नर संहार सबको पता है। उन्होंने कहा कि ईडी की जांच ने भ्रष्टाचार की कहानी खोलकर रख दी है लेकिन, फिर भी थोथी दलील देना झामुमो ही कर सकता है। झामुमो भ्रष्टाचार का अभ्यस्त हो चुका है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने योगेंद्र तिवारी मामले में कई बार कहा है कि राज्य सरकार मुकदमा दर्ज कर जांच कराये। भाजपा के जो दोषी लोग हैं, उन्हें उजागर करे, दंडित करे। लेकिन, झामुमो हिट एंड रन की पॉलिसी से बाहर नहीं निकल रही है। झामुमो के आरोपों में दम नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि योगेंद्र तिवारी की शराब घोटाले में संलिप्तता हेमंत सरकार की देन है। हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का एक नमूना है योगेंद्र तिवारी। इसपर पर्दा डालने के लिए सुप्रियो भट्टाचार्य उलूल-जुलूल बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के लिए भाजपा तैयार है। राज्य का ठगबंधन अपने पाप से ही पराजित हो जायेगा।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
30.10.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 108 | 12

**कल लांच होगा मेरा युवा भारत**




## न्यूज डायरी

### श्रीनगर में आतंकी हमले में जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी को रविवार को श्रीनगर में आतंकवादियों ने गोली मार दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गये। तत्काल उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के मुताबिक घायल अधिकारी ने दम तोड़ दिया है, लेकिन पुलिस की ओर से अभी पुलिसकर्मी के निधन की पुष्टि नहीं की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी ईदगाह मैदान में स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार दी।

### गुमला में सड़क हादसा पूर्व मुखिया पुत्र की मौत

**गुमला।** शहर के पुग्गू करमडीपा के समीप रविवार की शाम को सड़क हादसे में आंजन पंचायत के पूर्व मुखिया रंजय उरांव के पुत्र रोहित उरांव की मौत हो गयी। हादसे में मृतक का साथी दिलीप उरांव व एक अन्य युवक घायल है। घायलों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार थे और ये लोग लिटाटोली गांव से आंजन पंचायत जा रहे थे। तभी पुग्गु करमडीपा नेशनल हाइवे के समीप सामने से आ रही कार से सीधी टक्कर हो गयी।

### आज मंत्री के घर का घेराव करेंगे मनरेगाकर्मी

**रांची।** सेवा नियमितीकरण सहित 10 सूत्री मांगों को लेकर राज्यभर के करीब 5600 मनरेगाकर्मी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। अपने आंदोलन के अगले चरण में सोमवार को राज्यभर के मनरेगाकर्मी ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव करेंगे। उनकी मांगे नहीं मानीं गयीं तो 16 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे। सरकार ने उनकी मांगे पूरी करने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया जा रहा है।

### विदेशी मेहमानों ने किया रांची का भ्रमण

**रांची।** यहां चले रही महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने आये आये विदेशी खिलाड़ियों ने रविवार को रांची के बाजार का भ्रमण किया। मलेशिया और जापान के खिलाड़ी लालपुर स्थित एक मॉल में जमकर खरीदारी की। मॉल के लोगों ने विदेशी मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया। मॉल में शॉपिंग के दौरान खिलाड़ी मस्ती, मजाक के मूड में नजर आये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




मन की बात का 106वां एपिसोड झारखड व आदिवासी योद्धाओं के नाम

# हम सबके दिल में बसते हैं भगवान बिरसा मुंडा : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 106वां एपिसोड झारखंड और आदिवासी योद्धाओं के नाम रहा। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने झारखंड के सपूत भगवान बिरसा मुंडा की चर्चा करते हुए कहा कि भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने विदेशी शासन को कभी स्वीकार नहीं किया। उन्होंने ऐसे समय की परिकल्पना की थी, जहां अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी। वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता का जीवन मिले। भगवान बिरसा मुंडा हम सब के दिलों में बसते हैं।

अपने इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राम मंदिर, दिवाली और त्योहार के सीजन का जिक्र करते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं भी दी।

**आदिवासी योद्धाओं समृद्ध इतिहास रहा है :** जिसमें पीएम ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी और सिदो-कान्हू को याद किया। मन की बात कार्यक्रम यह एपिसोड, झारखंड और यहां के आदिवासी विभूतियों के नाम रहा। में पीएम मोदी ने कहा कि भारतवर्ष में आदिवासी योद्धाओं का समृद्ध इतिहास रहा है। इसी भारत भूमि पर महान तिलका मांझी ने अन्याय के खिलाफ बिगुल फूंका था। सिद्धो-कान्हू ने समानता की आवाज उठायी थी। हमें गर्व है कि जिन योद्धा टंट्या भील ने हमारी धरती पर जन्म लिया। हम शहीद वीर नारायण सिंह को पूरी श्रद्धा के साथ याद करते हैं, जो कठिन परिस्थितियों में अपने लोगों के साथ खड़े रहे। झारखंड के आदिवासी और महान विभूतियों की चर्चा करने के साथ ही पीएम ने दूसरे राज्यों के अन्य जनजातीय वीर सेनानियों का भी जिक्र किया और उनके साहस को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया।

(शेष पेज 11 पर)





### प्रकृति से सदभाव पर जोर

पीएम ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने प्रकृति के साथ सदभाव से रहने पर हमेशा से जोर दिया। आज भी हम देख सकते हैं कि हमारे आदिवासी भाई-बहनें प्रकृति की देखभाल और उसके संरक्षण के लिए हर तरह से समर्पित हैं। हम सबके लिए हम आदिवासी भाई-बहन का ये काम बहुत बड़ी प्रेरणा है। मोदी ने इस बात भी जोर दिया कि आज युवा अपने क्षेत्र की आदिवासी विविधताओं के बारे में जानें और उनसे प्रेरणा लें। पीएम ने कहा कि भारत देश हमारे आदिवासी समाज का कृतज्ञ है, जिन्होंने राष्ट्र के स्वाभिमान और उत्थान को हमेशा सर्वोपरि रखा।

### 15 को जनजातीय गौरव दिवस

जनजातीय समुदाय को लेकर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनायेगा। यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म-जयंती से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिम रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं। उन्होंने ऐसे समाज की संकल्पना की, जहां अन्याय के लिए कोई जगह नहीं थी, वे चाहते थे कि हर व्यक्ति को सम्मान और समानता का जीवन मिले।

# अब राजतिलक की तैयारी

## भारत ने इंग्लैंड को सेफा रेस से किया बाहर, जीत का छक्का

### शमी और बुमराह के तूफान में उड़ा इंग्लैंड तिगुना लगान वसूला 100 रन से हराया, अंक तालिका में फिर टाप पर

**लखनऊ।** इसीसी वनडे विश्व कप में भारत ने लगातार छठी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब राजतिलक की तैयारी करनी है। राविार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में विश्वकप के 29वें मैच में इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। टास हार कर टीम इंडिया ने पहले बैटिंग की और निर्धारित 50 ओवर 9 विकेट पर 229 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में इंग्लैंड की टीम भारत की धारदार गेंदबाजी के आगे 34.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। भारतीय तेज गंदबाज मो शमी और जसप्रीत बुमराह के आगे बिलायती खिलाड़ियों ने घुटने टेक दिये। मोहम्मद शमी ने 4 और जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट निकाले। भारत ने 30 जुलाई, 2019 के विश्व कप में भारत ने इंग्लैंड से मिली हार का यहां 2023 में तिगुना लगान वसूला। 2019 में इंग्लैंड 31 रनों से जीत गया था। वह मैच इंग्लैंड में हुआ था और अब जंग भारत में थी तो रोहित सेना ने कर दी चढ़ाई और 100 रनों से हराते हुए उस हार का सूद समेत बदला ले लिया। सूद इसलिए, क्योंकि इस हार के साथ ही डिफेंडिंग चैंपियन का सेमीफाइनल की रेस से बाहर होना तय हो गया। मैच में रोहित ने 87 रनों की पारी खेलकर भारत को 229 रनों तक पहुंचाया। इसके बाद मोहम्मद शमी (22/4), जसप्रीत बुमराह (32/3), कुलदीप यादव (24/2) और रविंद्र जडेजा (16/1) ने घातक गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को 129 रनों पर समेट दिया। **बुमराह और शमी का तूफान :** छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम के लिए जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान ने ठीक-ठाक शुरूआत दी, पर बाद में धराशायी हो गये।



### वर्ल्ड कप में कोहली पहली बार जीरो पर आउट

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विले ने विराट कोहली के लिए ऐसा जाल बुना जिसमें फंसकर वह वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार जीरो पर आउट हो गये। अबतक के सभी मैचों में उनका बल्ला आग उगलता था। डेविड विले ने विराट कोहली को बेन स्टोक्स के हाथों कैच कराकर पवेलियन लौटा दिया, जिससे लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मायूसी फैल गयी।

झामुमो ने जेपी नड्डा को दी चुनौती, तीखे सवालों के मांगे जवाब

# योगेंद्र तिवारी के खाते से बाबूलाल मरांडी को पैसा गया या नहीं, बतायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के वक्तव्य पर कड़ी टिप्पणी की है। पार्टी महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने जेपी नड्डा को श्वेत पत्र जारी कर बताने को कहा है कि शराब घोटाला के आरोपी योगेंद्र तिवारी के अधिकृत बैंक खाता से सुनील तिवारी के माध्यम से बाबूलाल मरांडी को पैसा मिला या नहीं। झामुमो ने श्री नड्डा की सभा के खाली कुर्सियों का वीडियो दिखाते हुए कहा कि वह विश्व की सबड़े बड़ी पार्टी का दावा करने वाले संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। बाबूलाल मरांडी को समझ में आती है पर उन्हें नहीं। झामुमो नेता ने कहा, नड्डा की खाली कुर्सी के बीच भाषण और सभा करने से बेहतर होता, कहीं हाट-बाजार में करा लेते। उन्होंने कहा कि बाबूलाल की संकल्प सभा विफल रही। सुप्रियो ने कहा कि यह आयोजनकर्ता की गलती नहीं है, पूरा मसला जेपी नड्डा का है, वह जिस प्रदेश से आते हैं, वहां का भी चुनाव वे नहीं जिता सकते हैं, आयेथे झारखंड में भाजपा को जिताने का रोड मैप बनाने। जेपी नड्डा द्वारा झारखंड सरकार में घोटालों के आरोप पर झामुमो ने पलटवार करते हुए भाजपा पर ही घोटाले का आरोप लगाया है।

(शेष पेज 11 पर)



### रघुवर को बचाने किया किनारा

झामुमो ने पूर्व सीएम रघुवर दास को राज्य की राजनीति से बाहर करने पर कहा कि दरअसल भाजपा अब अपने नेताओं को बचाने के लिए सेफ जोन तलाश करने लगी है। रघुवर दास को संवैधानिक पद पर बैठाना इसका प्रमाण है। रघुवर काल के जो पुराने मामले जल रहे हैं, वह चलती रहेगी, जांच में कोई आंच नहीं आयेगी। मगर हमारी सरकार बदले की भावना से कोई कारवाई नहीं करेगी।

# केरल के चर्च में धमाका, दो की मौत, 55 घायल

## एनएसजी और एनआइए की टीम जांच में जुटी, पूरे देश में हाइअलर्ट

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली ।** केरल के एनार्कुलम में ईसाइयों की प्रार्थना सभा में ब्लास्ट के दौरान दो व्यक्ति की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार धमाके में 52 लोग घायल हैं, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। धमाका के समय प्रार्थना के लिए 2000 से ज्यादा लोग मौजूद थे। घायलों में से कई लोगों की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। धमाके की जांच करने एनएसजी और एनआइए की टीम पहुंच गयी है। गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री से बातचीत करने के बाद उक्त जांच के आदेश दिये थे। इस घटना के बाद से पूरे राजधानी दिल ली समेत पूरे देश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। डॉमिनिक मार्टिन नामक एक व्यक्ति ने इस धमाके जी जिम्मेदीरी लेते हुए आत्मसमर्पण किया है।

**बड़ा खुलासा :** केरल के कलामासेरी में जमरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर में हुए बम धमाकों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। केरल के एडीजीपी (कानून और व्यवस्था) एमआर अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स डॉमिनिक मार्टिन ने त्रिशूर ग्रामीण के कोडाकरा पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि शख्स ने दावा किया है कि यह धमाके उसी ने किये हैं। उसने दावा किया है कि वह उसी सभा के एक समूह से जुड़ा है।

(शेष पेज 11 पर)



### चश्मदीदों का दावा- तीन से चार धमाके हुए

चश्मदीदों ने दावा किया है कि प्रार्थना सभा में एक के बाद एक करके चार धमाके हुए। स्थानीय लोगों ने बताया है कि कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज आखिरी दिन था। धमाका के समय हॉल में दो हजार से अधिक लोग मौजूद थे।

### यूपी में हाई अलर्ट कई लोगों पर नजर

केरल में धमाके के बाद से यूपी में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। केरल कट्टरपंथी से जुड़े लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। साथ ही इजरायल-फिलिस्तीन प्रदर्शन करने वालों पर नजर रखी जा रही है। यूपी एसटीएफ और सभी जिलों की पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है। साथ ही इजरायल-फिलिस्तीन से जुड़े विरोध प्रदर्शन पर और पैनी नजर रखने के निर्देश दिये हैं।

# 15 नवंबर से गरीबों को एक रुपये किलो मिलेगी दाल

## 65 लाख गरीबों को पीडीएस दुकानों से फ्री मिल रहा चावल, धोती, साड़ी, लुंगी के बाद अब दाल देने की योजना

सुधीर

**रांची।** राज्य के 65 लाख गरीबों को अब नून भात नहीं खाने होंगे। उन्हें राज्य की पीडीएस (सरकारी राशन डीलर) दुकानों से चावल के साथ दाल भी मिलेगा। सरकार की ओर से चावल मुफ्त में दिये जा रहे हैं, वहीं राज्य के गरीबों को एक रुपये प्रति किलो चना दाल मिलेगा। इस योजना का लाभ राज्य के गरीबों को 15 नवंबर से मिलने लगेगा। राज्य के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से राज्य के गरीबों को दाल देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

**खर्च होंगे 55 करोड़ रुपये :** इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 55 करोड़ रुपये के व्यय का प्रस्ताव है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने झारखंड के गरीबों को दाल देने के लिए 8600 टन चना का आवंटन दिया है। राज्य सरकार की ओर से इसे मिलिंग के लिए नेफेड के पास भेज दिया गया है। यहां से दाल तैयार कर राज्य खाद्य निगम के गोदामों से होते हुए राज्य के पीडीएस डीलरों के माध्यम से गरीबों को दिया जायेगा, ताकि वह दाल-भात का स्वाद ले सकें।

**धोती-साड़ी के बाद अब दाल देने की तैयारी :** राज्य की हेमंत सरकार ने राज्य के 65 लाख गरीबों के लिए सोना सोबरन योजना के तहत मुख्यमंत्री धोती, साड़ी और लूंगी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत राज्य के गरीबों को 10 रुपये में धोती, साड़ी और लूंगी (साड़ी के साथ धोती या लूंगी, दोनों में एक) दिया जा रहा है।



### नेफेड से हो रहा है करार

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से राज्य के गरीबों के बीच दाल वितरण योजना को 15 नवंबर से शुरू करने की तैयारी है। इससे पहले नेफेड से एमओयू की प्रक्रिया चल रही है। इसे लेकर राज्य सरकार की ओर से कवायद शुरू कर दी गयी है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े लगभग 65 लाख लाभुकों को प्रति परिवार प्रतिमाह एक रुपये की अनुदानित दर से एक किलो दाल वितरण की योजना है। इस अधिनियम के तहत झारखंड में अंत्योदय अन्न योजना, पीएचएच और ग्रीन कार्डधारी आच्छादित हैं।

# दो पैसेंजर ट्रेनें भिड़ीं, 6 की मौत, अनेक घायल

### डिब्बे एक दूसरे पर चढ़ गये, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

एजेंसी

**विजयनगरम।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में रविवार रात दो पैसेंजर ट्रेने आपस में टकरा गयीं। इस भीषण में अब तक छह लोगों की मौत हो गयी। कई यात्री घायल हैं। एक गाड़ी की तीन बागी पटरी से उतर गयी। हादसे के कारण ट्रेन की बोगियां एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गयीं। हादसे की जानकारी ही मौके पर बचाव और राहत दल घटनास्थल पर पहुंच गया। आसपास के लोगों की मदद से राहत-बचाव कार्य जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे का मंजर देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है।



(शेष पेज 11 पर)

स्पीड न्यूज

### अर्पण परिवार सुदूर ग्रामीण संग मनायेगा दिवाली

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था अर्पण ने प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी दीपावली, छठ महापर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा जैसे त्योहारों में किये जाने वाले सेवा कार्यों को सफल बनाने के हेतु तैयारी बैठक बुलाई। बैठक में संस्था के सदस्यों ने सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया। दीपावली में प्रत्येक वर्षों की भांति बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव में जरुरतमंद परिवारो के बीच दीवाली एवं काली पूजा हेतु पूजन सामग्री, बच्चों के बीच नए कपड़े, गर्म कपड़े, पटाखे, मिठाई एवं अनेक प्रकार के उपहार प्रदान किए जाएंगे। छठ महापर्व के अवसर पर प्रत्येक वर्षों की भांति जमशेदपुर के दर्जन भर घाटों पर छठ व्रत धारियों एवं श्रद्धालुओं के बीच सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से शिविर लगाएं जाएंगे। कार्तिक पूर्णिमा में प्रत्येक वर्षों की तरह स्वर्णरेखा नदी के घाट पर श्रद्धालुओं के बीच अन्न दान (भोग) एवं अन्य सामग्री का सेवा प्रदान किया जाएगा। इस बैठक का संचालन जूगुन पांडे ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बिभाष मजुमदार ने किया, बैठक में महेश मिश्रा, तरनप्रीत सिंह खनूजा, विक्रम ठाकुर एवं अन्य ने अपने अपने विचार रखे। इस बैठक में मुख्य रूप से अखिलेश पांडेय, प्रिंस सिंह, दीपू कुमार, घनश्याम भिरभरिया, मनीष सिंह, संतोष यादव, बिट्टू मिश्रा, कौशिक प्रसाद, सुमन कुमार, सूरज बाग, शेखर मुखी, धीरज चौधरी, सरबजीत सिंह टॉबी, सौरव चटर्जी, सनोज चंद्र, शुभम लाल, विकास गुप्ता, सुदेश मुखी, बिट्टू मुखी, राजू कुमार, सूरज चौबे, मनू ढोके, मनोज हलदर, शुरू पात्रों, सूरज पाल, समर झा, हर्ष मूनका, शुभम, लख्खीकांतो घोष, विक्रम सिंह, प्रशनजीत महतो, राकेश भूमिज, विवेक मिश्रा, रामा राव, प्रणय दास, प्रवीण कुमार एवं अन्य सदस्यों ने सम्मिलित होकर सेवा कार्यों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### सीतारामडेरा में पूर्व मंत्री कार्तिक उरांव की 99 वीं जयंती मनायी



जमशेदपुर। रविवार को महान शिक्षाविद सह पूर्व मंत्री भारत सरकार पंखराज बाबा कार्तिक उराँव जी 99 वी जयन्ती का आयोजन आदिवासी उराँव समाज समिति, पुराना सीतारामडेरा की ओर से किया गया। सर्वप्रथम अतिथियो द्वारा उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। उसके बाद उनकी जीवनी बताई गई उसके बाद समाज में उत्कृष्ट कार्य करने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब विलक्षण प्रतिभा के धनी थे एक साधारण परिवार में जन्म लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर विदेश में पढ़ाई की एवं सफल इनजिनयर बने बाद में उन्होंने सामाजिक उत्थान हेतु राजनीति में भी आए एवं भारत सरकार के मंत्री के रूप में योगदान दिया। इस अवसर पर समाज के सभी लोगों के उनके बताए हुए आदर्श एवं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अन्त में सभी लोगो के बीच लड्डू वितरण किया गया एवं सभी लोगों से अपील किया गया कि संध्या में सभी अपने घर के बाहर दीया जलाये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीतारामडेरा थाना प्रभारी भूषण कुमार, विशिष्ट अतिथि स्वर्गीय बुधन तिर्की की धर्मपत्नी शान्ति तिर्की उपस्थित थी जबकि सम्मानित अतिथि के रूप में राकेश उरांव,जुगल बरहा, राज लकड़ा, गोमिया सुंडी,बुधु खालखो, शम्भू मुखी, नन्दलाल पातर, राजश्री नाग,सुरा बिरुली,निकिता सोय, उपेन्द्र बानरा,रवि स्वया, दुर्गा मनी बोइपाय,राजन कुजूर, किशोर लकड़ा,बबलू खालखो, जीतू खालखो, अमरदीप तिर्की, बहादुर कच्छप,लखन कुजूर, उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत मे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समाज द्वारा मिली कुजूर, तानिया कुजूर,सुहाना कुजूर,आदिति तिर्की, दीपू कच्छप,आंचल तिर्की, नैना मिंज,प्राची तिर्की, शिल्पी मिंज,आर्ची लकड़ा,नंदनी टोप्पो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामू तिर्की ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन शम्भू मुखी ने किया।

# 19 नवंबर को श्रीराम मंदिरम में होगा 110 साठ वर्षीय जोड़ों का री मैरेज

### तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर झारखंड श्रीवारि सेवा संघ कर रहा आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड श्रीवारि सेवा संघ आगामी 19 नवंबर को षष्ठी पूर्ति विवाह समारोह का आयोजन करेगा। इस समारोह में 60 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके बुजुर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी का पुनर्विवाह कराया जाएगा। बता दें कि तेलुगु समाज में यह एक आदिकाल से चलती आ रही परंपरा है।

यह पहला मौका है जब तिरुपति बालाजी मंदिर के बाहर कोई तेलुगू संस्था षष्ठी पूर्ति विवाह समारोह का आयोजन करने जा रही है। उक्त जानकारी झारखंड श्रीवारि सेवा संघ के अध्यक्ष एवी अप्पा राव ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री राम मंदिरम,बिष्टुपुर में



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते एवी अप्पा राव व सहयोगी पदाधिकारी।

आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संघ के महासचिव जी गोपाल कृष्णा, पीआरओ के साईं राम, सह सचिव पीएस शिव शंकर और कोषाध्यक्ष के वेंकट राव के अलावा अन्य सहयोगी पदाधिकारी एवं सदस्य महिलाएं उपस्थित थे। अप्पा राव ने बताया कि भागदौड़ की इस जिंदगी में नई पीढ़ी अपने बुजुर्गों की खुशियों वाले कार्यक्रम का आयोजन करना भूल रही है। ऐसे में झारखंड श्रीवारि सेवा संघ ने तय किया कि क्यों ना तिरुपति बाला जी मंदिरम की तर्ज पर जमशेदपुर में भी उन बुजुर्गों का सामूहिक पुनर्विवाह समारोह का आयोजन किया जाए जो अपनी उम्र कम से कम 60 वर्ष पूरी कर चुके हैं और उनकी पत्नी जीवित हैं। अध्यक्ष अप्पा राव ने बताया कि सामूहिक पुनर्विवाह षष्ठीपूर्ति पेल्ली समारोह में विजाग के पार्वतीपुरम से पुजारी आ रहे हैं जबकि तमाम पूजन सामग्री श्री तिरुपति बालाजी मंदिरम से मंगाया जा रहा है।

अप्पा राव ने बताया कि इस बार संस्था ने 110 षष्ठी पूर्ति वाले जोड़ों का विवाह करने का संकल्प लिया है और इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 3000 रुपये रखा गया है जबकि इसी समारोह के लिए प्रति जोड़े तिरुपति जी मंदिर में 86000 रुपये चार्ज किए जाते हैं। श्रीवारि सेवा संघ संस्था के महासचिव जी गोपाल कृष्णा ने बताया कि 3000 रुपये रजिस्ट्रेशन पर षष्ठी पूर्ति विवाह वाले जोड़े के अलावा दो अन्य लोग को कूपन प्रदान किया जाएगा जबकि इसके अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 200 रुपये का कूपन अलग से लेना होगा।

झारखंड श्रीवारि सेवा संघ के प्रवक्ता के साईं राम ने बताया कि हमारे अध्यक्ष श्री अप्पा राव जी विगत 11 वर्षों से षष्ठी पूर्ति विवाह समारोह की परिकल्पना किए बैठे थे जिसे अब साकार किया जा रहा है। तेलुगु में विवाह समारोह को पल्ली कहा जाता है। तेलुगु समाज में बुजुर्गों की उम्र 60 वर्ष होने पर ऐसा माना जाता है कि आप वह पुनर्जीवन को प्राप्त किए हैं इसलिए बेटे-बेटियां, पोते-पोतियां,बेटी - दामाद और भाई बंधु पूरे उत्साह के साथ अपने अभिभावक की षष्ठी पूर्ति विवाह समारोह का आयोजन करते हैं।

यह एक परिवारिक विवाह समारोह होता है जिसमें तमाम परिवार के सदस्य गण और रिश्तेदार उपस्थित होकर विवाह उत्सव की खुशियां मनाते हैं। के साईराम ने बताया कि षष्ठी पूर्ति विवाह समारोह तिरुपति बालाजी के आशीर्वाद से ही संभव हो पता है अन्यथा इस उम्र तक आते-आते जोड़ों में से कोई न कोई स्वर्ग सिधार चुका होता है।

इसलिए षष्ठी पूर्ति पेल्ली उन 60 वर्षीय बुजुर्गों के लिए आयोजित किया जाता है जिनकी धर्मपत्नी जीवित हो। श्रीवारि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अब तक अधिकांश जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। अगर नाम तेलुगू 60 वर्षीय जोड़े चाहे तो वह भी यहां पुनर्विवाह समारोह का हिस्सा बन सकते हैं और वैदिक रीति से अपना पुनर्विवाह कर सकते हैं। पंजियन के लिए मोबाइल नंबर 7903757907/8709303839 / 9523952549 और 9430738192 पर संपर्क किया जा सकता है।

### द सफायर टाउनशिप लांचिंग समारोह में नागपुरी गीत गाकर महफिल लूट ले गई अक्षरा सिंह

# मोर अठरह बरस हो गेलक रे... शादी कराई दे.... जोड़ी चुमाई दे



सेक्सोफोन पर तराने छेड़ती लिपिका सामंता।



द सेफायर प्रोजेक्ट को लांच करने पहुंची अक्षरा सिंह के साथ निदेशक राजेश सिंह व भारती सिंह।



लांचिंग समारोह में मुस्कान बिखेरती सिने तारिका अक्षरा सिंह।

## सेक्सोफोन प्लेयर लिपिका सामंता ने भी बॉलीवुड धूनों पर झुमाया

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** समय होम्स का महत्वकांक्षी सैटलाइट टाउनशिप द सेफायर की धमाकेदार लॉन्चिंग रविवार की पूर्वान्ह 11:00 आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र से सटे सात बहनी साइट पर की गई। सिने तारिका सह भोजपुरी लोक गायिका अक्षरा सिंह ने इस प्रोजेक्ट को लॉन्च किया ।

इस अवसर पर समय होम्स के निदेशक राजेश सिंह और उनकी धर्मपत्नी भारती सिंह के अलावा परिजन, शुभचिंतकगण, गणमान्य आमंत्रित व संभावित ग्राहक उपस्थित थे। लांचिंग साइट पर बने मंच पर पहुंचते ही सिने तारिका अक्षरा सिंह ने जोहार जमशेदपुर.... जोहार झारखंड, सब ठीक बा नू....कहकर उपस्थित जनों एवं अपने प्रशंसकों का अभिवादन किया तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

अक्षरा सिंह ने द सेफायर टाउनशिप की डिजाइन और उसकी गुणवत्तापूर्ण निर्माण को मुक्त कंठ से सराहा और कहा कि यह प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद निश्चित रूप से जमशेदपुर का जीवन स्तर और उन्नत करने में यह योगदान सुनिश्चित करेगा। बता दें कि 8 एकड़ भूखंड पर वन भूमि के पार्श्व में बन रहे द सेफायर टाउनशिप का सबसे बड़ा आकर्षण 200 मीटर की ऊंचाई पर बनने वाला 1.2 किमी लंबा स्काई वॉक सुविधा के अलावा निर्माण तकनीक में शेयरिंग वॉल टेक्नोलोजी है।

अन्य सुविधाएं तो हैं हीं। लांचिंग समारोह में अक्षरा सिंह ने कहा कि वह कुछ अंतराल पर जमशेदपुर आ रही हैं और यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। इसके बाद अक्षरा सिंह ने बॉलीवुड और क्षेत्रीय गीतों की प्रस्तुति देकर सबका दिल जीत लिया। अक्षरा ने गाया.... हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम...आपका मुस्कुराना गजब हो गया। इसके बाद नागपुरी गीत मोर अठरह बरस हो गेलक रे... शादी कराई दे.... जोड़ी चुमाई दे जैसे गीत को गाकर अक्षरा ने महफिल को जवान बना दिया।

अक्षरा के गीतों के बाद महफिल में रंग जमाने आईं कोलकाता की मशहूर सैक्सोफोन प्लेयर मिस लिपिका सामंत ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने मंच पर मुद्दत हिन्दी फिल्म का मशहूर गीत....प्यार हमारा अमर रहेगा... को बजाते हुए मंच पर एंट्री ली तो पूरा महफिल मुग्ध सा हो गया। इसके बाद लिपिक ने हिंदी फिल्म कयामत से कयामत तक का गीत....ऐ मेरे हमसफर... और फिर डिस्को डांसर हिंदी फिल्म की सबसे हिट गीत ....याद आ रहा है तेरा प्यार को प्रस्तुत किया। करीब 3.30 घंटे तक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। और इस तरह दे सेफायर की लॉन्चिंग बहुत ही शानदार रही और आगंतुक नाश्ते और दोपहर के भजन के पश्चात मीठी यादों के साथ विदा हुए।

## टाटा मोटर्स अस्पताल में ईलाजरत मिथलेश के घर दिन दहाड़े हुई लाखों की चोरी



**जमशेदपुर।** मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकोसाईं रोड नंबर 5 और 3 के बीच में मिथिलेश सिंह के घर दिनदहाड़े चोरों ने पूरे घर को खंगाल कर लगभग आठ लाख रु के घरेलु समान,जेवर ,चांदी के सिक्के लेकर रफू चक्कर हो गए । चोरों को भागते हुए सीसीटीवी कैमरा में देखा जा सकता है । शंकोसाईं रोड नंबर 5 और 3 के बीच में रहने वाले मिथिलेश सिंह का टाटा मोटर्स कंपनी के बाय सिक्स कर्मचारी हैं वें 27 अक्टूबर से अस्पताल में ऑपरेशन करने हेतु भर्ती है अस्पताल में भर्ती रहने के कारण घर में मौजूद पत्नी और दोनों बच्चों को उन्होंने मायके भेज दिया था । आज अचानक मिथिलेश सिंह के पड़ोसी ने लगभग दोपहर को 1:30 बजे मिथिलेश के मोबाइल में फोन कर बताया कि आपके घर से चोर चोरी कर भाग रहे हैं । मिथिलेश ने मजबूरन टाटा मोटर्स अस्पताल से छुट्टी लेकर जब घर आकर देखा तो पाया कि उनके घर के जितने अलमारी थे सभी को तोड़ दिया गया है बॉक्स पलंग में रखे सारे बर्तन चोर लेकर भाग गए हैं हद तो तब हो गई जब चोरों ने घर में लगे हुए पंखे के साथ-साथ बिजली के वायरिंग को भी काट कर ले गए । मिथिलेश ने मामले की सूचना उलीडीह थाने में दिया लेकिन तीन घंटा बीत जाने के बाद थाने का कोई भी पदाधिकारी मिथिलेश के घर में सुध लेने नहीं आया मिथिलेश ने मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दिया।

## दो वर्ष के बच्चे को तालाब में डूबा डाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। लौहनगरी में दैनिक वैवाहिक जीवन में किचकिच का शिकार एक मासूम को होना पड़ा है। मासूम के पिता ने पत्नी के कलह से तंग आकर गुस्से में दो वर्षीय बच्चे को तालाब में डूबा कर मार डाला। घटना परसूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत खखड़ीपाड़ा गांव की है। परसूडीह पुलिस के अनुसार आज 29 अक्तूबर को सूचना प्राप्त हुई कि गोविंदपुर खखरीपाड़ा में एक दो साल के बच्चे को उसके पिता के द्वारा ही अपने घर के पास के तालाब में डुबाकर हत्या कर दिया गया है। सूचना के सत्यापन के क्रम में घटनास्थल पर पहुंचने पर यह बात सामने आई की उक्त बच्चे के पिता अजय नमाता के द्वारा ही अपने बेटे को तालाब में डुबाकर हत्या कर दी गई है। तथा बच्चे के पिता ने भी खुद इस बात को स्वीकार किया है




कि उसी ने अपनी पत्नी तथा बच्चे से तंग आकर अपने बेटे को तालाब में डूबा कर हत्या कर दिया है। अग्रिम कार्रवाई हेतु अजय नमाता, पिता सुधांशु नामाता, स्थाई पता गोपालपुर कटिन पड़ा, थाना घाटशिला जिला जमशेदपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चाकुलिया : पहाड़ पर स्थित घाघरा गांव डॉ दिनेशानंद ने लगवाया हेल्थ कैंप

शिविर में 7 डॉक्टरों ने किया 382 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के पहाड़ पर स्थित तथा पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती गांव घाघरा में आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में 7 अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा 382 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह प्रदान किया गया। चिकित्सकों के परामर्श पर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान किया गया। शिविर में रक्त जांच तथा रक्तचाप जांच की निःशुल्क व्यवस्था थी। पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों ने नेत्र रोगियों का नेत्र जांच किया तथा 23



मोतियाबिंद से ग्रस्त नेत्र रोगियों का आयुष्मान भारत योजना के तहत पूर्णिमा नेत्रालय में निःशुल्क आपरेशन कराया जायेगा। भारत सरकार के प्रमुख उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग से प्रमुख स्वयं सेवी संस्था सिटिजन्स फाउंडेशन के द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ गोस्वामी के सौजन्य से विगत 2 वर्षों के दौरान बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित होने वाला यह 47 वां स्वास्थ्य शिविर था। इन स्वास्थ्य शिविरों में 20 हजार से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं। जंगलों से आच्छादित इस गाँव के ग्रामीणों में स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को लेकर खासा उत्साह था। ग्रामीणों ने कहा कि डॉ गोस्वामी के सौजन्य से आजादी के बाद पहली बार पहाड़ पर स्थित इस गांव में वृहत आकार का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया शिविर का उद्घाटन : पंचायत प्रतिनिधियों एवं गण्यमान्य नागरिकों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर स्वास्थ्य शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाना स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य है । स्वस्थ जीवन मनुष्य का सबसे बड़ा सम्पत्ति है । उन्होंने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। कार्यक्रम को मुखिया जादुनाथ हेम्ब्रम, पंचायत समिति सदस्य मोहिनी मोहन महतो, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रंगलाल महतो, देवेन्द्र नाथ महतो, सुरेश सिंह, विमल कुमार महतो, दिलीप कुमार महतो, देवाशीष मंडल, महादेव महतो, सरोजीत गोप, लखिन्दर कपाट, चंडी चरण मुंडा, शत्रुघ्न मुंडा, मणिन्द्र नाथ महतो ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिसाधन मल्लिक ने किया। स्वास्थ्य शिविर में इन डॉक्टरों ने किया मरीजों का स्वास्थ्य जांच :डॉ किरण सिंह, डॉ मानवेन्द्र बासु, डॉ नीरज मिश्रा, डॉ प्रकाश राय, डॉ शान्तनु महापात्रा, डॉ दर्प मिश्रा तथा पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकगण। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में इनका रहा प्रमुख योगदान : चित्तरंजन महतो, मोहित महतो, शिलादित्तय महतो, मंगल सिंह, उत्तम सिंह, सुब्रत मुंडा, बिष्णु सिंह, गोबिंद मांडी, गया किशोर सिंह, सनातन मुंडा, सहदेव सिंह, नकुल सिंह, पार्वती मुंडा, नीलम सिंह, रूमा सिंह, बसंती सिंह, राजकुमार महतो, राम चंद्र सिंह, चिरंजीत सिंह, बंदना महतो, दादुराम मांडी, चंदन मुर्मू, दिलीप महतो, बिरेन पातर, दिवाकर सिंह, बिमल महतो, कल्पना सिंह, सरला सिंह, ऊषा मुंडा, अनीता सिंह, बिनीता सिंह, प्रतीम सिंह, वासुदेव सिंह, शत्रुघ्न मुंडा, मानिक गोप, ललित महतो आदि।

## खबर एक नजर में

### एमआईजी मैदान में हुआ काली पूजा पंडाल का भूमिपूजन



भूमि पूजन करते जियाडा के एमडी प्रेम रंजन, अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, अमरप्रीत काले, राजेश सिंह बम व अन्य।

**आदित्यपुर।** एमआईजी मैदान, आदित्यपुर-2 में काली पूजा पंडाल के निर्माण हेतु भूमिपूजन रविवार शाम संपन्न हुआ। मौके पर एसिया के पूर्व अध्यक्ष सह ऑटो कलस्टर के प्रबन्ध निदेशक एस एन ठाकुर, प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, आर के सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय सिंह, भाजपा नेता शिवशंकर सिंह, कर्नर आर पी सिंह तथा उपेन्द्र शर्मा अतिथि रुप से उपस्थित थे। यहाँ श्रीश्री सार्वजनिक काली पूजा कमिटी के द्वारा वर्ष-1988 से प्रतिवर्ष पूजा समारोह आहूत किया जाता है। कमिटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पूजा पंडाल का उदघाटन आगामी 11 नवंबर को शाम 6 बजे केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। जबकि 14 नवंबर को संध्या 7 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें मशहूर गायिका अनुपमा यादव और प्रियंका सिंह भाष्कर के द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर एनके तनेजा, नरेन्द्र चौधरी, रमण कुमार, काली पांडेय, दिवाकर झा, प्रभात कुमार सिंह रिंकू, राजेश चौधरी, समरेन्द्र प्रताप सिंह, सतीश शर्मा, कुमुद रंजन, रविन्द्र सिंह, विजय सिंह, अमरनाथ ठाकुर, लक्ष्मण प्रसाद राय, आलोक श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, सुमित कुमार, राकेश कुमार प्रधान, शैलेश सिंह, मुकुल दास, बीरेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पटमदा : कुमीर पंचायत में कुड़माली भाषा सिखानत कुंबा कोचिंग उद्घाटित



**जमशेदपुर।** जनजाति भाषा कुड़माली भाषा को विस्तार करने के लिए आज कुमीर पंचायत के कुमीर निवासी जयदेव महतो का घर में कुड़माली भाषा सिखानत कुंबा के तरफ से एक कोचिंग सेंटर का उद्धघाटन किया गया। कोचिंग में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा के रूप में कुड़माली, संथाली एंव क्षेत्रीय जनजाति भाषा को विस्तारीकरण करते हुए पठन-पाठन के सदर्भ में तथा झाड़खंड सरकार के विभिन्न प्रतियोगिता में रिक्तियों की परीक्षा में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा को अनिवार्य कर दिया गया तथा अपना संस्कृति, लोक कथा, लोक गीत, लोक साहित्य, पुरखानी परम्परा एवं भाषा की रक्षा हेतु पटमदा कुड़माली भाषा सिखानत कुंबा की ओर से कोचिंग सेंटर खोला गया है। कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दिया जाएगा। सिकनात कुंबा की और से सुधांशु बानूआर ने संबोधित करते हुए कहा कि सिकनात कुंबा कोचिंग सेंटर ने नई पीढी एवं क्षेत्रीय भाषा में बच्चों को शिक्षित करने के लिए सही मार्गदर्शन फ्री कोचिंग के माध्यम से बच्चों की स्कूली शिक्षा को मजबूत करते हुए बच्चों को जागृत करने के लिए संगठन का सबसे सुदृढ़ है। इस अवसर पर विश्वनाथ महतो, चंदन महतो, सुधांशु बानूआर, जयदेव महतो, कृतिवास महतो, किरीटी महतो, जयद्रथ, गौतम, महेश्वर, हरिपद एंव छात्र-छात्रा आदि उपस्थित थे।

### टेल्को कालोनी में 22 फीट कालीपूजा कमेटी का भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर।** रविवार को टेल्को यंग बॉयज क्लब 22 फीट काली पूजा कमिटी के पूजा का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन में कमिटी के सभी मेम्बर के साथ साथ अचिन्ताम गुप्ता (केन्द्रीय दुर्गा पूजा अध्यक्ष), समाजसेवी शिव शंकर सिंह, शशि शेखर सिंह, आशुतोष सिंह व सन्नी सिंह शामिल हुए।

### डोबो क्षेत्र में 5 फरवरी से आयोजित होगा सप्ताहव्यापी शिव पुराण कथा



**जमशेदपुर।** श्री त्रिकालदर्शी सेवा समिति जमशेदपुर झारखंड के तत्वाधान में आयोजित निशुल्क शिव महापुराण कथा आगामी 05 से 11 फरवरी 2024 तक डोबो क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय कथावाचक परम पुज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी सीहोर वाले , मध्यप्रदेश के पावन श्रीमुख से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन सुनिश्चित होना तय हुआ है। इसमें लाखों की संख्या में भक्तगण एवं श्रद्धालुओं के उपस्थित होने की संभावना हैं। उक्त बातें रविवार को चित्रगुप्त भवन में आयोजित आम सभा सह बैठक में कार्यक्रम के समन्वयक धर्मेंद्र कुमार ने दी। कार्यक्रम का सफल संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन समिति के समन्वयक धर्मेंद्र कुमार ने किया। धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल डोभो में विस्तृत तैयारी चल रही है। बैठक में इसको लेकर आम जन मानस एवम सभी धर्म प्रेमी भाईयो और बहनों ने अपनी राय दी। तत्पश्चात और लोगों को इसमें जोड़ने की भी राय दी गई। समिति के द्वारा मुख्य रुप से बहुत सारी समाज सेवी संस्थाओं ने आगे आ कर मदद करने के बात कही गई। संस्था की सचिव रंजीता कुमारी वर्मा ने आज विस्तार पूर्वक कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शशांक शेखर, बिजेंद्र कुमार, जसपाल सिंह, रंजीता कुमारी वर्मा, संगीता कुमारी, शंकर रेडी, मनीष पांडे, बिनोद राय, तन्मय झा, बिनोद गुप्ता, अनिल तिवारी, मनोज कुमार गिरि, संतोषी साहू, सरदार सोनू सिंह, राजेश कुमार शुक्ला, लालबाबू व अन्य लोग उपस्थित थे।

### जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज को स्वन्त्र इकाई घोषित करने की तैयारी शुरु

जमशेदपुर। कोल्हान विश्वविद्यालय के अधीन संचालित जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के स्वतंत्र इकाई करने के मांग को लेकर कॉलेज के छात्र अमर कुमार तिवारी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को शिकायत किया था। उसमें बताया गया की शून्यकाल के दौरान विधानसभा में विधायक सरयू राय के द्वारा कॉलेज को स्वतंत्र इकाई घोषित करने की मांग की गई थी, उसके उपरांत भी अभी तक विधि कॉलेज को स्वतंत्र इकाई घोषित नहीं किया जा रहा है। इसके संबंध में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मनुवर आलम द्वारा 26 अक्टूबर को जवाब आया कि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव विधि महाविद्यालय, जमशेदपुर को अंगीभूत महाविद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव गठित की गई है। बता दे कि जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के स्वतंत्र इकाई नहीं होने के कारण कॉलेज मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह रहा है और बार काउंसिल आफ इंडिया की तरफ से स्थाई मान्यता नहीं मिल रही है इस संबंध में झारखंड उच्च न्यायालय मे भी याचिका दायर की गई है।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में किसानों को दी गयी ट्रेनिंग



**रामगढ़।** प्रभारी उप परियोजना निदेशक-सह-प्रखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा दिनेश कुमार रजवार की अध्यक्षता में रविवार को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बारलौंग पंचायत के पंचायत भवन में एक्सटेंशन रिफोर्म्स (कृषिन्नोति योजना) के तहत अन्तरूजिला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम केन्द्रीय वर्षाश्रित ऊपरी भूमि चावल अनुसंधान केन्द्र, हजारीबाग, के कृषि विशेषज्ञ पंकज कुमार सिंह द्वारा किसानों को मृदा नमूना संकलन की विधि, मृदा परीक्षण के लाभ, रबी कालीन सब्जियों में रोग एवं जैविक कीटनाशी बनाने हेतु प्रबंधन एवं प्रयोग की विधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर आत्मा रामगढ़ के चंद्रमौली ने उपस्थित सभी को केन्द्र और राज्य सरकार के द्वारा संचालित कृषि एवं संबंद्ध विभागों की योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर समेकित पोषक तत्व प्रबंधन, मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाने अथवा पोषकता बनाए रखने के लिए एवं समेकित नाशी जीव प्रबंधन, नाशी जीवों के नियंत्रण हेतु आईएनएम /आई पीएम का लाभ लेने के लिए उपस्थित किसानों के बीच आवेदन -प्रपत्र का वितरण किया गया।

### आंदोलनकारी कल डीसी को देंगे ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में रविवार को झारखंड सरकार द्वारा चिन्हित अलग झारखंड राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलनकारियों को 15 नवंबर तक हर हाल में आंदोलनकारी का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करें। अन्यथा आंदोलन की रणनीति तैयार किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर को आंदोलनकारी रामगढ़ उपयुक्त से मिलकर मांग पत्र सौपेंगे। इस दौरान रामगढ़ जिला के सभी झारखंड आंदोलनकारियों से 31 अक्टूबर को 11 बजे उपायुक्त कार्यालय पहुंचने की अपील की गई। बैठक में कुलदीप मेहता, संजय मिश्रा, मुन्ना श्रीवास्तव, अकबर खान, आजाद अंसारी, जमीर खान आदि शामिल थे।

### ब्रह्म मुहूर्त में खुला छिन्नमस्तिका मंदिर



**रजरप्पा।** चंद्रग्रहण के पश्चात रविवार अहले सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में शुद्धिकरण के बाद मां छिन्नमस्तिका मंदिर की कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया. रविवार को मंदिर के आचार्यों द्वारा माँ भगवती को विशेष स्नान करवाया गया। इसके बाद विशेष श्रृंगार करने के बाद दैनिक पूजा अर्चना शुरू हुई। पुजारी लोकेश पंडा एवं छोटू ने बताया कि रविवार को सुबह शुद्धिकरण करने के बाद मंदिर ब्रह्म मुहूर्त में खुला और सभी पूजाएं संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि चंद्रग्रहण पर स्नान और दान का विशेष महत्व है। इस दौरान श्रद्धांलूओं ने दामोदर-भैरवी में डुबकी लगाकर कतारबद्ध होकर माँ छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बताते चले कि साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण 28 और 29 अक्टूबर की मध्यरात्रि को लगी. चंद्रग्रहण को लेकर शनिवार को रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिके मंदिर के कपाट सायंकालीन आरती के पश्चात बंद कर दिए गए थे।

### कुजू में भक्ति जागरण आयोजित



**कुजू।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दिगवार द्वारा शनिवार की रात्रि भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथी के रूप में शामिल झारखंड सरकार के पूर्व भू- राजस्व मंत्री मथुरा प्रसाद की सुपुत्री प्रिया देवी ने दीप जलाकर किया। मौके पर प्रिया ने कहा कि देवी- देवताओं के स्तुति से श्रद्धालुओं के अंदर भक्ति का संचार होता है। जागरण में पवन सारेगामा जागरण मंडली ग्रुप रजरप्पा के कलाकार पवन कुमार, अखिलेश वर्मा एवं गायिका स्वीटी राज, खुशबू विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत भजन तथा दुर्गापुर से आए राजू हलचल ग्रुप के कलाकारों ने विभिन्न देवी देवताओं की जीवंत झांकी प्रस्तुत कर लोगों का खूब मन मोहा। जागरण का संचालन मनोज गिरी ने किया। जागरण को सफल बनाने में वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, रमाशंकर महतो, दिवाकर गिरी, द्वारिका प्रसाद भंडारी,जगदीश महतो, चंदन कुशवाहा, अजय कुशवाहा, विजय गिरी, अनुपम गिरी, रवि कुशवाहा, दशरथ महतो, पन्नालाल गिरी, बालेश्वर कुशवाहा, विशेश्वर प्रसाद, किसुन महतो, राहुल गिरी, रामचंद्र महतो, विनोद प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, कुलदीप दादू, शशिकांत गिरी, टेकू राम, सुरेंद्र कुमार, संजय साव, राजू राम समेत काफी संख्या में लोग शामिल है।

# बरही में सूर्य मंदिर समिति ने छठ को लेकर की बैठक

## बरहीडीह नदी में घाट का जल्द होगी सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता




**बरही।** बरहीडीह स्थित सूर्यमंदिर प्रांगण में सूर्यमंदिर समिति के अधिकारियों व सदस्यों ने ग्राम प्रधान नागेश्वर प्रसाद केसरी की अध्यक्षता में स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। बैठक में सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष सह सूर्य मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया समशेर आलम, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सूर्य मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष राजसिंह चौहान व मुखिया समशेर आलम ने संयुक्तरूप से बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पर्व बरही के प्राचीन बरहीडीह नदी में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसके तहत छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस सबंध में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी जिम्मेदारियों को पूरी जबावदेही के साथ पूर्ण करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही समिति एवं समाज के गण्यमान्य लोग प्रशासनिक पदाधिकारियों से मिलकर छठ पूजा पर्व से उन्हें अवगत करवाया जाएगा। बताया कि जल्द ही छठ नदी के आस-पास सफाई अभियान चलाया जाएगा।सूर्य मंदिर निर्माण समिति के लोग शेष मंदिर का निर्माण काम में लगेंगे। पूरे बरहीडीह नदी पर बेहतर लाइटिंग के साथ साज सज्जा किया जाएगा।

वहीं पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने कहा कि नदी का चौड़ीकरण व जमीन अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर उपायुक्त व मुख्यमंत्री के नाम पत्राचार कर चुंका हूँ। साथ ही छठ घाट सूर्य मंदिर से आंगनबाड़ी 3 तक रोड बनाने पर भी चर्चा हुआ। मौके पर कैलाशपति सिंह, राजवंशी सिंह, आदित्य कुमार, विराज प्रजापति, कुलदीप कुमार केशरी, देवेंद्र प्रजापति, लोकेश ठाकुर, पिंटू कुमार, मुकेश राम, प्रवीण सिंह, उमेश ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# नाले में गिरी कार, चालक की मौत और महिला गंभीर

## कुजू में बोंगावार फोरलेन पर हुआ हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता







**कुजू।** ओपी क्षेत्र के नीम टोला बोंगावार फोरलेन सड़क के समीप रविवार को एक अनियंत्रित कार आठ फीट गहरे नाले में जा गिरी। जिससे कार चालक की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि सवार महिला गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज रिम्स में चल रहा है। जानकारी के अनुसार महेशरा झुमरा हजारीबाग निवासी अंशु मिश्रा (30) रांची एग्जाम देने के लिए आल्टो कार से चालक सूरज प्रजापति (26) के साथ रांची जा रही थी। बोंगावार फोरलेन नीम टोला के पास चालक ने कार पर अपना नियंत्रण खो दिया। जिसके बाद असंतुलित कर पास के आठ फीट गहरे नाले में जा गिरी। इस दौरान चालक सूरज प्रजापति ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, कार में फंसी महिला को पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। जिसे इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गम्भीर रूप से घायल अंशु को रिम्स रांची रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि आल्टो कार संख्या जेएच 02एक्स-7474 के चालक सूरज प्रजापति पिता सुखदेव प्रजापति के साथ महेशरा झुमरा हजारीबाग निवासी 30 वर्षीय अंशु मिश्रा पिता परिमल मिश्रा रांची एग्जाम देने के लिए जा रही थी। इसी बीच नीम टोला बोंगावार के पास चालक ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और कार नाले में जा गिरा। जिससे चालक की मौत घटना स्थल पर हो गयी। जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। बाद में पुलिस ने क्रेन से कार को बाहर निकाला।

### पत्नी ने पति की खोजबीन के लिए पुलिस से लगायी गुहार



**कुजू।** सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट रांची रोड में काम करने वाला कर्मी संतोष यादव पांच दिनों से लापता है। 25 अक्टूबर की शाम 7 बजे संतोष ड्यूटी से घर लौटा था। आधे घंटे बाद वह किसी को बिना कुछ बताए घर से निकल गया, अब तक घर वापस नहीं आया। पत्नी शोभा देवी ने बताया कि रिश्तेदारों में खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कुजू पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है।

### अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक

कुजू। सीसीएल करमा परियोजना में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक हुई। बैठक में महामंत्री सतीश सिन्हा, तिवारी महतो व रामभजन लाल महतो शामिल हुए। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने व कोयला मजदूरों की समस्या के निराकरण को लेकर संघ की शाखा कमेटी गठन पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति राय बनाते हुए करमा परियोजना शाखा कमेटी का गठन किया गया। इसमें संजय राम अध्यक्ष, सुखदेव कुमार व पोखलाल मुंडा उपाध्यक्ष, अनिल कुमार सचिव, कामेश्वर तूरी व सुनील मांझी सहसचिव, कैलाश राणा कोषाध्यक्ष, हेमंत कुमार सहकोषाध्यक्ष बनाया गया है।

# सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी दुर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातुन पत्तल बेचने आने वाले दर्जनों गरीब महिला-पुरूषो और बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद और डब्लू सिंह ने दर्जनों गरीबों के बीच पूरी सब्जी और जलेबी का वितरण किया। बताया गया की स्वर्गीय रत्नेश्वर प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र जितेंद्र मंडल एवं पोत्र ऋषभ रत्न के सौजन्य से गरीबों को भोजन कराया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि धनंजय प्रसाद ने कहा गरीब जगतमंदों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए इसे नेक पहल बताया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह बताया कि पिछले आठ वर्षो से समाज के लोगो के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है। जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, डॉ जयश्री मेहता रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, लखन राम, राकेश शर्मा, कमलेश कुमार, राजेश शर्मा, ईशा गिल, कन्हैया कुमार, संजू सिन्हा रंजीत यादव, राजेश श्रीवास्तव, गोल्डी कुमार, मोहम्मद मुमताज, परमजीत कौर, सुनीता कौर, ईशा गिल, रमेश सोनी आदि का विशेष योगदान रहा।

### निशि पांडेय बनीं भारतीय जनतंत्र मोर्चा की महासचिव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी सह पतरातू निवासी निशि पांडेय को भारतीय जनतंत्र मोर्चा का महासचिव बनाया गया है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मोर्चा का संगठनात्मक विस्तार करते हुए निशि पांडेय को महासचिव, पंचानन सिंह को उपाध्यक्ष व सोमेन दत्ता को सचिव बनाया है। निशि पांडेय को महासचिव बनाये जाने पर मोर्चा के सरंक्षक सरयू राय ने कहा है की निशि पांडेय के नेतृत्व में मोर्चा न केवल बड़कागांव क्षेत्र बल्कि पूरे राज्य में मजबूत होगी।वहीं धर्मेंद्र तिवारी ने भी उम्मीद जताई है की निशि पांडेय मोर्चा को मजबूती प्रदान करते हुए इसका और विस्तार करेंगी। इधर महासचिव बनने के बाद निशि पांडेय ने कहा कि सौंपे गए दायित्व को ईमानदारी पूर्वक निभाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर मोर्चा को और मजबूत बनाना मेरा लक्ष्य होगा।निशि पांडेय के महासचिव बनने पर निशांत सिंह, रामगढ जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, रमाशंकर पांडेय उर्फ नुनु पांडेय, नितेश ओझा, असगर अंसारी, श्याम महतो, गोलू आदि ने हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

# वैश्य मोर्चा का सदस्यता अभियान एक दिसंबर से



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित पंचायत भवन में शनिवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन बीरेन्द्र कुमार (गोला) ने किया। बैठक में मुख्य रूप से हीरानाथ साहु (कांके), मोहन साव (गोमिया), रामसेवक प्रसाद (बरकट्ठा), मिथिलेश कुमार (बड़कागांव), परशुराम प्रसाद (रांची), दिनेश्वर मंडल (तेनुघाट), राजेश्वर साव (होसिर), राजेंद्र मंडल (विष्णुगढ़), लखन अग्रवाल (गोला), जगदीश साहु (लोहरदगा) उपस्थित थे। बैठक सदस्यता अभियान, केंद्रीय समिति के गठन एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर रखी गई थी। उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आम लोगों के लिए एक दिसंबर से वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जायेगा और 30 जनवरी तक 50 हजार नये सदस्य बनाये जायेंगे। बैठक में तय किया गया कि इससे पहले केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा 5 नवंबर को रांची में केंद्रीय समिति की घोषणा की जायेगी। जिसका शपथ ग्रहण 17 नवंबर को रांची में कराया जायेगा। तत्पश्चात जिला और प्रखंडों में सम्मेलन करा कर कमिटियों का गठन किया जायेगा। साहु ने कहा कि सामाजिक लड़ाई लड़ने के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है। संगठन तभी मजबूत होता है, जब गांव स्तर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। हर वर्ग के लोगों को जोड़ा जाएगा। साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा के प्रभाव से सरकार और राजनीतिक दल अपनी नीतियों में बदलाव लाने लगे हैं। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और जाति आधारित जनगणना इसका जीता जागता उदाहरण है। लेकिन समाज को भी एक कदम आगे बढ़कर वैश्य मोर्चा का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम बड़ी लड़ाई की घोषणा करेंगे। इसके पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मुकेश लाल सिंदूरिया द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर बोकारो के जिला अध्यक्ष राजकुमार मंडल, निवर्तमान केंद्रीय संगठन सचिव राजेश्वर साव, राजाराम प्रसाद, रामेश्वर मंडल, सदस्य कृष्णा प्रसाद साहु, रामेश्वर प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया, अशोक साव, मोहित प्रसाद, ज्योति प्रसाद, गीता देवी, कुसुमलता देवी, जीरा देवी सहित मोर्चा के कई लोग मौजूद थे।

**मोर्चा के प्रभाव से सरकार और राजनीतिक दल नीतियों में बदलाव लाने लगे हैं : महेश्वर साहु**

## एक नजर में

### बरही में कई मतदान केंद्रों का सहायक निर्वाचक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**बरही।** क्रिस्टीना रीचा इंदवार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण करने हेतु मतदान केंद्र संख्या-317, 318, 319, 320, +2 उच्च विद्यालय बरही, 335 नव प्राथमिक विद्यालय जारहिया एवं 332, 333 राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव पर जाकर वहां उपस्थित बी०एल०ओ० को प्रपत्र 6, 7 एवं 8 को अविलंब ऑनलाइन करने तथा मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं रंगीन फोटोग्राफ से प्रतिस्थापन करने का निदेश दिया गया। उनके द्वारा सभी बी.एल.ओ. को बताया गया कि जो भी फॉर्म भरा हुआ उपलब्ध है उसे दो दिनों के अंदर इंट्री किया जाय। साथ ही दिनांक 30.10.2023 से द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर नया फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। संबंधित हाई स्कूल के प्राचार्य से वर्तमान मे अध्ययनरत 17-18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का प्रपत्र-6 नामांकन पंजी के आधार पर भरवाने का निर्देश दिया गया। उनके साथ जेपीएस सांवना मांझी भी मौजूद थे।

### वन पर्यावरण मेला की 20वीं वर्षगांठ



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के भेलवारा स्थित जमुनियां नदी के उदगम स्थल पत्थरचुआं वन मे वन व पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर पेड़ों मे रक्षाबंधन की गई इस तरह का आयोजन 20 वर्षों से ग्रामीण मानते आ रहें है। कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलित कर किया गया` वहीं लोगों ने वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ पौधों को बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन रक्षाबंधन के निमित लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर हॉस्पिटल चौक से भेलवारा के पत्थरचुआं तक पदयात्रा निकाला , कार्यक्रम मे एंबिशन पब्लिक स्कूल के अलावे भेलवारा, महुवाटांड़ विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागीयो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एपीसीसीएफसीएफ हजारीबाग आरसीसीएफ महेंद्र प्रशाद पश्चिमी जिला परिषद सदस्य दीपिका कुमारी चंद्रनाथ पटेल,मुखिया लक्ष्मी कुमारी,पूर्व जिला परिषद सदस्य यसोदा देवी,पूर्व जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश पटेल, इको वन समिति के अध्यक्ष दुष्यंत कुमार,संतोष कुमार महतो,तुलसी पटेल खुबलाल भारती गंगाधर कुमार महतो समेत कई लोग शामिल हुए।

### बहेरा में वन प्रबंधन समिति का चुनाव स्थगित

**चरही।** पंचायत बहेरा में रविवार को वन प्रबंधन समिति सदस्य की ग्राम सभा का आयोजन किया गया था।यह ग्राम सभा वन समिति की चुनाव को लेकर रखी गई थी। ग्रामीणों की संख्या कम होने के कारण स्थगित किया गया। अगली तिथि एक नवंबर को समय 11:00 बजे बहेरा पंचायत भवन में निर्धारित गई। है। इसी दिन वन प्रबंधन समिति के सदस्यों का गठन करने का निर्णय गया है।इसकी जानकारी बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के द्वारा दिया गया।इस मौके पर बहेरा पंसस शक्ति देवी,वनकर्मी, विकास सिंह,प्रदीप लकड़ा,संतोष राय,राजन कुमार महतो,जितेंद्र राय,महादेव रविदास, प्रदीप सिंह, उमेश रविदास, चोला महतो, रिंकू रविदास, बंसी महतो, दीपक महतो, बालको देवी, कलावती देवी ,नागिया देवी मौजूद थे।

### दारू बीडीओ ने बूथ का किया निरिक्षण

दारू। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के मतदान बूथों का निरिक्षण किया। मतदाता सूचि के प्रकाशन के बाद अब बूथों पर बैठकर बीएलओ द्वारा सूचि में त्रुटि को लेकर दावा आपत्ति दर्ज किया जा रहा है। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा की निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मस्दाता सूचि के प्रेक्षण व दावा सम्बन्धी कार्य अभी चल रहा है जिसकी अंतिम तिथि 9 दिसंबर है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि मतदान संबंधी संपूर्ण प्रक्रिया में अपनी भागीदारी दिखाए। बीडीओ ने कन्या मध्य विद्यालय दारू, मध्य विद्यालय हरली सहित कई अन्य बूथों का निरिक्षण किया। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा जिस सूची का आधार पर लोकसभा चुनाव संपन्न होगा। निरिक्षण के दौरान प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी रबिन्द्र कुमार, सुपरवाईजर और कई बूथों पर बीएलओ मौजूद थे।

### बड़कागांव में काली पूजा समिति का गठन

**बड़कागांव।** काली पूजा,दीपावली एवं सोहराय मनाने को लेकर काली पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामसेवक सोनी ने किया। बैठक में काली पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया, सर्व समिति से अध्यक्ष रामेश्वर राम,सचिव देवनारायण राम,कोषाध्यक्ष संजय कुमार रवि को चुना गया। रामस्वरूप सोनी ने कहा कि काली पूजा, दीपावली पर्व सोहराय पर्व शांति एवं भाईचारगी का पर्व है।इस पर्व में हम सभी एकता का परिचय दें। मौके पर मुखिया रंजीत कुमार मेहता,पसस रितेश ठाकुर,रामपति राम,बृजेश सोनी,लखन विश्वकर्मा, आदित्य प्रजापति, घनश्याम जायसवाल,सुकेश कुमार,आकाश कुमार,मेवालाल नाग,पिंटू गुप्ता, चंदन गुरु,सज्जन कुमार,रामचंद्र राम,अनु विश्वकर्मा,तीजन राम,शंभू चौरसिया, रघुनाथ राम, दिलीप महतो,सनी कुमारआदि उपस्थित थे।

### 1.2 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

हजारीबाग। कटकमसांडी थाना पुलिस ने रविवार को तस्करी के एक तस्कर को 1.2 किग्रा अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर मो. मिनहाज चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र दर्जी बिगहा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अफीम तस्कर अफीम की खरीद बिक्री करने के उद्देश्य से बंझिया मोड़ के पास एकत्रित होने वाले है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने से उसे पकड़ा जा सकता है। सूचना पर डीएसपी (मुख्यालय) के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने कार्रवाई करते हुए बंझिया मोड़ के पास मो. मिनहाज को खदेड कर पकड लिया गया एवं उसके पास से एक लाल गमछी में प्लास्टिक के अन्दर हुए 1.2 किग्रा अफीम बरामद किया।

**शपथ-पत्र**

मैं शपथ पूर्वक कहता हूं कि मैं मो अबरार अली, पिता गुलजार अली, ग्राम: हुआग, पोस्ट: बलसगरा,थाना: मांडू, जिला: हजारीबाग का रहनेवाला हूं।
मेरे आईसीआईसीआई प्रूडेसिंयल लायफ इंश्यूरेंस में मेरे नाम की पॉलिसी नंबर 09912664 में मेरा नाम मो अबरार दर्ज है। जो की गलत है।
मो अबरार अली और मो अबरार दोनो एक ही व्यक्ति हैं, जो की मैं स्वयं हूं।
उपरोक्त कथन पूरी तरह सत्य है।

**शपथ-पत्र**

मैं भगवती देवी, पति शिव कुमार साहनी शपथ पूर्वक बता रही हूं की मैं शास्त्री नगर नईसराय रामगढ़ की रहनेवाली हूं। भूलवश मेरे डाकघर बचत खाता संख्या 0985343622 में मेरा नाम भगीया देवी व पति का नाम शिव कुमार सोहनी हो गया है।
भगवती देवी और भगीया देवी दोनो एक ही महिला का नाम है, मैं स्वयं हूं।
शिव कुमार साहनी और शिव कुमार सोहनी दोनो एक ही व्यक्ति हैं, जो मेरे पति हैं।

## स्पीड न्यूज

### युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस ने शव को किया कब्जे में

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के पलमा कोठा टोली में योगेंद्र उरांव ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि योगेंद्र उरांव के फांसी लगाये जाने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया है। वहीं मामले की छानबीन की जा रही है। इस संबंध में मृतक के पिता भादो उरांव ने बताया कि योगेंद्र का लंबे समय से पेट दर्द अचानक शुरू होता था। जब भी उसका पेट दर्द शुरू होता था वह मानसिक संतुलन खो देता था और कहने लगता था कि अब वह जिंदा नहीं रहेगा। इसी तरह पिछले शुक्रवार को योगेंद्र का पेट दर्द शुरू हुआ इसके बाद वह अपना मानसिक संतुलन खोते हुए कहने लगा कि अब वह नहीं बचेगा। वह फांसी लगा लेगा। इसके बाद शुक्रवार की देर शाम 7:00 बजे वह घर से बाहर कहीं चला गया। जिसके बाद काफी खोजबीन की गई। उसका पता नहीं चल सका। वहीं शनिवार को देर दोपहर बरगद के पेड़ में उसके शव को लटकता देखा गया। इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। देर शाम शनिवार को शव को घाघरा थाना लाया गया।

### जनजातीय समाज के उत्थान के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे बाबा कार्तिक उरांव: डॉ. अशुतोष

**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गुमला इकाई के द्वारा रविवार को जनजातीय समाज के प्रेरणा पुरुष पंखराज कार्तिक उरांव की जयंती मनायी। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला परिसर में मौजूद उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया गया। के ओ कॉलेज गुमला के भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी परिषद गुमला जिला प्रमुख डॉ. आशुतोष कुमार एवं महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रो .जी भवानी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि डॉ. कार्तिक उरांव जनजातीय समाज के अधिकारों की लडाई के अग्रदूत और वनवासियों की बुलंद आवाज थे। स्वर्गीय कार्तिक उरांव को जनजातियों का धर्म , संस्कृति और परंपराओं को बचाने के लिए उनके सबसे महत्वपूर्ण योगदान के रूप में सदैव याद किया जाता है। भारत के जनजातीय समाज के उत्थान के लिए वे आजीवन प्रतिबद्ध रहे एवं उनके धर्म एवं संस्कृति की बाहरी आघातों से रक्षा के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। मौके पर सहायक प्राध्यापक वरुण तिवारी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुशिल तिर्की, सूरज कुमार, कार्तिक उरांव, जागृति पंडा, रूचिका गुप्ता, खुशी कुमारी, स्नेहा कुमारी चांदनी कुमारी शुभम कुमार और अन्य परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जारी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जारी।** जारी थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में एक अभियुक्त गोविन्दपुर निवासी राजु कुम्हार पिता साधु कुम्हार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं एक अन्य आरोपी गोविंदपुर निवासी अल्ताफ खान पिता गफूर खान फरार है। जारी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि गोविन्दपुर गांव निवासी मोजम अंसारी पिता जहीर अंसारी ने थाना को लिखित आवेदन देते हुए बताया था कि 26 अक्टूबर को आरोपियों के द्वारा मेरे घर के आंगन में रखे उसके बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल और 4 सेनेटरिंग प्लेट की चोरी कर ली थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू कुम्हार को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरे साथी अल्ताफ खान के साथ मिलकर मोटरसाइकिल और सेनेटरिंग प्लेट की चोरी की है और उसे जशपुर के दिपु मनिहार के कबाड़ी दुकान में भेज दिया है। जिसके बाद पुलिस ने कबाड़ी दुकान से मोटरसाइकिल और सेनेटरिंग प्लेट को जब्त करते हुए आरोपी राजू कुम्हार को जेल भेज दिया। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। छापामारी दल में मुख्य रूप से जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार, सअनि विनोद शर्मा सहित थाना के जवान मौजूद थे।

### चेकडैम से शव बरामद

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के सीकरी गांव के शंकर नाला में बने चकडैम से जारी पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार सुबह जब ग्रामीणों शौच के लिए शंकर नाला की तरफ गये तो देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसकी सूचना तुंरत जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक को दिया गया। वही दिलीप ने जारी थाने को खबर किया। सूचना पर जारी थाना के पुअनि अंकु कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचें और शव को अपने कब्जे में लेकर छानबिन किया तो पता चला की मृतक सीसी करमटोली पंचायत के जरमना निवासी पौलिश तिर्की उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्गीय फ्रांसिस तिर्की है। मृतक पॉलिश तिर्की किसी काम से सीकरी आया था। वापस आने के क्रम में यह घटना हुआ। वही शव को पी.एम. के लिए गुमला भेज दिया गया।

### उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**गुमला।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के निमित्त चल रहे स्पेशल कैंप का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के द्वारा 68 गुमला (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 153 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तेलगांव, 157 एवं 158 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यलाय करौन्दा में आयोजित विशेष कैम्प का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ उपस्थित पाये गये। उपायुक्त ने बताया कि दिनांक 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत एक जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए सभी अर्हता प्राप्त व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में प्रपत्र 6 के माध्यम से दर्ज की जा रही है। प्रपत्र 8 के माध्यम से ब्लैक एण्ड व्हाईट फोटो, क्षतिग्रस्त एवं प्लास्टिक लेमिनेटेड एढक्ठ कार्ड को रंगीन फोटो के द्वारा प्रतिस्थापन का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ के द्वारा द्वितीय चरण का घर घर जाकर छूटे हुए मतदाता एवं मृत मतदाता का सत्यापन किया जा रहा है एवं दिनांक 04 नवंबर एवं 05 नवंबर को विशेष अभियान दिवस में सभी मतदान केन्द्रों में बीएलओ द्वारा उपस्थित रहकर दावा एवं आपत्ति संबंधी आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला, अनुमण्डल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 68-गुमला (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रखण्ड विकास पदाधिकारी -सह- सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, गुमला उपस्थित थे।

# स्व. कार्तिक उरांव को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह नहीं मिल पाया : पद्मश्री अशोक भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में शामिल पद्मश्री अशोक भगत, अरूण उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव व अन्य

**गुमला।** पंखराज साहेब स्व. कार्तिक उरांव की 99 वीं जयंती पर रविवार को उनके पैतृक गांव गुमला सदर प्रखंड के लिट्टा टोली में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा स्व. कार्तिक उरांव की प्रतिमा व समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देकर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत, कोषाध्यक्ष महेंद्र भगत, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भाजपा नेता व स्व. कार्तिक उरांव के दमाद डॉ. अरूण उरांव आदि शामिल हुए। मौके पर पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि आजादी के बाद देश के म हापुरूषों का जीवन चरित्र लोगों के सामने आना था वह नहीं आया और उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाया। महापुरूषों ने केवल पॉलटिक्स नहीं किया उन्होंने समाज सुधार का भी काम किया। स्व. कार्तिक उरांव बहुत ही बडी-बड़ी डिग्री धारक थे। आदिवासी समाज के लोग उन्हें भगवान मानते थे। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए उन्होंने अनेकों कार्य किये। दुनिया में आदिवासी समाज का मान बढ़ाया। लेकिन जो सम्मान कार्तिक उरांव को मिलना था वह नहीं मिल पाया। स्व. कार्तिक उरांव के द्वारा आदिवासी समाज के लिए किये गये कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के अगुवा रहे स्व. कार्तिक उरांव ने उनके उत्थान के लिए अपना सारा जीवन न्यौछावर कर दिया। भाजपा नेता डॉ. अरूण उरांव ने कहा कि स्व. कार्तिक उरांव के सपनो को साकार करना हम सभी का कर्तव्य है।

## कार्तिक उरांव की जीवनी को पाठ्य पुस्तक में शामिल करे सरकार : सुखदेव भगत

**गुमला।** आदिवासियों के मसीहा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव के 99 वीं जयंती के अवसर पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने रविवार को कांग्रेसियों के साथ गुमला के लिट्टा टोली पहुंचकर स्वर्गीय कार्तिक उरांव के प्रतिमा एवं उनके समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व विधायक श्री भगत ने कहा कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव का जन्म लिट्टा टोली में हुआ था। वे एक गरीब परिवार में जन्मे थे। वे बचपन से कुशाग्रबुद्धि के थे। वे विदेश में जाकर शिक्षा ग्रहण किये थे। उनके पास एमएससी (इंजी)लंदन, बीएससी पटना,एआरसीएटी ( ग्लास्को ),ए एमआईसी (इंजी) लंदन ,ए एम आई स्ट्रक्ट इजी लंदन, ए एम एस सी ई( यूएसए) सी ई लंदन, डिप्टी चीफ इंजीनियर डिजाइनर एचईसी रांची सहित अनेक डिग्रियां थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू से प्रभावित होकर वे राजनीतिक में आए थे। वे लोहरदगा से सांसद बनकर केंद्रीय मंत्री बने थे। कार्तिक उरांव आदिवासी समाज के उत्थान के लिए पूरे देश के आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किए थे। जिसके लिए उन्होंने अखिल भारतीय विकास परिषद का गठन किया था। जिनकी शाखाएं पूरे देश में है। वे एक सफल राजनेता अभियंता के साथ-साथ झारखंड आंदोलन के सूत्रधार के रूप में अग्रणी भूमिका निभाये थे। झारखंड सरकार को राज्य के पाठ्य पुस्तक में स्वर्गीय कार्तिक के जीवनी को शामिल करना चाहिए ताकि बच्चों को उनके द्वारा पढ़ाई के प्रति समर्पित एवं देश एवं समाज के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ किये गए कार्यों से प्रेरणा मिले।



जयंती पर स्व. कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

# आदिवासी त्योहारों एवं परंपराओं में जतरा का विशेष महत्व : रामेश्वर

**खबर मंत्र सावंददाता**



कार्तिक उरांव को नमन करते मंत्री

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह मंत्री राज्य के वितमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सदर प्रखंड स्थित ग्राम हिरही पहुंच स्वर्गीय कार्तिक उरांव जयंती हिरही जतरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मंत्री का स्वागत आदिवासी संस्कृति रितिरिवाज ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत किया गया । मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आदिवासी त्योहारों एवं परम्पराओं में जतरा का विशेष महत्व है। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न अवसर पर जतरा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आदिवासी भाई बहन जतरा स्थल पर मिलते हैं और पर्व के रूप में मनाते हैं। इससे सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। हमे अपने पूर्वजों की देन को परिरक्षण करना चाहिए। स्वर्गीय कार्तिक उरांव एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान एवं विकास के लिए अनेकों कार्य किया और देश भर में एक नई पहचान दिलाने का कार्य किया वे सम्पूर्ण समाज के मार्गदर्शक थे। उन्हें उनकी कर्तवयनिष्ठता के बदौलत पंखराज की उपाधि से नवाजा गया उनके जीवन और और आदर्शो को हमे अपनाना चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद , ,जलेश्वर उरांव, चमरा उरांव, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, महासचिव असलम अंसारी, ऐनुल अंसारी, सुशील उरांव, नारायण उरांव, कुलदीप खाखा, संजू तुरी, फूलदेव उरांव, बुद्धिमान उरांव, बुधन उरांव, बजिया उरांव, मंजू उरांव, रमिया उरांव आदि उपस्थित थे।

## शरद पूर्णिमा के अवसर पर टीनटांगर में इंद पूजा सह मेला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



इंद पूजा सह मेला का उदघाटन करते अतिथि

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत टीनटांगर गांव में शरद पूर्णिमा के अवसर पर इंद पूजा सह मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बलराम रौतिया के नेतृत्व में जगन्नाथ पूजा समिति के द्वारा भगवान इंद्र की पूजा कर क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान श्रद्धालु भक्तों ने इंद्रदेव से अच्छी बारिश के साथ अच्छी फसल की भी कामना की। इसके बाद रात्रि में मेला सह रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुम के जिला उपाध्यक्ष सह बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी वर्षा व अच्छी फसल के उपज के लिए भगवान इंद्र की पूजा हमारे टीनटांगर गांव में वर्षों से की जा रही है। हमारे पूर्वजों की परंपरा को आज भी बरकरार रखा गया है। मंच संचालन कर रहे वशिष्ठ नायक ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इंद पूजा समिति के अध्यक्ष जयविलास नायक ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### महर्षि वाल्मीकि सम्मान 2023 से डॉ दीपक प्रसाद सम्मानित

**गुमला।** बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ दीपक प्रसाद सहायक आचार्य कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के बीएड संकाय में पिछले 2016 से परफॉर्मिंग आर्ट (नाट्य कला) विषय विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। वे पिछले 26 वर्षों से रंगकर्म, अभिनय, निर्देशन लेखन, पत्रकारिता एवं शिक्षण- शिक्षा, समाज सेवा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देते आ रहे हैं। डॉ दीपक अपने झारखंड राज्य के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी रंगमंच की प्रस्तुति करते रहे हैं। विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में अपनी प्रतिभा का जोहर दिखा चुके हैं। डॉ प्रसाद कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने व्याख्यान दे चुके हैं। इनका शोध आलेख देश एवं अंतरराष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। उनकी बहुमुखी प्रतिभा को सराहते हुए गुरु फाउंडेशन रोहतक के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती 2023 के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अद्वितीय सेवा प्रदान करने हेतु महर्षि वाल्मीकि सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।

## सरना धर्म छोड़ ईसाई बने एक परिवार के लोगों ने पुन: सरना धर्म अपनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पूजा पाठ के साथ परिवार के साथ बंधन उरांव वापस लौटा सरना धर्म में

**घाघरा।** नाथपुर गांव में सरना धर्म छोड़ 15 वर्ष पूर्व ईसाई धर्म अपनाये बंधन उरांव व पत्नी शीला देवी अपने पूरे परिवार के साथ घर वापसी करते हुए रविवार को पूजन कार्यक्रम के उपरांत सरना धर्म में घर वापसी किया है। इस दौरान दर्जनों की संख्या में सरना धर्मावलंबी पहान राजेंद्र उरांव व पुजार मारवाड़ी उरांव के नेतृत्व में बंधन व उसके पूरे परिवार को पुनः सरना धर्म में घर वापसी कराया। इस संबंध में बंधन से पूछने पर उन्होंने कहा घर में बीमारी से वे सभी परेशान थे। इस दौरान ईसाई धर्म मानने वाले लोगों ने हमें बरगलाकर कहा कि ईसाई धर्म अपनाने से सारा दुख दूर हो जाता है। जिसके बाद से हम सभी ईसाई धर्म अपना लिए थे। ईसाई धर्म अपनाने के तुरंत बाद से ही हमें यह पाप के जैसा लगने लगा था कि हमने बहुत बड़ा पाप किया है। जिसके बाद से हम सभी पुनः अपने गांव में घर वापसी की बात कही। जिसके बाद पूरे सम्मान के साथ हमें घर वापसी कराया गश। हम सभी अपने पूर्वजों के धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म में परिवर्तित हुए थे अब ऐसा कभी नहीं होगा। इस अवसर पर बिनोद उरांव, विनय उरांव, बेनाम उरांव, सिभनाथ उरांव, जसराम उरांव, सुशील उरांव, बुधमनिय देवी, झाड़ियों देवीज सुखइन देवी, पुरबिला देवी, रानी देवी, तेतरी देवी, अमृता देवी, आश्रिता देवी, दुलइर देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आजसू व झापा बीजेपी के एजेंट के रूप में कर रही है काम, आदिवासी रहे सावधान : भूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक भूषण तिर्की

**चैनपुर।** संत कैथोलिक चर्च टोंगो एवं भीखमपुर मैदान में रविवार को करमा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांव से पहुंचे ग्रामीणों ने संस्कृत नाच- गान प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण तिर्की शामिल हुए। झारखंडी परंपरा को बचाए रखने के लिए विधायक भूषण तिर्की ने 25 खोड़ा दल के बीच मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया। वही भीखमपुर में 20 खोड़ा दल को मांदर एवं नगाड़ा प्रदान किया। मौके पर विधायक श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को बचाने का यह एक मंच है। जबकि गुरु जी की अगुवाई में जल जंगल जमीन की रक्षा हेतु लड़ाई लड़ी गई। आज इसी बात को बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन आदिवासियों को बचाने के लिए सरना कोड विधानसभा से पारित कर बीजेपी के केंद्र सरकार को भेजे हैं। लेकिन बीजेपी केवल आदिवासियों को ठगने का काम किया है। केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीवादियों की सरकार है। केवल धार्मिक अपवाद फैलाने का काम करती है। चैनपुर में दो पार्टी आजसू एवं झारखंड पार्टी बीजेपी का एजेंट बनकर काम कर रही है और हमारे भोले भाले आदिवासी जनता को बरगलाने व ठगने का काम कर रही है।

### जतरा हम झारखंडियों की पहचान है : नीरू शांति भगत

**लोहरदगा।** स्वर्गीय कार्तिक उरांव जयंती जतरा हिरही 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शान्ति भगत,रांची डीएसपी संजीत भगत,महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता देवी,केंदीय प्रवक्ता अंजू देवी,लोहरदगा प्रखंड सचिव हेमंती देवी शामिल हुए।मौके पर नीरू शान्ति भगत ने कहा कि जतरा हम झारखंडियों की पहचान है ये राष्ट्रीय धरोहर है, हमे इसे आगे भी बनाए रखना है, कार्तिक उरांव ने हमारी आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रबल करने के लिए लोगो को हमेशा शिक्षा व अपनी आदिवासी संस्कृति को लेकर आगे बढ़ने का उद्देश्य दिया। केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी ने कहा जब हमारे दादा कमल किशोर भगत जब इस धरती पर थे वे हमेशा अपनी आदिवासी संस्कृति को लेकर बहुत ही गंभीर रहते थे,आज उन्ही की दी हुई उत्साह लोगो में देखने को मिलती है। जिसे लोग अपने यहा आए मेहमानों से मिलते है वा अपने गांव वा शहर की बातो को रखते है।

### पारा शिक्षिका का पद त्याग कर खेती कार्य से जुट कर समाज को दे रही है प्रेरणा संगीता केरकेट्टा

# ड्रैगन फ्रूट की खेती से कर रही है हजारों की कमाई

**रोशन शाहदेव**



खेती की जानकारी देते संगीता

**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिले में अब पारंपरिक खेती के साथ साथ विदेशी खेती ड्रैगन फ्रूट की खेती देखने को मिल रही है। लोहरदगा की रहने वाली संगीता केरकेट्टा रोजगार के क्षेत्र में झारखंड सरकार के द्वारा वेकेंसी नहीं निकाले जाने से परेशान होकर पारा शिक्षक का पद छोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए पिछले दो साल से इंटरनेट पर देखकर ड्रैगन फ्रूट की खेती कर स्वरोजगार से जुड़ी हुई है। ड्रैगन फ्रूट की खेती करने के लिए उद्यान विभाग की ओर से प्रशिक्षण देकर पौधा दिया गया था जिससे कम लागत पर लाखो रुपए की कमाई उन्हे होने वाली है। ड्रैगन फ्रूट की खेती करके एक महिला ने यह साबित कर दिया है कि लोहरदगा की मिट्टी में सिर्फ धान की खेती ही नहीं बल्कि सुपर फ्रूट की भी बढ़िया फसल उगाई जा सकती है। संगीता केरकेट्टा एक पड़ी लिखी एम ए बीएड शिक्षित महिला है जिन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती करने का निर्णय लिया और उद्यान विभाग से जुड़कर खेती शुरू कर दी फिलहाल संगीता 1 लाख रुपए लगाकर 50 डिसमिल में यह खेती कर रही है जिसमे उन्हें अछिबकमाई के साथ-बढ़िया मुनाफा हो रहा है। उनका मानना है कि आने वाले वर्षों में उन्हें इसकी खेती से लाखो रुपए का मुनाफा होगा। संगीता बताती हैं लोहरदगा में जहां किसान बरसात में धान के खेती करके साल भर उसी पर आश्रित रहते है वहीं वो ड्रैगन फ्रूट की खेती कर अपनी आय में चारगुना बढ़ोतरी कर सकते हैं। इस फल की खेती में बहुत कम पानी की जरूरत होती है और एक बार फल तैयार होने के बाद ड्रैगन फ्रूट के पौधे में दिसंबर जनवरी तक फल लगते रहते है। बाजार में इसे 300 रुपए प्रति किलो बेचा जाता है वही 100 रुपए पीस के हिसाब से भी बेचा जाता है। इस खेती को शुरू करने में और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में उद्यान विभाग भी जुटी हुई है और किसानों को सरकारी अनुदान का लाभ देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## एक नजर में

### पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव जन्म शताब्दी वर्ष के शुभारंभ समारोह का आयोजन

**रायडीह।** पंखराज साहब बाबा कार्तिक उरांव जी के 99वीं जयन्ती के अवसर पर रायडीह प्रखण्ड के मांझाटोली स्थित शंखमोड़ पर स्थापित स्व. कार्तिक उरांव के स्मारक स्थल पर उनका जयन्ती समारोह पारंपरिक जनजातीय विधि विधान पूजा पाठ एवं बिनती प्रार्थना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अपनी पारंपरिक लोक नृत्य, रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति कई खोड़ाह दल के द्वारा किया गया। इससे पहले इस समारोह में उपस्थित पद्मश्री अशोक भगत, राज्यसभा सांसद श्री समीर उरांव, लोक सभा सांसद श्री सुदर्शन भगत,अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के सह संगठन मंत्री श्री रमेश बाबू, जनजाति सुरक्षा मंच का राष्ट्रीय संयोजक श्री गणेश राम भगत, पूर्व विधायक सह जनजाति विश्व विद्यालय निर्माण समिति के अध्यक्ष श्री शिव शंकर उरांव, मूली पड़हा गुमला के बेल श्री राजबेल उरांव, दिवान श्री राजू उरांव, छतरपूर पंचायत के मुखिया श्री चुंया उरांव आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव श्री लक्ष्मण उरांव सहित विभिन सामाजिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने ग्राम प्रधान श्री मंगरू मुंडा, एवं बैगा श्री जयराम उरांव के नितृत्व में बाबा कार्तिक उरांव जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर स्व. कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि दी।

### सेवा भारती द्वारा लगातार 72 वे सप्ताह निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 72 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई क्षेत्रों से लोग यहाँ आकर अपने स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं। जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है।

### इंडिया नेक्स्ट किड्स मास्टर सीजन 3 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही घाघरा की मायरा एंथोनी

**घाघरा।** दिल्ली में आयोजित इंडिया नेक्स्ट किड्स मास्टर सीजन 3 प्रतियोगिता में घाघरा की मायरा एंथोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त की। इस आशय की जानकारी मायरा के पिता वेस्कोट पब्लिक स्कूल घाघरा के निदेशक विक्की एंथोनी ने रविवार को देते हुए बताया कि दिल्ली मांडी हाउस में विगत 27 अक्टूबर को इंडिया नेक्स्ट किड्स मास्टर सीजन 3 में प्रतियोगिता करायी गई थी। जिसमें 15 राज्य के बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें मायरा एंथोनी जो झारखंड से गई थी वह प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के कोरियोग्राफर बाबला कटारिया, श्वेता आहूजा, सिमरन सचदेव मुख्य रूप से शामिल थी। वही मायरा के प्रयास पर बिजेता होने पर घाघरा के लोगों ने बधाई दी है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के निमित्त चल रहे स्पेशल कैंप का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**घाघरा।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 2024 के निमित्त घाघरा प्रखंड अंतर्गत बूथ केंद्रों में चल रहे स्पेशल कैंप का रविवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ ने 230, 233 , 236, 237 ,239, 240 बूथ केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां बीएलओ के कार्यों को देख संतुष्ट हुए। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश भी संबंधित बीएलओ को दी। मौके पर बीडीओ ने कहा कि नए मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर हो चुकी है वह संबंधित बूथ केंद्रों में पहुंचे अपना नाम जुडवाये।

### छठ पूजा समिति खटवा नदी की बैठक संपन्न

**गुमला।** छठ पूजा समिति खटवा नदी की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खटवा नदी छठ पूजा घाट पर भव्य रूप से छठ पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। पिछले साल की आय व्यय पर बैठक में चर्चा की गई और साथ ही छठ पूजा घाट में जाकर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पारस कुमार गुप्ता ने कहा कि छठ हमारा महापर्व है और खटवा नदी छठ पूजा घाट पर भी सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### जागृति युवा क्लब ने शुरू की छठ घाट की सफाई

**गढ़वा।** स्वयंसेवी संगठन जागृति युवा क्लब जोबरईया गढ़वा ने छठ महापर्व आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी है। रविवार को क्लब के सदस्यों ने ग्राम जोबरईया स्थित छठ घाट की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया। इस दौरान सभी सदस्यों ने श्रमदान कर छठ घाट के अगल-बगल के झाड़ियों आदि की सफाई की। साथ ही घाट पर पहुंचने के लिए विभिन्न सड़कों का जायजा लिया ताकि उसे आवश्यकतानुसार ठीक किया जा सके। इस कार्य में जागृति युवा क्लब के सीनियर सदस्यों के अतिरिक्त जूनियर सदस्यों ने काफी बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया।

### खाला के मजदूर की दिल्ली मे मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खाला पंचायत के शेख मोहम्मद अंसारी के पुत्र इमामुद्दीन अंसारी 30 वर्ष की मौत मजदूरी करने के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार इमामुद्दीन मजदूरी करने दिल्ली गया था। मजदूरी करने के दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई। अपने घर आने के क्रम में युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ने के बाद बेहोशी की हालत में मिजार्पुर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पोस्टमार्टम हाउस में तीन दिनों से पड़ा है महिला का शव, लोग परेशान

**चतरा।** सदर अस्पताल चतरा स्थित पोस्टमार्टम हाउस में एक महिला का डेड बॉडी तीन दिनों से पड़ा हुआ है। स्थिति ऐसी हो गई है कि बॉडी तेजी से डिस्ट्रॉय हो रही है। जिसके कारण बहुत दुर्गंध आने लगा है। उत्पन्न स्थिति के कारण अस्पताल कर्मी से लेकर आम जनता को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इस और ना ही सदर अस्पताल प्रबंध का ध्यान जा रहा है और ना ही पुलिस महकमे के किसी अधिकारी का। कोई भी इस दिशा में एक्शन लेने के मूड में नहीं है। सभी पूरे मामले में एक दूसरे पर बातों को फेंक कर बात को टालने में लगे हुवे हैं। सदर थाना इस मामले को गिद्धौर थाना का मामला बता रही है। तो कुछ पुलिस के अधिकारी इसमें कुछ नहीं कर पाने का हवाला दे रहे हैं। परंतु इसकी टोपी उसके सर करने के इस फिराक में उन चिकित्सकों को फजीहत हो रही है जिनका पोस्टमार्टम ड्यूटी होता है। एक तो पोस्टमार्टम ऊपर से बगल में सड़ा हुआ बॉडी रखे रहने के बाद कोई कैसे वहां रहकर पोस्टमार्टम कर सकता है।

### रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन अनवरत जारी

**टंडवा (आम्रपाली)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले आम्रपाली विस्थापित प्रभावित रैयतों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का आज तीसरे दिन भी अनवरत जारी रहा जिससे प्रबंधन के होश उड़े हुए हैं सिमरिया विधानसभा से झामुमो के नेता माननीय मनोज चंद्रा जी ने कहा यहां के रैयत बहुत पीड़ा में हैबहुत ही आश्चर्य की बात है कि इतनी बड़ी कोल परियोजना होने की बावजूद यहां के रैयत दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं यह आंदोलन रोजी-रोटी की है और 8 सूत्री मांग पत्र पर आर पार की लड़ाई होगी वही दूसरे दिन झामुमो के केंद्रीय सदस्य सरोज देवी ने रैयतों की मांग का समर्थन किया उन्होंने रैयतों की मांग को जायज बताया एवं उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं भी आमरण अनशन करूंगी।

### नकली विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**चतरा।** इंटर स्टेट शराब तस्करों पर चतरा पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर माफियाओं की बड़ी साजिश विफल हो गई। करीब पांच लाख रुपये का अवैध नकली अंग्रेजी शराब का खेप जप्त करते हुए गिरोह के एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में 24 अलग-अलग कार्टून में बंद करीब दो हजार बोतल विदेशी नकली शराब जप्त की गई। सदर थाना के एसआई विकास पासवान व सशस्त्र बल की टीम ने कार्रवाई की। पिकअप गाड़ी पर लादकर तस्कर शराब का खेप चतरा के रास्ते बिहार ले जा रहे थे। शहर के जतराहीबाग ईलाके में बरामदगी हुई । फिलहाल पिकअप गाड़ी को जप्त कर मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

### एक महिला ने महिला को ही चाकू से हमला कर किया घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जलवाबाद निवासी समीमा आजमी को पथलडीहा जंगल के समीप नयाडीह हेठटोला जलवाबाद निवासी फिरोजी खातून ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला जलवाबाद निवासी 37 वर्षीय समीमा आजमी पिता सकील अहमद ने बताया कि नयाडीह हेठटोला जलवाबाद निवासी फिरोजी खातून पति मो.तनवीर उर्फ मिस्टर ने मुझे लोन का पैसा दिलाने के नाम पर शनिवार शाम करीब पांच बजे पथलडीहा पेट्रोल पंप के आगे जंगल लेकर गई। जहां मुझ पर अचानक चाकू से हमला कर दिया, मैं किसी तरह वहां से भागकर पेट्रोल पंप के पास पहुंची, जहां से लोगों ने पुलिस को खबर किया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला का इलाज किया जा रहा है। वहीं पुलिस इस मामले की गहनता से जांच में जुट गई है।

### पेंशन अदालत का आयोजन 31 को

**कोडरमा।** पेंशनाारी की पेंशन संबंी लंबित मामलों के निराकरण हेतु समाहरणालय सभा कक्ष में 31 अक्टूबर के अपराह्न 4 बजे से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस पेंशन अदालत में सभी कार्यालय प्रधान, अग्रणी जिला प्रबंधक, कोषागार पदाधिकारी, जिला लेखा पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक को अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।


### संदेहास्पद स्थिति में बाइक के नीचे से युवक का शव बरामद

मझिआंव। थाना क्षेत्र अंतर्गत मझिआंव-मेराल मुख्य पथ पर रानीताली एवं परसाखाड़ के बीच छोटी पुलिया के नीचे रविवार सुबह पैसन प्रो मोटरसाइकिल (जेएच 14-0236) के नीचे संदेहास्पद स्थिति में एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद इसकी जानकारी थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित एवं एसआइ आलोक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव की पहचान आधार कार्ड से बरडीहा थाना के ओबरा गांव निवासी स्व. मुखलाल राम के पुत्र दिलीप कुमार चंद्रवंशी (32 वर्ष) के रूप में की गई।

# कोडरमा इलाके में खनन माफिया के हौसले बुलंद, बेशकीमती पत्थरों की कर रहे अवैध खनन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिले में उत्खनन के नियमों को ताक पर रखकर मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत कारीपहाडी में ाड़ल्ले से कीमती पत्थरों का उत्खनन हो रहा है। बताते चलें कि मरकच्चो प्रखंड में कारीपहाड़ी क्षेत्र में जो पत्थर है, वह काफी कीमती पत्थर है, उस पत्थर का उत्खनन कार्य कई खनन माफियाओं द्वारा अन्य व्यक्ति से लीज पर लेकर खनन कार्य कर रहा है, जबकि उक्त भूमि का मालिक उन्हें कोई भी खनन कार्य करने के लिए अनुमति नहीं दिया है। वहीं खनन माफिया उक्त इलाके में हैवी ब्लास्टिंग और प्राकृति जल स्त्रोतों को नष्ट कर उत्खनन कार्य किया जा रहा है। उक्त खदानों में होने वाले ब्लास्टिंग से भू-गर्भीय जल स्त्रोत काफी नीचे चला गया है, जिससे आम जनजीवन को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त खदान



को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जब ब्लास्टिंग पर विरोा जताया तब खनन माफियाओं का कहना है कि जो करना है कर लो कुछ होने वाला नही है। मामले को लेकर जमीन मालिक थाना क्षेत्र के दरगाह मोहल्ला निवासी सराजउद्दीन अंसारी पिता स्व. अलाउद्दीन ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, मुख्य खान निदेशक डीजीएमएस ानबाद को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। वहीं दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मरकच्चो थाना न.141 वर्तमान लोकेशन कारीपहाड़ी के खाता संख्या 286 प्लॉट नम्बर 11662 रकवा 1,33 डिसमिल जमीन से काला पत्थर देवेंद्र मेहता पिता जगनंदन मेहता, दिलचंद मेहता पिता तेजन मेहता ग्राम फुलवरिया थाना नवलशाही ने मेरे रैयती हिस्सा का जमीन से करोड़ो का पत्थर उत्खनन कर लिया है। वहीं अब फिलहाल खाता संख्या 286 प्लॉट संख्या 11659, 11660, 11653, 11651, 11652, 11655, 11657, 11695 खाता संख्या 286 में कुल जमीन 5 एकड़ 47 डिसमिल है। जिसमें कुल प्लॉट की संख्या लगभग 100 है। जिसमें खाता नंबर 286 से मेरे हिस्से में 91 डिसमिल जमीन है। खतियान में मेरे दादा रोजन मियां पिता रिझो मियां के नाम से दर्ज है एवं दो अंश भूमि दर्ज है, मगर उक्त जमीन पर लखन मेहता पिता स्व.रोशन देव मेहता ग्राम पोस्ट बेलकपी थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग एवं नूर आलम पिता हाफिज नसरुद्दीन मौजा मटवारी इमली चौक पोस्ट हजारीबाग थाना सदर जिला हजारीबाग के द्वारा मेरे रैयती भूमि से जबरदस्ती लाखों का पत्थर उत्खनन कर बेच रहा है एवं मेरी जमीन जो खेती योग्य था, उसे गड्ढे में तब्दील कर दिया है, मना करने पर जान से मारने की ामकी भी दी जाती है। ज्ञात हो कि इस मामले में पूर्व में भी जिला खनन पदाािकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी परंतु कोई कार्रवाई नही की गई। बताते चलें कि उक्त खनन थाना से महज 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित है, जहां बड़े-बड़े मशीनों से सारा दिन कार्य होता है और यह कार्य कई वर्षों से चल रहा है।

## संविधान की रक्षा का संकल्प के साथ आयोजित हुआ दलित समागम

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** देश में दलितों के उपर बढ़ते अत्याचार, संविधान को बदलने की साजिश व एससी एसटी अल्पसंख्यक तथा पिछड़े वर्गों की योजनाओं में लगातार हो रही कटौती के खिलाफ व आरक्षण की रक्षा के लिए दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के तत्वावधान में रविवार को साहु भवन झुमरीतिलैया में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा संकल्प के साथ जिला स्तरीय दलित समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास व संचालन जिला सचिव शम्भु पासवान ने किया। सर्वप्रथम भीम आर्मी के रंजीत कुमार राम के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। डीएसएमएम के राज्य सचिव दिनेश रविदास ने दलित समागम के उदेश्य पर प्रतिवेदन रखा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि देश




की आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी सामाजिक उत्पीड़न की सबसे गंभीर मार दलितों, अतिशुद्रों या अनुसूचित जातियों को झेलना पड़ रहा है।

पिछले नौ वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार निवारण कानून को निष्प्रभावी बनाने के लिए संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है और लोकतंत्र की रक्षा करने वाली तकरीबन सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। यहां तक कि न्यायालय को भी नहीं बख्शा जा रहा है। जहां एक ओर जन कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की जा रही है, वहीं दूसरी ओर देश के दलितों के उपर व्यापक रूप से अत्याचार बढ़ रहा है, संविधान की शपथ लेने वाली यह सरकार लगातार संविधान को कमजोर कर रही है। ऐसे वक्त में तमाम दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को एक मंच पर आने की जरूरत है।

## नाबालिग युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के गनियारी कला गांव निवासी हैदर अली के 16 वर्षीय नाबालिग पुत्र गुलाम मुस्तफा का शव डंडई प्रखंड के बैलाझकड़ा स्थित गयाडीह मदरसे में पाया गया। जानकारी के अनुसार गुलाम नामक युवक 6-7 माह पहले मदरसे में रहकर उर्दू एजादिया की पढ़ाई करता था। उसके साथ गांव के और लड़के भी पढ़ाई करते थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि मेरा पुत्र हमेशा फोन पर बात किया करता था। दो-चार दिन पहले भी फोन पर उसने बातचीत कर ठीक रहने की बात कही थी। घटना के बाद डंडई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। गुलाम के परिजनों ने बताया कि दो-चार दिन पहले मेरे पुत्र ने फोन पर बताया था कि मैं ठीक-ठाक रहकर पढ़ाई कर रहा हूं, लेकिन एकाएक फोन आता है कि आपका फांसी लगा लिया है, जबकि हम सभी ने जाकर देखा तो रसोई घर में चारपाई पर उसका शव लेटाया गया था तथा गर्दन में उंगली का निशान भी था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। मौके पर गनियारी कला मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता, प्रेमवंत सिंह, हीरा सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि तौसीफ अंसारी, हनीफ अंसारी, सदर मकबूल आलम, कौसर अंसारी, इबरार आलम, मुजम्मिल अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक समरसता मंच ने किया सफाई कर्मियों को सम्मानित

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में सामाजिक समरसता मंच ने बाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला संयोजक सिद्धि प्रसाद, आरएसएस के नगर संघचालक रामावतार केशरी, अनिल सिंह, सुरेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद, भारत माता, बाल्मीकि जी एवं डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पार्जन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह ने किया। धर्म जागरण के विभाग प्रमुख राजेन्द्र मिष्टकार ने कहा कि आज समाज में सामाजिक कुरीतियां चरम पर है। राष्ट्र बिखराव की स्थिति में है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना प्राानमंत्री द्वारा 31 अक्टूबर 2015 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लोगों को एक दूसरे से जोड़ने एवं देश में शान्ति और सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इसी योजना के तहत थल सेना अयक्ष के निर्देश पर एनसीसी महानिदेशक के द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का आयोजन प्रति वर्ष विभिन्न राज्यों के एनसीसी कैडेटों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए किया जाता है। इस वर्ष बिहार एवं झारखण्ड एनसीसी अपर महानिदेशक द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का आयोजन सैनिक स्कूल तिलैया में 26 अक्टूबर से 6 नवंबर तक किया जा रहा है। इस कैंप में ओडिशा, बिहार और झारखंड प्रदेशों के सुदूरवर्ती एवं पिछड़े क्षेत्रों जैसे गंजम, ढेंकानाल, दुमका, पाकुड़, जामताड़ा, नवादा, और




बेगूसराय से भी एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। कैंप के दौरान इन्हे राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तित्व विकास, एवं रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कैंप में एनसीसी कैडेट्स को ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय के पर्यटन स्थल पर भ्रमण के लिए ले जाया जा रहा है, साथ ही कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट के सर्वागीण विकास के लिए तरह-तरह की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के मायम से विभिन्न राज्यों से आये हुए एनसीसी कैडेटों को एक दूसरे की संस्कृति को समझने का अवसर एवं उनके बीच एक राष्ट्र की भावना को बढ़ावा मिलेगा। शिविर के दौरान 5 नवंबर को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को मुख्य अतिथी के रूप में आमंत्रित किया गया, इस कार्यक्रम में ब्रिगेडियर राजेश करेल ग्रुप कमांडर हजारीबाग और 45 झारखंड बटालियन लेफ्टिनेंट करनल मनीष जैन, व्याख्याता शह एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, लेफ्टिनेंट सीके दुबे सैनिक स्कूल तिलैया, सूबेदार मेजर रमेश राय 45 बटालियन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कोडरमा, हवलदार विकास कुमार के साथ एनसीसी की पुरी टीम शामिल थी।

## अवैध नर्सिंग होम के मकड़जाल में फंसते जा रहे चतरा के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में अवैध नर्सिंग होम का मकड़जाल इस कदर फैल चुका है कि गरीब और लाचार परिवारों से ताल्लुक रखने वाले इस घेरे में कैद होते जा रहे हैं।दरअसल अवैध नर्सिंग होम का संचालन करने वाले अधिकतर लोग झोला छाप चिकित्सक होते हैं और ऐसे लोग हृदय रोग से लेकर कैंसर की मर्ज को ठीक कर देने का दावा करते हैं। पूरे जिले में लगभग 95 नर्सिंग होम हैं। जिनमे से महज 38 ही रजिस्टर्ड हैं। इन रजिस्टर्ड नर्सिंग होम में भी कई खामियां पाई गई है। अचरज की बात यह है किइन नर्सिंग होम में बिना मेडिकल लाइसेंस लिए दवाइयां भी रखी जाती है। एक तरफ मरीजों से इलाज के पैसे और ऊपर से दवाइयों के पैसे भी इन नर्सिंग होम द्वारा वसूले जाते हैं।फैमिली प्लानिंग अथवा डिलीवरी जैसे मामूली आपरेशन में लोगों से 35 से 40 हजार रुपए वसूले जाते हैं।इलाज में गड़बड़ी और फिर मरीजों की मौत के बाद नर्सिंग होम के संचालक बड़े आराम से फरार हो जाते हैं और समय




गुजरने के साथ स्वास्थ्य विभाग को मैनेज कर नर्सिंग होम खोल कर अपना धंधा शुरू कर देते हैं। पूरे जिले में लगभग 95 नर्सिंग होम हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अब तक 38 नर्सिंग होम की जांच की गई है। विभाग ने इन पंजीकृत नर्सिंग होम में कई खामियां पाई हैं। जिसे समय रहते दुरुस्त करने की सलाह दी गई है। बाकी नर्सिंग होम को भी नोटिस जारी कर अपने अपने कागजात उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया गया है। लगभग एक महीना गुजर गया। पर विभाग से शायद किसी को डर नहीं। बाहर से कुंडी लगाकर पिछले दरवाजे से मरीजों को अंदर दाखिल कराते हैं। सिमरिया के

### सभी नर्सिंग होम की चल रही जांच : सीएस

चतरा सीएस ने कहा कि जिले के सभी नर्सिंग होम की जांच चल रही है।अब तक 38 नर्सिंग होम की जांच की गई है। कई खामियां निकली है। इन खामियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई है।

चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक कहते हैं कि टास्क फोर्स जब तक सक्रिय नहीं होगा तब तक नर्सिंग होम पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

**नर्सिंग होम को स्वास्थ्य विभाग का भी मिलता है सहयोग :** अवैध नर्सिंग होम को चोरी छिपे स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों का भी सहयोग मिलता है।दरअसल जब भी आपरेशन कराने कोई मरीज अवैध नर्सिंग होम में आता है तो नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टरों को खुश करने के लिए आपरेशन करने के लिए बुलाते हैं।आपरेशन के एवज में डॉक्टरों को अच्छी खासी रकम दी जाती है। इतना ही नहीं, हर सरकारी अस्पताल में नर्सिंग के दलाल मुस्तैद रहते हैं।जो मरीजों को अस्पताल में आपरेशन नहीं कराने और नर्सिंग में जाने की सलाह देते हैं।

**डॉक्टर से सर्टिफिकेट ले चलाते हैं नर्सिंग होम :** 95 प्रतिशत नर्सिंग होम के संचालक किसी एमबीबीएस डॉक्टर से सर्टिफिकेट लेकर नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं और फिर खुद डॉक्टर बन कर मरीजों का इलाज करना शुरू कर देते हैं। यही कारण है कि कम जानकारी के अभाव में मरीजों की हालत खराब होने लगती है।और फिर मौत हो जाती है। अब तक चतरा, सिमरिया, हंटरगंज, और प्रतापपुर में कई मरीजों की जान नीम हाकिमों के कारण हो चुकी है।

**कोई भी नर्सिंग होम में वेंटीलेटर उपलब्ध नहीं :** चतरा जिले के कोई भी नर्सिंग होम में वेंटीलेटर उपलब्ध नहीं है।अगर मरीजों की तबियत अचानक ज्यादा खराब हो जाए तो उन्हें बचाने का सबसे बड़ा औजार (वेंटीलेटर)ही इन नर्सिंग होम में उपलब्ध नहीं है। यहां तक कि ज्यादातर नर्सिंग होम में ऑक्सीजन की भी व्यवस्था नहीं है।

## एक नजर में

### महान संत पूज्य जीयर स्वामी जी ने किया टीडीएम इंटर कॉलेज का दौरा



टीडीएम कॉलेज में संत श्री जीयर स्वामी पूज्य जीयर

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सनातन धर्म के महान विद्वत विभूषित श्री त्रिदंडी स्वामी परम्परा के वर्तमान प्रधान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज का रविवार को यहां टीडीएम इंटर कॉलेज में पदार्पण हुआ। वहां पुष्प वर्षा के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। कॉलेज के कर्मचारी एवं भक्त गणों भगवान स्वरूप श्री स्वामी जी का सष्टांग दण्डवत किया। स्वामी जी ने सबको आशीष प्रदान दिया। इसके पूर्व संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे-जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को सम्पन्न कराने के बाद बाबा बंशीधर भगवान का दर्शन किया। ततपश्चात टीडीएम कॉलेज पहुंचे। स्वामी जी ने कॉलेज परिसर में अपना प्रथम कदम रखते ही कॉलेज की प्रशंसा की एवं कहा कि यह बहुत बढ़िया शैक्षणिक संस्थान है। इसे बहुत सुंदर तरीके से बनाया गया है। श्री जीयर स्वामी जी ने कॉलेज में श्री लक्ष्मी नारायण और मां सरस्वती की आरती की और वहां उपस्थित सभी जनों को दर्शन दिया। बाबा का दर्शन कर सभी अभिभूत थे। उसके बाद स्वामी जी ने निमार्णाधीन शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज स्थल पहुंचे। अपने चरण रजों से उस भूमि को भी धन्य और पवित्र किया। स्वामी जी ने कहा कि वह भी कई शैक्षणिक संस्थाए खोल रखे हैं। जहां बच्चों को उत्तम शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थान खोलना बड़ा समर्पण का कार्य है। इसका लाभ सम्पूर्ण समाज को मिलता है। यह एक ऐसा केंद्र बन जाता है जहां से शिक्षा, संस्कार, रोजगार, सामाजिक ज्ञान, भाई बन्धुत्व, सद्गुण और धर्म का ज्ञान मिलता हैं। सबको दर्शन देने के बाद स्वामी श्री ने अपने अगले प्रवास के लिए प्रस्थान किया। मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज और शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि पूज्य संत श्री जीयर स्वामी जी का कदम पड़ते ही कॉलेज धन्य एवं पवित्र हो गया। स्वामी जी ने कॉलेज में पधारने के उनके आग्रह को स्वीकार कर बड़ा उपकार किया है। इसके लिए संस्थान उनका सदैव अनुग्रहित रहेगा। यह महाविद्यालय स्वामी जी की आशीर्वाद को आदेश मानकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा और शैक्षणिक सेवा के अपने कर्तव्य को अर्श तक पहुंचाएगा। मौके पर टीडीएम इंटर कॉलेज के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, प्राचार्य धनन्जय सिंह, शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत सहाय सहित कई लोग उपस्थित थे।

### महायज्ञ में 284 लोगों ने ली दीक्षा, 210 पुरूष व 74 महिलायें शामिल



महायज्ञ में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में देश के महान संत श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन के अवसर पर शनिवार की रात 210 पुरुष व 74 महिलाओं ने दीक्षा ग्रहण किया।

शिष्य बनने वाले सभी 210 पुरुषों को श्री जीयर स्वामी जी महाराज व सभी 74 महिलाओं को जगतगुरु रामानुजाचार्य अयोध्या नाथ स्वामी जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शंख, चक्र व गुरु मंत्र प्रदान कर शिष्य बनाया। बताते चलें की श्री जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे जतपुरा गांव में 5 माह तक रामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती महा महोत्सव के अवसर पर चातुर्मास्य व्रत में थे। व्रत के समापन के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के पूणार्हुति के दिन रात में महिला-पुरुषों द्वारा इच्छा जताने पर श्री स्वामी जी ने अपना शिष्य बनाया। सभी पुरुष शिष्यों को दोनों बांह पर एक में शंख व दूसरे में चक्र का चिन्ह प्रदान किया साथ ही गुरु मंत्र दिया।

महिलाओं को श्री स्वामी जी के प्रतिनिधि के रूप में जगतगुरु अयोध्या नाथ स्वामी जी ने शंख, चक्र प्रदान कर गुरु मंत्र दिया। इस पल का साक्षी बनने के लिए हजारों श्रद्धालु नर-नारी सहित यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण मौके पर उपस्थित थे। महिला-पुरुष शिष्यों को दीक्षा देते ही श्री स्वामी जी के जयकारा से वातावरण गूंज उठा। दीक्षा ग्रहण करने के बाद सभी महिला-पुरुष शिष्यों ने प्रसाद पाकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

### प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतरीन मंच: बिरजू



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया स्टार फुटबॉल मैदान,सिमरिया में चल रहे हाजी सुलेमान अंसारी एवं रामअवतार सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट-2023 के सेमीफाइनल मैच के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर स्टार फुटबॉल क्लब के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तपश्चात श्री तिवारी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मार कर शुभारंभ किया। सेमीफाइनल मैच गया, बिहार बनाम हजारीबाग के बीच खेला गया।

वहीं श्री तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल द्वारा आपस मे मेल-जोल बढ़ता है और अपने कार्य स्थल पर काम करने और अधिक उर्जा का संचार होता है। साथ ही अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मंच मिलता है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर मो. फारुक, मो. ऐनूल, आलोक रंजन, रंजीत सिंह समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# धनबाद में कारोबारी पर फायरिंग के विरोध में दुकानें बंद रहीं, रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन

## धनबाद पुलिस हाय हाय के लगे नारे, गोलीबारी की घटना में घायल दीपक अग्रवाल की स्थिति नाजुक रेफर किए गए कोलकाता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद में बैंक मोड़ के गुडविल मार्केट में स्थित कार सेंटर में मोटर पार्ट्स कारोबारी दीपक अग्रवाल को शनिवार रात में गोली मार दी गई। इस घटना के विरोध में फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी 55 इकाई संगठन रविवार को अपनी-अपनी दुकान बंद कर रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान धनबाद पुलिस के खिलाफ हाय हाय के नारे भी लगाए गए। व्यापारियों के धरना में धनबाद विधायक राज सिंह शामिल हुए। उन्होंने पुलिस पर हमला करते हुए कहा कि धनबाद में अपराधियों का बोलबाला है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। धनबाद में अपराधियों का दुस्साहस बढ़ा हुआ है। पहले भी अपराधी घटनाओं को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोग आंदोलन करने वाले थे, लेकिन धनबाद एसपी ने सुरक्षा की गारंटी दी थी। भाजपा हमेशा विधि व्यवस्था को लेकर आंदोलन कर रही है वह व्यावसाई वर्ग के साथ है।

राज सिंह ने कहा कि देश में टेक्नोलॉजी कहां से कहां चला गया है, लेकिन धनबाद में अपराधी का नंबर ट्रेस कर पकड़ नहीं पा रही है। धनबाद नहीं संभाल रहा तो धनबाद छोड़ दे अगर दिवाली तक अपराधियों पर नकेल सने में पुलिस नाकाम होती है तो खुद राज सिंहा अनिश्चितकालीन के लिए धरना पर बैठेंगे। वही धारणा को संबोधित करने में धनबाद के व्यापारियों ने कहा कि धनबाद के कार्यबारियों को लगातार अपराधियों के द्वारा रंगदारी के लिए धमकी दी जा रही है। इसे लेकर पिछले महीने भी व्यवसाई आंदोलन कर रहे थे। उस समय धनबाद एसएसपी संजीव कुमार के आश्वासन के बाद सभी ने आंदोलन को वापस ले लिया था। लेकिन अपराधियों के द्वारा फिर से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। इससे पता चलता है कि धनबाद पुलिस अपराधियों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।



इस घटना के बाद धनबाद के सभी व्यापारी वर्ग भाई के माहौल में है अगर इन अपराधियों को धनबाद पुलिस सूचित कार्रवाई नहीं करती है तो आज धनबाद की सड़कों पर सभी दुकानदार दुकान बंद करके उतरे हैं आगे रांची में जाकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने का काम करेंगे। इधर व्यावसायी दीपक अग्रवाल को बेहतर इलाज के लिए एशियन जालान अस्पताल से कोलकाता रेफर कर दिया गया है। वहीं फायरिंग के मामले में पुलिस पडताल जुट गई है।

स्थानीय लोग का कहना कि मफलर ओढ़ कर अज्ञात व्यक्ति दुकान के समीप आया और दुकान संचालक दीपक अग्रवाल को गोली मार दी। गोली गर्दन में लगी है जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े।

सूत्रों की माने तो दीपक अग्रवाल को पहले से धमकी मिल रही थी इधर घटना के बाद एक बार फिर गैंगस्टर प्रिंस खान के शूटर मेजर के नाम से लेटर वायरल हुआ है, जिसमें बैंक मोड़ के कई दुकानदार का नाम अंकित था इसमें रंगदारी की मांग की गई है।

# बीएसएल में प्लांट में चल रहा है स्वच्छता ही सेवा अभियान



**बोकारो।** भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा 2023 विशेष अभियान 3 के अंतर्गत बोकारो स्टील प्लांट में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।बीएसएल अपने विभिन्न विभागों में पुरानी फाइल्स और रिकॉर्ड को चिन्हित करके उनके डिस्पोजल का कार्य किया है तथा कुछ विभागों में नियमों की संख्या को कम करके उनके सरलीकरण का कार्य किया गया है। एचएसएम में पुराने कंप्यूटर प्रिंटर इत्यादि जैसे इलेक्ट्रॉनिक कचरे का निपटान किया गया। संयंत्र के अंदर हरियाली और जैव विविधता बढ़ाने व पर्यावरण अनुकूल कार्यस्थल बनाने हेतु वृक्षारोपण का व्यापक अभियान चल रहा है। व्यापक जन भागीदारी के साथ कार्यस्थल पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य इस विशेष अभियान 3.0 के अंतर्गत सम्पूर्ण बोकारो स्टील प्लांट में किया जा रहा है और इसे दिनांक 31 अक्टूबर तक जारी रखा जायेगा।

### दोलाबड़ गांव में रामसेना समिति की तरफ से हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया मां लक्ष्मी की पूजा

बलियापुर । दोलाबड़ गांव में रामसेना नाम से एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सभी पढ़े लिखे युवा जुड़े हुए हैं। रामसेना एक सामाजिक और धार्मिक संगठन के तौर पर पंचायत में काम कर रही है। रामसेना का उद्देश्य पीड़ित, लाचार, किसी बीमारी से ग्रसित आदि जरूरतमंद को यथासंभव मदद पहुंचाने के साथ साथ धार्मिक क्षेत्र में भी यथासंभव तत्परता के साथ काम कर रही है। इस संगठन में पंचायत के डेढ़ सौ युवा महिला एवं पुरुष दोनों जुड़े हुए हैं। हालांकि यह संगठन एक निस्वार्थ समाज सेवा के रूप में ही काम कर रही है. भविष्य में दोलाबड़ रामसेना से अपने पंचायत में और बेहतर कार्य करने की अपेक्षा हैं। इस समिति में निम्नलिखित पढ़े लिखे युवा मुख्य रूप से अपना भूमिका अदा कर रहे हैं। अंगद कुमार सेन,राजू महतो भूतपूर्व उप मुखिया,जय बनर्जी,वर्तमान उप मुखिया ,विदेश वीद,मिलन पांडे,गौतम पांडे,सोरेन गोप,सुदीप पांडे,स्वदेश बीद,

# झरिया की बेटी शशि प्रिया ने निकाला बीपीएससी अब बनेंगी अफसर

## सामाजिक सुरक्षा के अतिरिक्त निदेशक के पद पर हुआ चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** झरिया निवासी प्रशांत कुमार झा एवं किरण झा की बेटी शशि प्रिया ने कमाल कर दिखाया है। शशि प्रिया ने बीपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में 144वां रैंक हासिल किया है। शशि सामाजिक सुरक्षा की अतिरिक्त निदेशक बनेगी। उल्लेखनीय है कि शशि बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है. उसने दसवीं की परीक्षा झरिया के बालिका विद्या मंदिर से 10 सीजीपीए के साथ पास की। वहीं, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर से बारहवीं की परीक्षा न केवल 97.8% अंकों के साथ उत्तीर्ण की, बल्कि झारखंड की टॉपर भी बनी। उसके बाद झरिया के आरएसपी कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरा किया, जिसमें पूरे विश्वविद्यालय में



सर्वोच्च स्थान हासिल किया. जूलॉजी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया और यूनिवर्सिटी टॉपर होने में सफल रही। शशि प्रिया ने बताया कि उसके प्रेरणास्त्रोत उसके दिवंगत दादाजी स्व. कमल नारायण झा व दादी स्व. मन्ना देवी रहीं हैं, जिन्होंने सिविल सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया। शशि ने यह भी बताया कि शादी के बाद लगा कि सपना पूरा नहीं हो पाएगा, पर श्वसुर मुरलीधर झा व सास चांदनी झा ने भरपूर सहयोग दिया। साथ ही, पति आदित्य कश्यप ने भी लक्ष्य के प्रति लगातार उत्प्रेरित किया। इसकी वजह से तीन साल पढाई छूट जाने के बाद भी पुनः खुद को तैयार किया और बीपीएससी की परीक्षा रूपी किले पर फतह कर ऑफिसर बनने की तमन्ना पूरी कर ली। शशि ने अपनी सफलता का श्रेय बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के शिक्षकों को भी दिया है, जिन्होंने निरंतर उसे मार्गनिर्देशित किया। शशि प्रिया की इस शानदार कामयाबी पर बीबीएमकेयू के प्रभारी कुलपति डॉ. (प्रो.) पी के पोद्दार, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार समेत अन्य शिक्षकों, परिजनों व शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

## कब लगेगा कथारा ओपी क्षेत्र में लोहा चोरो पर अंकुश

**बेरमो /कथारा।** बीते लगभग चार पांच वर्षों से सीसीएल कथारा रेलवे कॉलोनी के समीप स्थित केपटी पावर प्लांट लगातार गर्दिश मे चल रहा है। प्लाट बंद होने के बाद सबसे पहले प्लांट में भीषण आग लगी जिसमे प्लांट का लगभग तीन चौथाई भाग और सामान जल कर राख होगा। इस घटना के बाद सीसीएल द्वारा इसकी सुरक्षा के प्रति कोई सख्ती नही दिखाई जिस कारण लोहा चोरो के लिए यह एक चारागाह बन गया और रात तो रात दिन के उजाले में भी लोहा चोर प्लांट का दिवार तोड़ तथा गैस कटर से प्लांट के बड़े बड़े मशीनों को टपाना शुरू कर दिया। यदाकदा सीसीएल कथारा एरिया सुरक्षा कर्मी व स्थानीय कथारा ओपी पुलिस द्वारा छापामारी अभियान चलाकर चोरी के छुपाकर रखे स्क्रेप को बरामद करने के साथ कई बाइक व वाहन के अलावे गैस सिलेंडर और गैस कटर भी जप्त किया है मगर आज तक एक भी लोहा चोर पकड़ा नही गया ।इसी क्रम में रविवार को अहले सुबह सीसीएल महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के आदेशानुसार क्षेत्रीय रात्री गस्ती दल एवं कथारा ओ ०पी के गस्ती दल ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से सी पी पी (केपटी) प्लांट के पीछे छापामारी की । छापेमारी में एक पिकअप वैन जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या खल10उल - 5412 लावारिस अवस्था में लोहा स्क्रैप लदा पाया गया।

# चास रोटरी ने किया दंत जांच शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज में रोटरी क्लब चास के सहयोग से दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। दंत विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दांतों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने सभी डॉक्टरों आगुन्तकों स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि जांच शिविर से छात्र-छात्राओं में अपने दांतों एवं स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना विकसित होगी। इस अवसर पर दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरेश ने छात्र-छात्राओं को सुबह-शाम नियमित रूप से सफाई करने की सलाह दी। डॉ अमरेश ने कहा कि मुंह और दांतों से संबंधित बीमारियों से पेट और दिल पर भी असर पड़ता है। दंत चिकित्सक डॉ संजीव ने कहा कि दांत हमारे शरीर के पाचन शक्ति पर भी दांतों की बीमारी का असर पड़ता है तथा लोगों को असहनीय पीड़ा भी सहन करनी पड़ती है।

## जदयू के संथाल परगना प्रभारी बने अशोक चौधरी

**बोकारो।** झारखण्ड प्रदेश जनता दल यू अध्यक्ष व सांसद खीरू महतो ने जदयू नेता पूर्व बियाडा अध्यक्ष अशोक चौधरी को संथाल परगना प्रमंडल का प्रभारी मनोनीत किया है। उन्होंने श्री चौधरी को एक रणनीति के तहत संथाल परगना के क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने का दायित्व सौंपा है। श्री चौधरी को प्रभारी बनाए जाने पर देवघर जिला अध्यक्ष सतीश दास महासचिव बेनी माधव झा प्रदेश सचिव अर्जुन मेहता प्रदेश सचिव राजू सिंह प्रदेश सचिव सरयू गोप धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह बोकारो जिला प्रभारी दीप नारायण सिंह डॉ के कुमार नेपाल महतो सुभाष महतो पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जितेन्द्र कुमार, जनार्दन चौधरी, बाल्मिकी सिंह, विजय यादव, पानू महतो, अशोक कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, कुंदन, नूर आलम, माखन सिंह, सत्यदेव प्रसाद, अवधेश सिंह, अशोक राय, चंद्रभूषण सिंह, श्याम किशोर, महेंद्र प्रसाद खालिद अंसारी मुख्तार अंसारी चक्रधर रजवार, विष्टू महतो, रामेश्वर सोरेन ने बधाई दी है।

## वेदांता ईएसएल ने उत्पादों की खुदरा बिक्री करने का लिया निर्णय

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पाद वी-एक्सईजीए ब्रांड के टीएमटी बार के साथ राष्ट्रीय स्तर पर खुदरा बिक्री के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। ईएसएल स्टील लिमिटेड ने इस श्रेणी में फिलहाल बिहार में खुदरा बिक्री शुरू की है और देश भर के सभी प्रमुख स्थानों तक वित्तीय वर्ष 24-25 तक चरणबद्ध तरीके से इसका विस्तार कर लेगी। कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी असित पाटनी ने कहा कि यह ब्रांड उपभोक्ताओं को निर्माण की जरूरतों के लिए गुणवत्ता युक्त सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वी-एक्सईजीए टीएमटी बार की उच्चतम गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के लिए आसान उपलब्धता के कारण बेहतरीन निर्माण के रास्ते खुलेंगे। वित्तीय वर्ष 2024 में अकेले बिहार में 150 से ज्यादा डीलर बनाए जाएंगे। नेशनल रिटेल सेगमेंट में अपने प्रवेश का उत्सव मनाने के लिए कंपनी ने चुनिंदा उपभोक्ताओं और महत्वपूर्ण साझेदारों को आमंत्रित किया था। वी-एक्सईजीए टीएमटी बार के साथ ही ईएसएल स्टील सियालजोरी बोकारो में स्थित अपने आधुनिकतम इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में वायर रॉड और डीआई पाइप भी बनाती है।

# बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ को पूर्ण व स्थायी संघ की मान्यता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड बास्केटबॉल संघ के महासचिव जय प्रकाश सिंह एवं मो आरिफ आफताब चैयरमैन पर्यवेक्षक तकनीकी समिति की उपस्थिति में बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मनीष सिंह ने की। महासचिव श्री सिंह एवं मो आफताब ने बताया कि झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त झारखंड बास्केटबॉल संघ द्वारा बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ को पूर्ण एवं स्थायी संघ की मान्यता दी गई। श्री सिंह ने बोकारो सहित झारखंड में बास्केटबॉल खेल के विकास के लिए सुझाव दिए और भविष्य में बास्केटबॉल की कई गतिविधियों की जानकारी दी और कहा कि संजीव कुमार एवं उनके सम्मानित सदस्य के नेतृत्व में बास्केटबॉल का सकारात्मक विकास होगा। उन्होंने मनीष सिंह को अध्यक्ष संजीव कुमार को सचिव विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष तथा निखिल ओझा सुधीर कुमार सिंह विजय कुमार मिंज एवं मनोज दुबे को सम्मानित कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया। बैठक में मुकेश गुप्ता राम लखन मिस्त्री रण विजय ओझा एवं सौरभ उपस्थित थे।

## भाजपा नेता ने बीपीएससी की परिक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित

**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने रविवार को बैदकारो पूर्वी पंचायत के चलकरी कॉलोनी निवासी एवं शिक्षक विनोद चौधरी की सुपुत्री अंकिता चौधरी से मुलाकात कर बीपीएससी की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर अंकिता के पिता विनोद चौधरी ,चाचा मनोज चौधरी एवं परिवारजनों सहित समाजसेवी लाखन सिंह, ललन सिंह इत्यादि मौजूद थे।

# 8 दिनों से लापता युवक का शव बरामद,परिजनों का रो रोकर है बुरा हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** कुल्टी विधानसभा के बलतोड़िया के रहने वाले 21 वर्षीय अर्जुन कुरैशी का रहस्मय तरीके से गायब युवक का शव शनिवार सुबह चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नूतनग्राम के जंगल में क्षत विक्षत स्थिति में मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई जिसके बाद बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग इकट्ठा हो गए .इधर सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक अर्जुन कुरैशी बराकर के बलतोडिया से पिछले शनिवार गाय खरीदने को लेकर झारखंड के मैथन निकला लेकिन उसके बाद से ही वो घर नही लौटा। परिजनों ने इसकी शिकायत बराकर फाड़ी में दिया और परिजनों के आक्रोश को देखते हुए बंगाल एवम झारखंड पुलिस मृतक अर्जुन को ढूंढने को लेकर मैथन का खाक छानने लगी लेकिन पुलिस के हांथ कुछ नही लगा गुस्साए परिजनों ने इसको लेकर बराकर फाड़ी का घेराव भी किया था जिसके बाद बंगाल पुलिस युवक के गुमशुदगी से संबंधित चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया हिरासत में लिए गए युवकों की निशानदेही के बाद शनिवार मृतक अर्जुन के शव को बरामद किया। बंगाल पुलिस का मानना है की गिरफ्तार युवकों ने ही हत्या को अंजाम दिया है युवक की हत्या कर शव को जंगल में लाकर फेंक दिया .इधर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस आगे की कारवाई में जुटेगी। वही मृतक अर्जुन के पिता ने बताया की पिछले शनिवार को उनका पुत्र गाय खरीदने के नाम पर निकला था लेकिन उसके बाद से ही वो गायब था ,पिता ने बताया की उनके पुत्र के साथ गिरफ्तार सभी युवक मारपीट कर जान ले लिया उसके बाद शव को ठिकाना लगा दिया।

## एक नजर में

### उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने आज राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री वरुण रंजन ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण था। मौके पर निर्वाचन शाखा से अरुण कुमार धारी, सागर भजोहरि, रजाक अंसारी, सजल आदि मौजूद थे।

### लखी पूजा में 520 किलो खीर का महाभोग श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया

**कतरास।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान के द्वारा शनिवार को पूजा पंडाल के प्रांगण में लखी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो महिला भक्तों ने भाग लिया। बताते चले कि चंद्र ग्रहण लगने के कारण पूजा का समय संध्या 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कांकोमठ के पंडित जी के द्वारा तय किया गया था। जिसके बाद पूजा पंडाल में पूजा समिति के पंडित पारस पांडे के द्वारा विधि विधान से मां लखी की पूजा की गई। पूजा में पूजा समिति के सचिव मुकेश भट्ट अपनी धर्मपत्नी के साथ बैठे। मां लखी की पूजा में भोग वितरण करने के लिए समिति के द्वारा 520 किलो दूध 30 किलो चावल 35 किलो चीनी 10 किलो काजू 10 किलो किशमिश के द्वारा खीर महाभोग तैयार की गई थी। जिसे हजारों श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।

### नूतनडीह कोऑपरेटिव कॉलोनी के मातारानी जागरण में झूमे श्रद्धालु

**धनबाद।** नूतनडीह,कॉपरेटिव कॉलोनी के ग्राउंड में मातारानी का कर्ण प्रिय भजनों एवं माता की स्तुति का बहुत ही आनंदमय जागरण सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, भाजपा के मिल्टन पार्थसारथी एवं युवा नेता युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके माता के जागरण की शुरूआत की। जागरण में कलाकार संघ के अध्यक्ष अभिनेता, और ख्याति प्राप्त राजू सिह अनुरागी ने माता का एक से एक भजन गा कर श्रद्धालुओं का दिल और मन जीता।साथ में महिला गायिका सिमरन कौर ने अपनी सुरीली भजनों से जागरण का समा बांधा। उदय प्रताप सिंह ने आयोजक,राजू सिंह अनुरागी एवं सभी कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा कर सम्मानित किया।एवं सभी को लखी पूजा एवं शरद पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी। दिलीप सिंह ने कहा इस तरह के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र के हर परिवार भक्तिमय हो होकर माता का हृदय से स्मरण कर गुनगुनाते हैं एवं जयकारा लगाते हैं,जिससे हमारे अंदर धार्मिक मनोबल बढ़ता है। हमारे धार्मिक संस्कृति युवा ग्रहण कर आत्मसात करते हैं। जागरण में ब्यूटी कॉन्टेस्ट की पुरस्कार विजेता प्रियंका मिश्रा उपस्थित थी।

## पेज एक का शेष

### हम सबके दिल...

31 को रखी जायेगी 'मेरा युवा भारत' संगठन की नींव

पीएम मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर को एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन -मेरा युवा भारत- की नींव रखी जा रही है। इसकी नींव सरदार पटेल की जन्म जयंती के मौके पर रखी जा रही है। पीएम ने कहा कि पूरे देश की मिट्टी से दिल्ली में बनेगी 'अमृत वाटिका'। पिछले दिनों देश के हर गांव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया था। देश के कोने-कोने से एकत्रित की गयी ये माटी, ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुंच रही हैं। इसी पवित्र मिट्टी से दिल्ली में 'अमृत वाटिका' का निर्माण होगा।

### योगेंद्र तिवारी के ...

साथ ही कहा कि इडी केंद्र के इशारे पर काम कर रही है।

**मणिपुर पर भी पूछा सवाल :** सुप्रियो ने जेपी नड्डा से तीखे सवाल किये और उन्हें चुनौती देते हुए जवाब मांगा। सुप्रियो ने कहा कि महिला, आदिवासी और दलित का दावा करने वाले जेपी नड्डा यह बताएं कि मणिपुर किस देश का प्रदेश है। वहां पर किसका शासन और प्रशासन है, इसके बावजूद आदिवासी महिलाओं के साथ जो हुआ वह क्या था। वे और उनके पीएम वहां क्यों नहीं गये। आदिवासी दलित की बात करने वाली भाजपा यह बताये कि एक पूर्व दलित राष्ट्रपति और वर्तमान आदिवासी राष्ट्रपति को संसद के उदघाटन पर क्यों नहीं बुलाया। भाजपा महिला सुरक्षा और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देती है पर देश का मान बढ़ाने वाली महिला पहलवानों ने जब भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह पर यौन शौषण का आरोप लगाया, तो उनकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। लैंड स्कैम की बात करने वाले जेपी नड्डा यह बताये कि दुनिया का सबसे लैंड स्कैम केंद्र सरकार ने अडाणी के माध्यम से किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की जमीन क्यों और किस आधार पर अडाणी को दे दिया गया।

### केरल के चर्च में ...

एडीजीपी ने कहा, "हम इसकी पुष्टि कर रहे है। हम इस मामले के सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं। विस्फोट हॉल के बीच में हुआ था।

**खुफिया एजेंसियों ने किया था अलर्ट :** सूत्रों के मुताबिक, खुफिया एजेंसियों ने पिछले एक हफ्ते में गैर-मुस्लिम समुदायों पर संभावित हमलों के लिए केरल सरकार को तीन अलर्ट दिये हैं। हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मेशाल के मलप्पुरम में खालिस्तान समर्थक रैली का समर्थन करने के लिए वर्चुअल संबोधन करने के लिए सामने आने के एक दिन बाद ये विस्फोट हुए हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है इन विस्फोटों के पीछे कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवादियों का हाथ है। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को देश के यहूदी आबादी वाले इलाकों में गश्त तेज करने को कहा गया है। केरल बम धमाकों पर विदेश राज्य मंत्री और संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि कोच्चि में ईसाई समुदाय की प्रार्थना सभा में बम विस्फोट की घटना दिल दहला देने वाली घटना है। केरल एक ऐसी जगह बनता जा रहा है जहां ऐसी घटनाएं हो रही हैं जिन्हें आतंकवादी कृत्य माना जाता है।

### दो पैसेंजर ट्रेनें...

जानकारी के अनुसार विजयनगरम जिले के कोठावलासा मंडल के कंटाकपल्ली में यह ट्रेन दुर्घटना हुई। विशाखा से रायगड़ा तक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन और पलासा से विजयनगरम की ओर आ रही पैसेंजर ट्रेन आपस में टकरा गयी। हादसे के बाद रेल मंत्रालय ने हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। रेल अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के कारण रायगढ़ा पैसेंजर ट्रेन की 3 बोगियां पटरी से उतर गयीं। बिजली के तार कट जाने के कारण घटनास्थल पर अंधेरा छाया गया, जिजसे बचावकार्य में भी परेशानी हो रही है। हादसे के कारण ट्रेन की बोगियां एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गयीं। इस हादसे के चलते यात्री भी सदमे में आ गये। यात्रियों ने कहा कि जब वे इस दुर्घटना को याद करते हैं, तो उनकी रूह कांप जाती है। मंडल रेल प्रबंधक के अनुसार विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन और विशाखापत्तनम-रगडा पैसेंजर ट्रेन के बीच पीछे से टक्कर हो गयी। हादसे में 3 कोच शामिल थे और 10 घायल हो गये। आंध्र प्रदेश सीएमओ ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तत्काल राहत उपाय करने और विजयनगरम के निकटतम जिलों विशाखापत्तनम और अनाकापल्ली से अधिक से अधिक एम्बुलेंस भेजने और अच्छी चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए आसपास के अस्पतालों में सभी प्रकार की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

# इजराइली सेना अब हमास के अभेद्य दुर्ग पर चढ़ाई को तैयार

## नागरिकों को उत्तरी गाजा छोड़ने की चेतावनी, तुर्किये से राजनयिक बुलाया

एजेंसी

**तेल अवीव/यरुशलम।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए बर्बर हमले के बाद समूची गाजा पट्टी आग का गोला बन गई है। इजराइल की थल सेना अत्याधुनिक टैंकों के साथ उत्तरी गाजा में घुस चुकी है। वायु सेना लगातार रॉकेट और मिसाइल दाग रही है।

इजराइली सैनिकों ने कुछ स्थानों पर अपने देश का झंडा फहराया है। इस बीच इजराइल ने उत्तरी गाजा के नागरिकों से फौरन दक्षिणी गाजा चले जाने को कहा है। साथ ही इजराइल गाजा पट्टी के सबसे बड़े

**जंग के दूसरे चरण की हो चुकी है शुरूआत : नेतन्याहू**



अल शिफा अस्पताल के नीचे मौजूद हमास के अभेद्य दुर्ग को कभी भी निशाना बना सकता है। गाजा पट्टी पर जंग का रविवार को तेईसवां दिन है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि जंग के दूसरे चरण की शुरूआत हो चुकी है। इजराइली सेना गाजा में घुसकर हमले कर रही है।

**इजराइल की आजादी की दूसरी लड़ाई :** यह इजराइल की आजादी की दूसरी लड़ाई है। इजराइलियों को लंबे और कठिन दौर से गुजरने के लिए तैयार रहना होगा। इस युद्ध में इजराइल का मकसद साफ है। इजराइल, हमास को खत्म कर बंधकों को वापस लाएगा। हमास हमले से बचने के लिए आम लोगों को ढाल बना रहा है। मानवता और अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए हमास को जड़ से मिटाना जरूरी है। आईडीएफ ने कहा है कि हमास के आतंकियों के ठिकानों को चुन-चुन कर तबाह किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बंधकों के परिजनों से मुलाकात की है। हमास की कैद में 229 नागरिक हैं। इनको हमास ने सुरंगों में कैद कर रखा है। हमास ने गाजा के सबसे बड़े अल शिफा अस्पताल के नीचे अपना अभेद्य किला बना रखा है। यहां सुरंगें हैं। यहां हजारों आतंकवादी भी छुपे हुए हैं। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा है कि उत्तरी गाजा में रहने वाले लोग फौरन दक्षिण में सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाएं। वहां उनके लिए दवा, पानी और भोजन की व्यवस्था की गई है। इजराइल की लड़ाई नागरिकों से नहीं, सिर्फ हमास से है। गाजा में इंटरनेट और मोबाइल सेवा में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इजराइली सैनिकों ने उत्तरी गाजा में एक इजरायली झंडा फहराया है। साथ ही 401वीं ब्रिगेड की 52वीं बटालियन के सैनिकों ने गाजा के मध्य में समुद्र तट के किनारे इजराइल का झंडा फहराया। हमास संचालित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि युद्ध में मरने वालों की संख्या 8,000 से अधिक हो गई है सऊदी अरब के रक्षामंत्री खालिद बिन सलमान अल सऊद के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए सोमवार को व्हाइट हाउस जाने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम के बीच इजराइल ने तुर्किये से अपने सभी राजनयिकों को वापस बुलाने की घोषणा की है। इजराइल की यह प्रतिक्रिया तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के बयान के बाद आई है। एर्दोगन ने शनिवार को इस्तांबुल में फिलिस्तीन समर्थक रैली में कहा था कि वह इजराइल को युद्ध अपराधी घोषित करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने पश्चिम पर इजरायल के हमले को रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया था। इस बीच हमास ने कहा है कि वह अपहृत बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए इजरायल को अपने कब्जे में लिए गए सभी फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना होगा।

# कल लांच होगा मेरा युवा भारत

## युवाओं को सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर देगा संगठन : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मेरा युवा भारत नामक एक संगठन की नींव रखे जाने की घोषणा की, जो राष्ट्र निर्माण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं में देश के युवाओं को सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान करेगा। आकाशवाणी पर रविवार को प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 105वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में खादी से जुड़े उत्पादों की बिक्री में हुए इजाफे का हवाला दिया। उन्होंने देशवासियों से एक बार फिर अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को खरीदने की अपील की और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने इस महीने की शुरूआत में गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी भंडार में एक ही दिन में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री का

**मन की बात**

**मोदी ने त्योहारों में अधिक से अधिक स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील**





उल्लेख करते हुए कहा कि 10 साल पहले देश में जहां खादी उत्पादों की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम की थी, आज यह बढ़कर सवा लाख करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है इसका फायदा शहर से लेकर गांव तक में अलग-अलग लोगों तक पहुंचता है। मोदी ने कहा कि इस बिक्री का लाभ बुनकरों, हस्तशिल्प कारीगरों, किसानों, आयुर्वेदिक पौधे लगाने वालों और कुटीर उद्योगों को मिलता है।

**पर्यटन या तीर्थटन पर जाएं तो लोकल उत्पाद जरूर खरीदें :** प्रधानमंत्री ने इसे वोकल फोर लोकल अभियान की ताकत बताते हुए देशवासियों से आग्रह किया वे जब भी पर्यटन या तीर्थटन पर जाएं, तो वहां के स्थानीय उत्पादों को जरूर खरीदें। उन्होंने लोगों से अपनी यात्रा के कुल बजट के कुछ हिस्से को स्थानीय उत्पादों की खरीदारी के लिए रखने का आग्रह किया। आगामी त्योहारों का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों से अपनी खरीदारी में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया और कहा कि दृष्टि केवल छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी से सामान लेने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में विनिर्माण का बड़ा केंद्र बन रहा है। कई बड़े ब्रांड यहीं पर अपने उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन उत्पादों को अपनाते हैं, तो मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलता है और यह भी लोकल के लिए वोकल ही होना होता है। प्रधानमंत्री ने ऐसे उत्पादों को खरीदते समय डिजिटल लेन-देन का उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जब आप भारत में बने, भारतीयों द्वारा बनाए गए उत्पादों से अपनी दिवाली रोशन करेंगे और अपने परिवार की हर छोटी-मोटी आवश्यकता लोकल से पूरी करेंगे, तो त्योहार की जगमगाहट ज्यादा बढ़ेगी। साथ ही स्थानीय लोगों का जीवन शानदार बनेगा। इससे भारत भी आत्मनिर्भर बनेगा। सरदार पटेल की जयंती का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस अवसर पर 31 अक्टूबर को गुजरात में स्टैचू ऑफ यूनिटी पर एकता दिवस से जुड़ा मुख्य समारोह होता है, लेकिन इस बार इसके अलावा दिल्ली में कर्तव्य पथ पर बहुत ही विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस दिन न सिर्फ अमृत कलश यात्रा का, बल्कि पिछले ढाई साल से चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव का भी समापन होगा। मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर को ही एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है और इस संगठन का नाम होगा मेरा युवा भारत।

# सेना का गोपनीय सूचना भेज रहा जासूस गिरफ्तार

**जयपुर/बीकानेर।** पाकिस्तानी हैंडलिंग एजेंसी को भारतीय सेना से संबंधित गोपनीय सूचना भेजने के आरोप में एक संदिग्ध जासूस को बीकानेर जिले से गिरफ्तार किया गया है। वह सोशल मीडिया अकाउंट पर दो युवतियों से चैट के माध्यम से भारतीय सेना से संबंधित सामरिक महत्व की सूचना भेज रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इंटेलिजेंस) एस. सेंगाथिर ने बताया कि सोशल मीडिया अकाउंट पर दो युवतियों से चैट के माध्यम से भारतीय सेना से सम्बंधित सामरिक महत्व की सूचना भेजने में लिप्त नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। सेंगाथिर ने बताया कि विभिन्न एजेंसियों की पूछताछ के दौरान 22 वर्षीय नरेन्द्र ने बताया कि वह फेसबुक पर पूनम बाजवा के नाम से संचालित अकाउंट के सम्पर्क में आया। पूनम ने स्वयं को भटिंडा निवासी बताते हुए बीएसएफ में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद पर कार्यरत होना बताया था। पूनम बाजवा ने नरेन्द्र से दोस्ती कर भविष्य में शादी करने का प्रलोभन दिया। इसके बाद पूनम ने उसे एक

**पूनम बाजवा ने नरेन्द्र से दोस्ती कर भविष्य में शादी करने का दिया था प्रलोभन**

व्हाट्सएप नंबर साझा किया। नरेन्द्र से निरंतर संपर्क में रहते हुए पूनम अंतरराष्ट्रीय सीमा की संवेदनशील सूचनाएं जैसे कि सड़क, पुल, बीएसएफ पोस्ट, टावर, आर्मी की गाड़ियों की फोटोग्राफ, प्रतिबंधित स्थानों की फोटो ग्राफ एवं वीडियो की मांग करती थी। नरेन्द्र बॉर्डर क्षेत्र की जानकारी पूनम को व्हाट्सएप पर भेज रहा था। नरेन्द्र पिछले कुछ समय से एक और महिला पाक हैंडलर के भी संपर्क में था। इस महिला ने स्वयं का नाम सुनीता बताया था। वह खुद को स्थानीय पत्रकार बताते हुए बॉर्डर क्षेत्र की सूचना नरेंद्र से मांगा करती थी। नरेन्द्र इस महिला एजेंट के साथ भी सामरिक सूचनाएं साझा कर रहा था।

# गरीबों को 10 लाख तक का इलाज फ्री और मजदूरों को 10 हजार रुपये

**राजनांदगांव।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया कि यदि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है, तो स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग के लोगों को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि सरकार बनने पर कृषि मजदूरों को सात हजार रुपये के बजाय 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। राहुल के भाषण के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि हमारी गारंटी : डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को अब पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक का मुफ्त इलाज देना। अन्य लोगों को 50 हजार से बढ़ाकर पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। राहुल ने इस दौरान कृषि मजदूरों को प्रति वर्ष सात हजार रुपये के बजाय अब 10 हजार रुपये देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों, पिछड़ों,

**राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ की जनता से किया वादा**



आदिवासियों और दलितों की सरकार है, जो उनके दिल की बात सुनती है। उन्होंने कहा कि आपको बोलने की जरूरत नहीं है, आपके दिल की जो आवाज होती है, हम वह सुन लेते हैं। आज सुबह किसानों के साथ, मजदूरों के साथ बघेल जी और मैंने थोड़ा काम किया, बातचीत की। किसानों ने हमसे कहा कि कांग्रेस सरकार ने उनके लिए पांच साल में जो किया है, वह किसी भी सरकार ने नहीं किया है।

## शुगर मरीजों के लिए एसजीपीजीआइ में खुलेगा एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर

**लखनऊ।** लखनऊ में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर अगले वर्ष से मधुमेह रोगियों के उपचार के लिए काम करना प्रारंभ कर देगा। यह सरकारी क्षेत्र में उत्तर भारत का पहला एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर है और इसका लक्ष्य मधुमेह रोगियों को एक ही स्थान पर सभी उपचार सुविधा मुहैया कराना है। एसजीपीजीआई केइंडोक्रिनोलॉजी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक प्रो सुशील गुप्ता ने रविवार को बताया कि कई बार मधुमेह के रोगियों को गुर्दे, आंख और पैर में भी समस्याएं होने लगती हैं,ऐसे मरीजों को उपचार के लिए अलग-अलग विभागों में जाना पड़ता है लेकिन एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर के निर्माण के बाद मरीजों को मधुमेह से संबंधित सभी इलाज एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। इस केंद्र में मधुमेह, नेत्र एवं किडनी के विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। गंभीर रूप से पीड़ित 40 मरीजों को भर्ती करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## दिल्ली एम्स में लागू होगा इंटीग्रेशन ऑफ नर्सिंग एजुकेशन एंड सर्विस मॉडल

नयी दिल्ली। दिल्ली में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इंटीग्रेशन ऑफ नर्सिंग एजुकेशन एंड सर्विस मॉडल लागू किए जाएगा। देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय नर्सिंग परिषद ने चार अप्रैल 2019 की तिथि वाले अपने पत्र के माध्यम से ह्यइंटीग्रेशन ऑफ नर्सिंग एजुकेशन एंड सर्विसह्ण को लागू किए जाने को मंजूरी प्रदान की थी। इस मॉडल का मकसद मरीजों को मुहैया कराई जाने वाली नर्सिंग की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ-साथ नर्सिंग के विद्यार्थियों के नैदानिक कौशल को भी बेहतर बनाना है।

## कंगना रनौत ने दर्शकों से तेजस देखने की अपील

**मुंबई।** बॉलीवुड की पंगा क्वीन के नाम से मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत की हाल ही में फिल्म तेजस रिलीज हुई है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद दर्शकों में इसे लेकर उत्सुकता बढ़ी थी, लेकिन दर्शकों की कमी के बाद कंगना ने एक वीडियो शेयर कर दर्शकों से इसे देखने की अपील की है। इस फिल्म में कंगना ने एक महिला पायलट की भूमिका निभाई है। दरअसल कंगना की फिल्म तेजस बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप रही। फिल्म ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया



है। अब कंगना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर दर्शकों से इस फिल्म को सिनेमाघरों में जाकर देखने की अपील की है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर कर कहा कि कोरोना से पहले भी सिनेमाघरों में दर्शकों की संख्या कम हो रही थी। कोरोना काल के बाद यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। कई थिएटर बंद हो रहे हैं। कई ऑफर और मुफ्त टिकट देने के बावजूद भी दर्शकों की संख्या कम हो रही है। मैं दर्शकों से अनुरोध करती हूं कि वे परिवार और दोस्तों के साथ फिल्म देखें। नहीं तो ये फिल्म सिनेमाघरों में नहीं टिक पाएगी।

# 10 कंपनियों का मार्केट कैप 1.93 लाख करोड़ घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,93,181.15 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,614.82 अंक या 2.46 प्रतिशत नीचे आया।

समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 52,580.57 करोड़ रुपये घटकर 12,25,983.46 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 40,562.71 करोड़ रुपये घटकर 11,14,185.78




करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में 22,935.65 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 15,32,595.88 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 19,320.04 करोड़ रुपये घटकर 5,73,022.78 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 17,161.01 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,13,735.07 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 15,759.95 करोड़ रुपये घटकर 4,54,814.95 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 13,827.73 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,39,292.94 करोड़ रुपये पर आ गया।

आईटीसी की बाजार हैसियत 5,900.49 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,40,637.34 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 3,124.96 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,83,098.06 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 2,008.04 करोड़ रुपये घटकर 5,00,670.73 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

- **टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 52,580 करोड़ और एचडीएफसी बैंक का 40,562 करोड़ घटा**
- **शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार**

## एनपीएस से निकासी के लिए 'पेनी ड्रॉप' सत्यापन अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत धन निकासी को अंशधारकों के लिए पेनी ड्रॉप सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। इससे अंशधारकों के पैसे का समय पर हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। पेनी ड्रॉप प्रक्रिया के तहत, रिकॉर्ड रखने वाली केंद्रीय एजेंसियां (सीआरए) बैंक बचत खाते की सक्रिय स्थिति देखती हैं और बैंक खाता संख्या और प्राण (स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या) या दाखिल किए गए दस्तावेजों में दिए गए नाम का मिलान करती हैं। ये प्रावधान एनपीएस, अटल पेंशन योजना और एनपीएस लाइट में सभी प्रकार की निकासियों के साथ-साथ ग्राहकों के खाता विवरणों में बदलाव के लिए लागू होंगे। लाभार्थी के बैंक खाते में एक छोटी राशि डालकर और पेनी ड्रॉप प्रतिक्रिया के आधार पर नाम का मिलान करके परीक्षण लेनदेन करके खाते की वैधता सत्यापित की जाती है। अधिसूचना के अनुसार, नाम मिलान, निकास/निकासी आवेदनों को संसाधित करने और ग्राहक के बैंक खाते के विवरण को संशोधित करने के लिए पेनी ड्रॉप सत्यापन आवश्यक रूप से सफल होना चाहिए।

## बांग्लादेश में बंगबंधु सुरंग खोला गया

ढाका। बांग्लादेश में बहुप्रतीक्षित बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान सुरंग से आज यातायात शुरू हो गया। इस सुरंग को सुबह 6:00 बजे खोला गया। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान सुरंग परियोजना के उप निदेशक अबुल कलाम आजाद ने बताया कि सुबह छह बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक कुल 309 वाहनों ने सुरंग का उपयोग किया। इनसे 75,350 टका एकत्र हुआ। उन्होंने कहा कि बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी की आहूत हड़ताल के कारण वाहनों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

## छत्तीसगढ़ में दो नक्सली गिरफ्तार

**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने रविवार को आईईडी बम के साथ दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत चिलपरस एवं आलपरस क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की आसूचना पर डीआरजी एवं बीएसएफ का संयुक्त बल सर्चिंग के लिए रविवार सुबह रवाना किया गया था, अभियान के दौरान चिलपरस नयापारा पहाड़ी जंगल के पास से दो नक्सली जनमिलिशिया सदस्य सानु कोमरा एवं अर्जुन कुमार साहू को गिरफ्तार किया।

## राजस्थान में सड़क हादसे में सात मरे

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के हनुमानगढ़ टाउन थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार और सीमेंट से भरे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार महिलाओं सहित एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। हादसा शनिवार देर रात मेगा हाईवे पर लखूवाली और शेरगढ़ के बीच उस समय हुआ, जब कार में सवार परिवार के नौ सदस्य करीब चार किलोमीटर दूर आदर्श नगर गांव में एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे।

## पंजाब में दो चीनी ड्रोन बरामद

**चंडीगढ।** पंजाब के अमृतसर और तरनतारन जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अलग-अलग स्थानों से दो ड्रोन बरामद किये गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ ने रविवार को अमृतसर के दाओके गांव के पास खोजबीन अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान बीएसएफ जवानों ने एक खेत से एक चीनी ड्रोन बरामद किया। तरनतारन के ढोलन गांव में शनिवार शाम बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में एक और ड्रोन बरामद किया।

## बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बीएसएफ के एक जवान ने अपने सर्विस हथियार से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि रायपुर से लगभग 200 किलोमीटर दूर रावघाट पुलिस थाना क्षेत्र के सारंगीपाल गांव में शनिवार को बीएसएफ जवान बाल्मिकी सिन्हा ने गोली मार ली।

## ट्रंप की अराजकता यूएस के लिए घातक : निक्की

वाशिंगटन। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल निक्की हेली ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगर 2024 के चुनाव में जीत जाते हैं, तो इसके परिणाम चार वर्ष की अराजकता, प्रतिशोध और नाटक के तौर पर सामने आएंगे, जो अमेरिका के लिए घातक सबित होंगे। हेली ने कहा कि अमेरिका को एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो देश को आगे ले जाए, न कि उसकी नैया डुबो दे। उन्होंने लास वेगास में शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता ट्रंप की जमकर आलोचना की।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAISTE Fender MAPEX Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Ibanez SoundX Zildjian Roland Hertz Epiphone GRANADA Cort Gibson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

## सी टेट की संभावित तिथि

■ जल्द शुरू होंगे दिसंबर की केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए पंजीकरण, ऐसे करें आवेदन

: पिछले साल सीटीईटी परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 31 अक्तूबर से शुरू होकर 24 नवंबर तक चली। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस बार आवेदन प्रक्रिया कब से शुरू होगी।

2023: दिसंबर की केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने वाली है। संभावना है कि सीबीएसई बोर्ड जल्द ही इस सत्र के लिए नोटिफिकेशन जारी करके आवेदन प्रक्रिया शुरू करने वाला है। हालांकि, अभी आधिकारिक तौर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से इस संबंध में कोई सूचना जारी नहीं की गई है, लेकिन पिछले वर्ष के आधार पर आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**31 अक्तूबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू**

दरअसल, पिछले साल दिसंबर सीटीईटी के लिए आवेदन प्रक्रिया 31 अक्तूबर, 2022 से शुरू हुई थी, जो कि 24 नवंबर तक चली थी। इस दौरान उम्मीदवारों को प्लीकेशन फॉर्म भरने के साथ-साथ फॉर्म में करेक्शन का मौका दिया गया था। इसी आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि संभव है कि बोर्ड अगले कुछ दिनों में नोटिफिकेशन जारी कर दे। हालांकि,



सटीक जानकारी के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना चाहिए।

**ऐसे करें आवेदन**

सीटीईटी दिसंबर परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद सबसे पहले उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद, पंजीकरण लिंक पर क्लिक करें और खुद को पंजीकृत करना होगा। इसके लिए अपना विवरण जैसे नाम, जन्म तिथि, ईमेल पता और मोबाइल नंबर प्रदान करें।अब लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करना होगा। इसके बाद, आवेदन पत्र भरें। इसके बाद, व्यक्तिगत जानकारी और शैक्षणिक योग्यता विवरण दर्ज करें।

अब सभी स्कैन किए गए दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें। इसके बाद, अपना सीटीईटी ऑनलाइन फॉर्म 2023 सफलतापूर्वक जमा करने के लिए आवेदन शुल्क का भुगतान करें। अब एक बार फॉर्म भर जाने के बाद, भविष्य के संदर्भ के लिए दिसंबर सत्र के लिए अपना सीटीईटी आवेदन पत्र 2023 डाउनलोड करके रख लें।

## वेटर की नौकरी कर बने होटल इडस्ट्री के 'सरताज', चीनी फिल्मों में भी खूब कमाया नाम

एक छोटे गांव से निकले देव ने कड़ी मेहनत के बूते चाइना में बड़ा मुकाम हासिल किया। होटल में वेटर की नौकरी करने से लेकर मैनेजर बनने और अब तक करीब आठ भारतीय रेस्तरां के मालिक बने देव आज चाइना की फिल्म इंडस्ट्री में भी जाना-पहचाना चेहरा बन चुके हैं।

उत्तराखंड के युवा आज देश विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं टिहरी के देव रतूड़ी। वह चीन में होटल व्यवसायी ही नहीं चीनी फिल्म स्टार भी हैं। अब तक वहां कई होटल की चेन खड़ी कर चुके देव करीब 35 फिल्मों में काम कर चुके हैं। दोनों कलाओं में माहिर देव की चर्चा अक्सर सोशल मीडिया पर चलती रहती है। विदेशी धरती पर नई ऊंचाईयां छू रहे इस कलाकार को अपनी माटी से भी बेहद प्यार है। जिससे वह समय-समय पर अपने गांव केमरियासौड़ आते रहते हैं। बीते जुलाई माह में ही वह अपनी धार्मिक यात्रा पर गांव पहुंचे थे। एक छोटे गांव से निकले देव ने कड़ी मेहनत के बूते चाइना में बड़ा मुकाम हासिल किया। होटल में वेटर की नौकरी करने से लेकर मैनेजर बनने और अब तक करीब आठ भारतीय रेस्तरां के मालिक बने देव आज चाइना की फिल्म इंडस्ट्री में भी जाना-पहचाना चेहरा बन चुके हैं। पिछले 18 सालों से चीन में रह रहे देव रतूड़ी बीते जुलाई माह में ही अपने गांव आए थे। वह धार्मिक यात्रा पर स्वदेश आए थे। कोयंबटूर, वाराणसी, वृंदावन और देवभूमि का भ्रमण करने के बाद वह अपने गांव गए थे। समय की कमी के कारण वह कुछ दिन ही अपने गांव में रुके थे। अपने प्रयास और संघर्ष से मुकाम हासिल करने वाले देव के प्रशंसक भी कम नहीं हैं।

## जॉब एलर्ट



**2019 से 2023 के बीच ई कॉमर्स सेक्टर 140 गुना बढ़ा,जानें 6 माह में कितने लाख नौकरियां मिलेंगी**

आज हर व्यक्ति अपनी क्वेरी को लेकर ब्रांड्स या उत्पाद की कंपनी तक आसानी से कम्युनिकेट कर सकता है। रेडशीर रिसर्च एंड एनालिसिस के एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना महामारी से पहले यानी 2019 से अब तक ई कॉमर्स सेक्टर में 140 गुने की बढ़ोत्तरी हुई है। 2023 में एक महीने में रिकॉर्ड 6.5 करोड़ ग्राहकों ने ऑनलाइन खरीदारी की है। कोरोना महामारी के पहले की अगर बात करें तो ये ग्राहक संख्या उससे 23 प्रतिशत अधिक है। जिस अनुपात में ई कॉमर्स सेक्टर में बढ़ोत्तरी हुई है उसी अनुपात में इस क्षेत्र में दी जाने वाली नौकरियों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। टीमलीज की एक रिपोर्ट के अनुसार जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के बीच 7 लाख नौकरियां ई कॉमर्स सेक्टर में सृजित हो रही हैं। इस कोर्स की मदद से अब तक सैकड़ों युवाओं को ई कॉमर्स सेक्टर में बेहतर पैकेज पर जॉब हासिल हो चुकी है। तो फिर देर किस बात की अभी इस दिए गए लिंक पर क्लिक करके रजिस्टर करें और ई कॉमर्स सेक्टर में एक शानदार जॉब हासिल करने की ओर एक कदम बढ़ाएं।

**ये भी सीखें**

**मास्टर डिजिटल मार्केटिंग**

**प्रोफेशनल डिजिटल मार्केटिंग**

**एडवांस क्लासरूम प्रोग्राम**

एडवांस डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की खूबी

100 प्रतिशत जॉब प्लेसमेंट असिस्टेंस

100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस

20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स

8+ लाइव प्रोजेक्ट्स

गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण

साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन

एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास

कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

**आपको क्यों सीखनी चाहिए डिजिटल मार्केटिंग**

भारी डिमांड : आज के समय में डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में स्किल्ड युवाओं की भारी डिमांड है। लिंक्डइन के अनुसार ऑनलाइन मार्केटिंग सेक्टर 2023 में लाखों युवाओं के लिए नौकरी के दरवाजे खोल रहा है। क्योंकि हर कंपनी, हर ब्रांड ऑनलाइन मार्केटिंग पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

**हाई पेइंग जॉब्स :** डिजिटल मार्केटिंग फील्ड में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण इस फील्ड में करिअर बना रहे युवाओं को आकर्षक सैलरी पर नौकरी दी जा रही है।

**फास्ट ग्रोइंग इंडस्ट्री :** डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री इस समय सबसे तेजी से ग्रोथ कर रही है। आने वाले 4 सालों में इस इंडस्ट्री के 75 हजार करोड़ के बनने के आसार हैं।

**बेटर जॉब सिक्यूरिटी :** इस क्षेत्र में काम करने जा रहे युवाओं को नौकरी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अब ऑनलाइन टिकटिंग से लेकर, कपड़ा, इलेक्ट्रिक सामान व राशन डिलीवरी तक अधिकांश काम ऑनलाइन ही रहे हैं।

# 12वीं पास भी बन सकते हैं एथिकल हैकर्स

**प्रशांत झा**

नेट पर निर्भरता बढ़ने के साथ गोपनीय या व्यक्तिगत सूचनाएं लीक होने का खतरा भी बढ़ा है। इसके अलावा, बैंक अकाउंट में सेंध लगाने या पासवर्ड हैक कर लोगों या बैंकों को चूना लगाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाना आज के समय में बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए ही एथिकल हैकिंग के विशेषज्ञों की जरूरत लगातार बढ़ रही है। जरा सोचिए, अगर आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अश्लील पोस्ट टैग कर दिया जाये या फिर आपका पासवर्ड चुराकर आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाये या आपकी पर्सनल फोटो चुराकर कोई उसे सार्वजनिक कर दे, तो फिर आपकी स्थिति क्या होगी? इससे आपको बड़ा आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। मगर इंटरनेट के जरिए ऐसी घटनाएं रोज हो रही हैं। इसे ही हैकिंग कहते हैं।

आजकल लगभग हर गतिविधि ऑनलाइन हो गयी है। अपने देश की बात करें, तो आज हमारे यहां करीब 35 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनके हाथों में स्मार्टफोन, कंप्यूटर या लैपटॉप है, जिस पर वे पर्सनल और प्रोफेशनल हर बात शेयर करने लगे हैं। ऐसे में साइबर क्राइम की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वर्ष 2015 में साइबर जासूसी की 49,455 घटनाएं हुईं। जाहिर है, साइबर सिक्योरिटी आज एक बड़ी चुनौती है।




### क्या है एथिकल हैकिंग

एथिकल हैकिंग, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, अनएथिकल हैकिंग को रोकने के लिए की जाती है। यह एथिकल (नैतिक) इसलिए है, क्योंकि इसे मालिक के कहने पर ही किया जाता है। एथिकल हैकर्स भी हैकर्स की तरह ही कंप्यूटर और नेटवर्क के अच्छे जानकार होते हैं। किसी भी कंपनी में ऐसे प्रोफेशनल का काम यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई बाहरी व्यक्ति कंपनी के आईटी सिस्टम की सिक्योरिटी तोड़कर उसकी कोई सूचना न चुरा सके और न ही किसी फाइल को कोई नुकसान पहुंचा सके।

### चाहिए हजारों विशेषज्ञ

नैस्कॉम की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश में अभी सिर्फ 50 हजार के लगभग साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल हैं। जबकि दूर-दराज के क्षेत्रों में इंटरनेट जिस तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है, उसे देखते हुए हर साल करीब 77 हजार एथिकल हैकर्स की जरूरत है। इस तरह स्थानीय और वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत को वर्ष 2020 तक लगभग 50 लाख एथिकल हैकर चाहिए लेकिन वर्तमान में हर साल इस क्षेत्र में सिर्फ 15 हजार प्रोफेशनल्स ही आ रहे हैं।

### चमकदार करियर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'डिजिटल इंडिया' धीरे-धीरे गति पकड़ रही है। सरकारी महत्वपूर्ण सूचनाएं भी ऑनलाइन की जा रही हैं। लेकिन इससे भी ज्यादा इन सूचनाओं की सुरक्षा जरूरी है। एक अनुमान के मुताबिक, केंद्र की इस पहल से देश भर में करीब 1.7 करोड़ नयी नौकरियों के अवसर पैदा होंगे, जिनमें सबसे ज्यादा मांग एथिकल हैकर्स की रहेगी। वहीं, दूसरी ओर सभी बड़ी आईटी कंपनियां अपना खुद का डाटा सेंटर बना रही हैं। इन्हें भी कुशल साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स चाहिए। साइबर सिक्योरिटी को लेकर आने वाले दिनों में लोग भी पर्सनल सर्विसेज लेना शुरू करेंगे।

### जॉब के अवसर

एथिकल हैकर्स की आज भी आईटी कंपनियों में खूब मांग है। इसके अलावा, आप आईटी सिक्योरिटी सर्टिफिकेशन की सर्विस देने वाली कंपनियों और आईटी फर्म्स में भी साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल की नौकरी पा सकते हैं। लॉ फर्म्स, बैंक, टेलीकॉम कंपनियां और पुलिस विभाग भी इनकी सेवाएं ले रहा है।

### कौन-कौन से कोर्स

इंजीनियरिंग के बाद एथिकल हैकिंग में स्पेशलाइजेशन किया जा सकता है। 12वीं के बाद भी कोर्स करने का विकल्प है। कुछ संस्थान यह कोर्स 10वीं के बाद भी करा रहे हैं। ये कोर्स छह माह तथा एक साल की अवधि के हैं।

### कितनी सैलरी

एथिकल हैकिंग में कमाई आपकी काबिलियत पर निर्भर करती है। फिर भी प्रायः ऐसे प्रोफेशनल को शुरुआत में किसी भी नामी कंपनी से 35 से 40 हजार रुपए की सैलरी आसानी से मिल जाती है। अनुभव बढ़ने पर 70 से 80 हजार कमाये जा सकते हैं।

### एक्सपर्ट राय

साइबर सुरक्षा का विस्तार आज के समय बहुत ज्यादा है। आने वाले दिनों में इसकी जरूरत और ज्यादा पड़ेगी, क्योंकि अब कंप्यूटर व स्मार्टफोन हर किसी की दिनचर्या में शामिल हो गये हैं। हर तरह की महत्वपूर्ण पर्सनल जानकारी भी लोग कंप्यूटर और मोबाइल में ही रख रहे हैं, जिसे कभी भी कोई हैक कर सकता है। एथिकल हैकर्स वे लोग हैं, जो आधिकारिक अनुमति के साथ सिस्टम में मौजूद लूपहोल्स को ठीक करने का काम करते हैं। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है, इसलिए एथिकल हैकिंग आईटी में रुचि रखने वालों के लिए बहुत आकर्षक ऑप्शन बन गया है। आजकल सभी कंपनियां अपना नेटवर्क इस्तेमाल कर रही हैं और उसमें कोई छेड़खानी न कर पाये, इसके लिए अपने यहां एथिकल हैकर्स रख रही हैं। इस फील्ड में वे सभी युवा करियर बना सकते हैं, जिनकी रुचि कंप्यूटर, मोबाइल और गैजेट्स में है या फिर जिन्होंने कोई आइटी कोर्स किया हुआ है। एथिकल हैकिंग के विशेषज्ञ बनकर गलत नीयत वाले आईटी के जानकारों यानी हैकर्स से लोगों और कंपनियों को बचाने के साथ- साथ आप हैकर्स को सबक भी सिखा सकते हैं।

## विवेक मन्त्र



वृक्षों पर रहने वाले पक्षी भी तभी तक किसी वृक्ष पर बसेरा रखते हैं, जब तक वहां से उन्हें फल प्राप्त होते रहते हैं। अतिथि का जब पूरा स्वागत-सत्कार कर दिया जाता है तो वह भी उस घर को छोड़ देता है।

चाणक्य

## एडमिशन एलर्ट



**सवाल:** क्या रेग्यूलर ग्रेजुएशन करने के साथ डिस्टेंस कोर्स भी कर सकते हैं? **संजीव सिंह**

**जवाब:** जी हां, आप रेग्यूलर ग्रेजुएशन के साथ डिस्टेंस एजुकेशन से कोई दूसरा कोर्स भी कर सकते हैं। यूजीसी के मुताबिक स्टूडेंट एक साथ दो कोर्स कर सकते हैं। आप जिस यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन कर रहे हैं वहां के डिस्टेंस लर्निंग से या फिर किसी दूसरी यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस लर्निंग या ओपन प्रोग्राम के तहत कोर्स कर सकते हैं।

**सवाल:** मैंने बायोलॉजी सब्जेक्ट से 73 फीसदी अंकों के साथ 12वीं की है। आगे मेडिकल फील्ड में कौन सा कोर्स करूं? **प्रेमरंजन**

**जवाब:** मेडिकल फील्ड बहुत बड़ा है। आमतौर पर सिर्फ डॉक्टर के पेशे को ही मेडिकल से जोड़कर देखा जाता है जबकि हकीकत में ढेरों ऐसे कोर्सेज हैं जो मेडिकल फील्ड से संबंधित हैं। मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए मेरी राय में आपको पैरामेडिकल से जुड़ा कोई कोर्स करना चाहिए। कोर्स पूरा करने के बाद आप प्रोफेशनल डायग्नोसिस, फिजियोथेरेपी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और मेडिकल लैब टेक्निशियन का काम कर सकते हैं। इसलिए आप सिर्फ डॉक्टर के बारे में सोचें, इससे जुड़े विभिन्न विभागों में भी करियर बना सकते हैं।

## करियर जोन



**सवाल:** मैंने एमबीए (एचआर) किया है, लेकिन अच्छी जॉब नहीं मिल रही है। **रिचा अग्रवाल**

**जवाब:** कई बार ऐसा होता है कि डिग्री होने के बावजूद अच्छी जॉब मिलने में दिक्कत होती है। बढ़ते कॉम्पिटिशन की वजह से खासतौर पर फ्रेशर्स को तो और भी ज्यादा परेशानी होती है। ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है धैर्य बनाये रखना। एक अच्छा ब्रेक मिलने में देरी भले ही होती है लेकिन फिर करियर रफ्तार पकड़ने लगता है। मेरी राय में आपको खाली बैठने के बजाये अपने फील्ड से संबंधित छोटी-मोटी ही सही जॉब कर लेनी चाहिए। अनुभव बढ़ने के साथ पद और सैलरी भी अच्छी होती जायेगी।

**सवाल:** मैंने 78 फीसदी अंकों के साथ बीकॉम किया है। मैं टीचिंग लाइन में जाना चाहती हूं। प्लीज मुझे गाइड करें। **कोमल कुमारी**

**जवाब:** अगर आप स्कूल टीचर बनना चाहती हैं तो बीकॉम के बाद आपको बीएड करना चाहिए। बीएड के बाद आप प्राइवेट स्कूल में टीचिंग कर सकती हैं। हालांकि सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए आपको एंट्रेंस एग्जाम क्वॉलिफाई करना होगा। हर राज्य में स्कूल टीचर बनने के लिए अलग-अलग एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। अगर हायर स्टडीज की इच्छा है तो एमकॉम करना बेहतर रहेगा। एमकॉम के बाद अगर आप एमफिल और पीएचडी करने के साथ ही नेट क्वॉलिफाई कर लेती हैं तो कॉलेज में बतौर लेक्चरार नियुक्त हो सकती हैं।

**ई-मेल**

career.kmantra@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।

## मोटिवेशन | क्षमता कम करता है चिड़चिड़ापन

आपने देखा होगा कि कुछ लोग किच-किच स्वभाव के होते हैं। वे हर बात पर किच-किच करते रहते हैं। उनकी इस प्रकार कि चिड़चिड़ाहट उन्हें उनके हर दोस्त और सगे संबंधियों सहित नजदिकियों से दूर ले जाती है साथ ही लोग उससे दूरी बना लेते हैं। ऐसे लोग न खुद शांति से रहते हैं और नही दूसरो को शांति से रहने देते हैं। ऐसे लोगो को ही हम स्वयं के लिए समस्या और अन्य लोगों के लिए भी समस्या का नाम दे देते हैं। इन्हें हम इन नाम के विभूति के तौर पर जानते और अन्य को बताते हैं। हमारे एक सहयोगी भी इसी प्रवृति के हैं और वे सुबह-सुबह कार्यालय आने के साथ शांति से कार्यालय में नहीं बैठते बल्कि हर दूसरे व्यक्ति के कार्य में कमी ढूंढने लगते हैं। वे यहीं नहीं ठहरते बल्कि वे उसकी कमी उसे बताकर उससे नाराजगी मोल ले लेते हैं। उसके साथ आंरभ हुई बार्ता थोड़ी देर में झगड़ा में बदल जाती है।इसके कारण पूरे कार्यालय का माहौल अशांत हो जाता है। स्वयं तो अंशात होते ही हैं और अन्य लोगों को भी अशांत कर देते हैं।

ऐसे लोग स्वयं को सदा सही मानते हैं और दूसरो को गलत मानते हैं। उन्हें लगता है कि उनसे अधिक जानकार कोई और है ही नहीं। स्वंय को जानकार समझना गलत नहीं है, लेकिन दूसरो को कम जानकार समझना गलत है। जो व्यक्ति लगातार किच-किच करते रहते हैं वे हमेशा गुस्से में रहते हैं। वे आपका कुछ अहित करे या न करें लेकिन वे आपको मानसिक रूप से विचलित अवश्य रखते हैं।

अगर आप ऐसे लोग के साथ काम कर रहे हैं तो आप सावधान रहें। आप उनके शिंकजे में ने फंसे। भरसक चेष्टा करें कि आप उनसे दूर रहें उनके कम से कम बात करें।



**एडी बाधवा**
सीएमए सह मोटिवेटर

# ई-कॉमर्स में तलाश रहे हैं करियर, तो यह हैं हॉटेस्ट जॉब्स

अगर आप इनोवेटिव, इंटरेस्टिंग और हॉटेस्ट जॉब सर्च कर रहे हैं तो इसके लिए आपको अब ई-कॉमर्स का रुख करना चाहिए। आप वाकई में ई-कॉमर्स के क्षेत्र में आने का मन बना रहे हैं तो आपको पैशनेट और इमेजिनेटिव होने की जरूरत है। आपने जितना सोचा होगा यह उससे कहीं ज्यादा व्यापक क्षेत्र है। इसलिए नहीं कि इसकी कई सारी शाखाएं हैं और इसने बेहतरीन विकास किया है लेकिन इसकी भी क्योंकि आपको यहां सीखने के कई अवसर मिलेंगे। एक बार आप इस क्षेत्र में आये तो पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे। ई-कॉमर्स ने भारत में यह 5 शानदार रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।



**इंटरेक्टिव डिजाइनर**: एक इंटरेक्टिव डिजाइनर मूल रूप से यूजर को अपनी वेबसाइट को पसंद करने के लिए तैयार करता है। उनका मुख्य काम है वेबसाइट को यूजर फ्रेंडली बनाना और इतना आकर्षक बनाना कि अपने विभिन्न लक्ष्यों को पाने के लिए सहायक हों। इस काम के लिए आपको डिजाइन प्रोसेस, टेक्नोलॉजी और यूजर साइकोलॉजी का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

**सर्च इंजिन ऑप्टिमाइजेशन**: कोई भी कॉमर्स वेबसाइट खुद को अनदेखा नहीं रखना चाहेगी और एसईओ स्पेशलिस्ट वही हैं जो उन्हें लोगों की नजर में लाते हैं। इसलिए अगर आपको नेट सर्फिंग पसंद हैं और अगर आप जानते हैं कि गूगल के पहले पेज पर वेबसाइट को किस तरह लाना है तो आप इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ सकते हैं। यह ई-कॉमर्स इंडस्ट्री की सुपर डिमांड है।

**लॉजिस्टिक मैनेजमेंट**: एक ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक मैनेजर बिजनेस के लॉजिस्टिक्स और फिजिकल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को देखता है। इसलिए अगर आप ई-कॉमर्स बिजनेस के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में वैल्यू एड कर सकते हैं तो यह जॉब आपके लिए शानदार हो सकता है।

**डिजिटल मार्केटिंग**: बिजनेस के ऑनलाइन प्रेजेंस को बढ़ाने के लिए जितने भी पहलू हैं उसे डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट हैंडल करते हैं। इसमें सोशल मीडियो मार्केटिंग, ऑनलाइन ब्रांड रेपुटेशन मैनेजमेंट, पेड एडवरटाइजिंग, वेबसाइट डिजाइन, एसईओ, ईमेल मार्केटिंग कैम्पेन से लेकर वेबसाइट एनालिटिक्स तक शामिल हैं।

**वेब डेवलपर**: ऐसे समय जब ई-कॉमर्स मार्केट में कई सारे प्लेयर्स मौजूद हो और प्रतिस्पर्धा कठिन हो तो छोटी सी तकनीकी समस्या चीजें बिगाड़ सकती हैं। इसलिए यूआई/यूएक्स डेवलपर की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए अगर आप डेवलपमेंट, डिजाइन और टेस्टिंग में एक्पर्ट हैं तो इस इंडस्ट्री में अच्छा ग्रो करेंगे।

# यूजीसी नेट : हर पेपर के लिए बेहतर रणनीति जरूरी

**अनल कुमार**

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) उच्च शिक्षा के लिए करायी जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा है।

### पेपर 1: बेसिक्स पर हो ध्यान

पेपर 1 में जनरल सब्जेक्ट्स जैसे इंग्लिश, रीजनिंग, कॉम्प्रिहेन्शन, डायवर्जेंट थिंकिंग और जनरल अवेयरनेस जैसे विषयों से प्रश्न पूछे जाते हैं, चूंकि इस पेपर का सिलेबस बहुत विस्तृत है, इसलिए उम्मीदवार के पास टॉपिक्स के हर पहलू की विस्तृत जानकारी होना जरूरी है। आपको दिन में कम से कम एक घंटा इंग्लिश की तैयारी को देना चाहिए। इसके लिए अपनी ग्रामर के साथ- साथ वोकैबलरी पर भी ध्यान दें। करंट अफेयर्स की तैयारी के लिए अखबार और जनरल नॉलेज पर आधारित मैगजीन पढ़ें। नेशनल, इंटरनेशनल और स्पोर्ट्स जैसे सेग्मेंट्स से जुड़ी खबरें ही परीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा आपको प्रश्नों को समझकर उत्तर देने की क्षमता विकसित करनी चाहिए। लॉजिकल रीजनिंग की प्रैक्टिस के लिए प्रतिदिन कम से कम एक मॉक टेस्ट जरूर दें और हर टेस्ट में अपनी स्पीड बढ़ाने पर फोकस करें।

### पेपर 2: हर चैप्टर गौर से जरूर पढ़ें

यह पेपर सब्जेक्ट-बेस्ड होता है। लिहाजा उम्मीदवार ने जिस विषय को चुना है, उसी से ऑब्जेक्टिव टाइप



प्रश्न पूछे जाते हैं। इस पेपर में 50 प्रश्न आते हैं और सभी को हल करना अनिवार्य होता है। पेपर को हल करने के लिए एक घंटे पंद्रह मिनट का समय दिया जाता है। चूंकि इस पेपर के लिए उम्मीदवारों को वही विषय चुनना होता है जिसमें उन्होंने मास्टर्स किया हो, इसलिए उनसे यह उम्मीद की जाती है कि उन्हें विषय के बेसिक्स के साथ एडवांस्ड नॉलेज भी हो। इस पेपर की तैयारी के लिए उम्मीदवारों को अपने विषय की इंटरमीडिएट की पुस्तकों से तैयारी शुरू करनी चाहिए ताकि टॉपिक्स के बेसिक्स क्लियर हों। इसके बाद अपनी तैयारी के स्तर को बढ़ाना चाहिए। इस पेपर की तैयारी के लिए दिन में 4-5 घंटे का समय निकालें और अपने नोट्स खुद बनाकर पढ़ाई करें।

### पेपर 3: विस्तृत पढ़ाई जरूरी

पेपर 3 को नेट का सबसे टफ पेपर माना जा सकता है। हालांकि यह भी उम्मीदवारों के द्वारा चुने गये विषय पर ही आधारित होता है, लेकिन इस पेपर में पूछे जाने वाले प्रश्न बेहद ट्रिकी और टफ होते हैं। परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों को हल करना होता है। आप इसके टफ लेवल का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि सिर्फ इस पेपर को हल करने के लिए ढाई घंटे का समय दिया जाता है। इस पेपर को क्वॉलिफाई करने के लिए हर टॉपिक को डीटेल में पढ़ना बहुत जरूरी है। इसकी तैयारी के लिए अपने विषय के वीक और स्ट्रॉन्ग चैप्टर्स को अलग-अलग बांट लें। फिर पहले स्ट्रॉन्ग चैप्टर्स की तैयारी करें। एक बार ये चैप्टर्स पढ़ने के बाद वीक चैप्टर्स को एक-एक करके तैयार करना शुरू करें। साथ ही जो चैप्टर्स तैयार करते जा रहे हैं, उन्हें प्रतिदिन रिवाइज करें। इसके अलावा पिछले वर्षों के पेपर्स जरूर सॉल्व करना चाहिए।

# मुआवजे की मांग को लेकर घंटो सड़क जाम

## मृतकों के परिवार के सदस्यों को एक नौकरी, 25 लाख मुआवजा, प्रत्येक साल मैराथन दौड़ व सरकारी सहायता की मांग





परंपरिक हथियार लाठी-डंडा से लैश होकर जाम करती छात्राएं, जाम कर रहे लोगों को समझाती प्रशासन व पुलिस पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बीते शुक्रवार को दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर पाकुड़ जिला से सटे जिले के सीमावर्ती थाना गोपीकांदर क्षेत्र में जियापानी डाउन के समीप पिकअप वैन और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत के बाद मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर एक बार फिर छात्रों और परिजनों ने रविवार को दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। छात्रों और परिजनों ने सुबह करीब नौ बजे से जाम किया। जो करीब शाम 7 बजे तक जाम रहा। छात्रों के द्वारा 8 घंटे की लंबी जाम में प्रशासन के अलावे आम लोगों को भी काफी समस्या हुई। छात्रों के इस जाम में करीब दोनों तरफ 10 किलोमीटर तक जाम लगी रही।

जानकारी के मुताबिक दुर्घटना में मृत छात्र अमड़ापाड़ा प्लस टू हाई स्कूल छात्र थे। छात्रों की मांग में मृत के आश्रितों को 25 लाख मुआवजा, उनके नाम से प्रत्येक वर्ष मैराथन दौड़, प्रत्येक मृत के आश्रितों को सरकारी नौकरी, प्रत्येक को आवास सहित अन्य मांग रखी गईं। जाम की सूचना मिलने पर एसडीपीओ, सदर नूर मुस्तफा, पाकुड़ डीएसपी बीएन प्रसाद, काठीकुंड इंस्पेक्टर सुशील कुमार सहित अमड़ापाड़ा थाना पुलिस एवं गोपीकांदर थाना पुलिस के एएसआई राजन सिंह, भरत भूषन सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस बल पहुंचे।

जाम को देखते हुए भारी संख्या में महिला पुलिस बल को भी तैनात कराया गया। अंततः गोपीकांदर बीडीओ सह सीओ अनन्त कुमार झा पहुंच छात्रों के लिखित आवेदन पर आश्वस्त करने के बाद भी जाम नहीं हटाया गया था। सड़क जाम में गुम्मामोड़ से लेकर अमड़ापाड़ा और दुर्गापुर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है। जाम में यात्री वाहन, मालवाहक, छोटे-बड़े वाहन सहित सैकड़ों वाहन घंटों फंसे रहे। जाम के कारण यात्री व राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोई पानी तो कोई नाश्ता के लिए भूख से बिलखता देखा गया। जानकारी के मुताबिक जाम कर रहे छात्रों को समझाने स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक जामस्थल पहुंचे थे। शिक्षकों ने काफी प्रयास किया छात्रों को समझाने की। लेकिन किसी की नहीं सुनी गई। आपको बता दें कि मृतक सभी युवक प्लस टू हाई स्कूल के छात्र थे। मृतक बिट्टू मरांडी 12वीं एवं बाबुलाल मरांडी एवं जोहन 11वीं का छात्र था। जाम स्थल सभी छात्र स्कूली ड्रेस पर पहुंचे थे। बीडीओ सह सीओ अनन्त कुमार झा ने घटनास्थल पर सोलर लाइट, सरकारी प्रावधान के तहत आश्रितों को मुआवजा, ब्रेकर, 24 घंटे गार्ड की तैनाती करने की आश्वासन के बाद छात्रों और परिजनों ने करीब 7 बजे जाम हटाया। उसके बाद वाहनों का परिचालन सुचारू हो सका। यहां बता दें कि पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के तीन मृतकों में दो चाचा-भतीजा खिलाड़ी था। जो रांची में आयोजित खेलो इंडिया ओलंपिक के दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे थे। बिट्टू और बाबुलाल एक बेहतरीन धावक था। जो ओलंपिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची जा रही बस को पकड़ने अपने दोस्त के साथ बाइक से दुम्मा मोड़ आ रहा था। जहां रास्ते में हादसे का शिकार हुआ और घटना स्थल पर ही तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी।

## छठ पूजा को लेकर राखाबानी तालाब की सफाई में लगे अमर युवक संघ के युवा



साफ-सफाई करते युवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** छठ पूजा को देखते हुए एक बार फिर अमर युवा संघ के युवकों ने राखाबानी मोड़ स्थित तालाब की साफ-सफाई शुरू कर दी है। रविवार को राखाबानी के युवकों ने तालाब के किनारे फेके गए पूजा-पाठ के समाग्री को इक्कठा कर जला निष्तारण किया। वहीं तालाब के पानी में उपजे लत आदि लोहे के झगरों एवं रस्सी के सहारे खींच सफाई अभियान शुरू कर दिया। युवकों ने बताया कि हर साल आस-पास के लोग छठ पर्व इस तालाब में करते है। जिसके लिए अभी से ही साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। ताकि समय रहते तालाब के पानी और किनारों को सफाई की जा सके और सुलभता से छठ व्रति तालाब के पानी में खड़े हो सुर्य को अर्ध्य दे सके। यहां बता दें हाल में तालाब में गंदगी फैलने और प्रषासनिक उदासीनता की रवैया की खबर प्रकाषित होने के बाद से जिला प्रशासन निजी तालाब होने के हवाला देते हुए सफाई या रख-रखाव की जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ दिया था। जिसके बाद आस-पास के युवकों ने अपने स्तर पर तालाब की सफाई प्रारंभ की। गौरतलब हो कि चुनावी दिनों में समाजिक स्तर या राजनीतिक पार्टी द्वारा भी इस तालाब की साफ-सफाई में स्थानीय लोगों को सहयोग किया जाता था।

## जन सभा का आयोजन किया

**गोड्डा।** आज पोड़ैयाहाट प्रखण्ड अंतर्गत आकाशी पंचायत झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति को बैठक प्रखंड सचिव मुन्ना भगत के अध्यक्षता में किया गया जिसमे प्रखंड पर्यवेक्षक के रूप में राजेश मंडल केन्द्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष उपस्थित हुए! बैठक बरमसिया उत्क्रमित प्रा विद्यालय घटवाल टोला प्रगाण में किया गया जिसमे आकशी पंचायत में पड़ने वाले आम गाछी, बरमसिया, पिंडारी, सीसा, कर्मटोला, शायमपुर,चिरुडीह आकाशि सभी गांवों के ग्रामीण पुरुष महिला उपशिथ हुए जिसमे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री मंडल ने कहा हेमन्त सरकार ने आदीवासी मूल वासी के खेल प्रेम को देखते हुए सर्वप्रथम राज्य के 24 जिलों में खेल पदाधिकारी की नियुक्ति की ग्रामणियो को परखंड और जिला से मिलने वाली योजनाओं से लाभ लेने के लिए अब तक सभी ग्राम पंचायत कर दो बार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला चुके है, और पुनः बचे लाभुको को लाभ लेने के लिए तीसरी बार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 15नवम्बर से चलाया जाएगा।

# गृह रक्षा वाहिनी के 63 दिवसीय प्रशिक्षण पारण परेड़ से हुई संपन्न

## डीआईजी ने होमगार्डो के पारण परेड़ में जवानों के प्रदर्शन का किया सराहना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



परेड का निरीक्षण करते डीआईजी, प्रशिक्षण के बाद जवानों संग डीआईजी, एसपी व अन्य पदाधिकारी

**दुमका।** गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, नकटी में विगत 63 दिन से प्रशिक्षण कर रहे प्रशिक्षु होमगार्ड के जवानों का पारण परेड का आयोजन रविवार को हुआ। पारण परेड़ में देवघर, गोड्डा, रांची, हजारीबाग एवं चतरा जिला के 351 प्रशिक्षु होमगार्ड के जवानों का पारण परेड में भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि के संथाल परगना क्षेत्र के डीआईजी सुदर्शन मंडल एवं विशिष्ट अतिथि एसपी पीतांबर सिंह खेरवार उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। होमगार्ड के जवानों के द्वारा काफी कम समय में ही परेड की तैयारी कर शानदार प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम खुले जीप में मुख्य अतिथि डीआईजी श्री मंडल पंक्तिबद्ध जवानों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात जवानों के द्वारा मंच के सामने से मार्च पास्ट परेड निकाला गया। जिसकी सलामी समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी सुदर्शन मंडल के द्वारा ली गई।

इसके बाद उनके द्वारा जवानों का संबोधन किया गया। डीआईजी ने होमगार्ड के जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके परेड को काफी उत्तम दर्जे का बताया गया। होमगार्ड बटालियन का गठन, कर्तव्य, उद्देश्य एवं विधि व्यवस्था में होमगार्ड की भूमिका आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उनके द्वारा जवानों के उज्जवल भविष्य की भी कामना की गई। जिला समादेष्टा होमगार्ड विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन देकर पदाधिकारी से निर्देश लेकर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पदाधिकारी, प्रशिक्षण प्रभारी कंपनी कमांडर दिनेश उरांव, कंपनी कमांडर सचित दास, होमगार्ड कैंपस में निवास कर रहे एसआईआरबी के पदाधिकारी एवं जवान, होमगार्ड के पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने बुनियादी प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन होमगार्ड के जवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## मुखिया ने एसबीआई सीएसपी केंद्र का किया उद्घाटन

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के धनबे पंचायत अंतर्गत बनहेति गांव में शनिवार को एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन पंचायत के मुखिया रसिकलाल हेम्ब्रम व एसबीआई उपप्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर बैंक कर्मियों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।लोगों को संबोधित करते हुए एसबीआई उपप्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव के हर लोंगो का खाता बैंक में हो। सुदुर देहाती क्षेत्र में बैंको की उतनी पहुंच नहीं है। लेकिन गांवों में ग्राहक सेवा केन्द्र के खुलने से लोगों को अब शहर बाजार जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।लोंगो को बैंक सुविधा का लाभ अब उनके गांव में ही मिल जायेगी।

# शिक्षकों को आवास देगी नीतीश सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने शिक्षकों को लेकर एक के बाद एक कई बड़े फैसले ले रही है। बात चाहे शिक्षक प्रक्रिया में तेजी लाने की हो या नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी के दर्जा दिलाने की राज्य सरकार शिक्षकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में बिहार सरकार ने अब बिहार में नवनियुक्त शिक्षकों को सरकारी आवास की सुविधा देने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार बिहार पहला राज्य होगा जहां शिक्षकों को अब सरकार आवास मिलेगा। बिहार में अब शिक्षकों को एचआरए देने के बदले सरकार सीधा मकान मालिक को भुगतान करेगी। सरकार पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला मुख्यालय तक लीज पर मकान लेगी और इन्हीं आवासों को शिक्षकों को अलॉट करेगी। बिहार सरकार ने इसको लेकर विज्ञापन भी निकाला है। इस विज्ञापन के जरिए राज्य सरकार ने इच्छुक मकान मालिक, रियल स्टेट और फर्म से प्रस्ताव की मांग की है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने बहुमंजिला इमारत बनाने को लेकर जमीन और मकान मालिक से प्रस्ताव मांगा है। इमारत और भवन को लीज पर लेकर सरकार खुद भुगतान करेगी। 4 नवंबर तक सभी से शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर आवेदन मांगा गया है। प्रस्ताव मिलने के बाद प्रस्ताव देने वालों के साथ 8 नवंबर को को पटना में बैठक की जाएगी। वहीं बैठक के बाद वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किया जाएगा। बता दें, राज्य सरकार की इस सुविधा का लाभ बिहार में नवनियुक्त 1 लाख 20 हजार और पूर्व के 4 लाख शिक्षकों को मिलेगा। इसके तहत स्कूल के आसपास ही सरकारी इमारत और भवन में रहने की सुविधा दी जाएगी। गौरतलब है कि बिहार सरकार हर वर्ष शिक्षकों के वेतन पर सरकार 33000 करोड़ रुपये खर्च करती है। इसमें से 8 प्रतिशत शिक्षकों के एचआरए पर खर्च होता है। कुल 2500 करोड़ सरकार एचआरए पर खर्च करती है।

## मृत युवकों के शोकाकुल परिजनों से मिले सांसद : विजय

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )।** दुमका जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के जियापानी ढलान में शुक्रवार की रात हुए भीषण सड़क दुर्घटना में अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के मृत तीनों युवकों के शोकाकुल परिजनों से राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा ने शोक संवेदना व्यक्त की। अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के निपनियां गांव निवासी 17 वर्षीय मृतक जॉन मुर्मू के आवास पहुंचे। वहां पहुंच सांसद विजय हांसदा ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहयोग कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर श्याम यादव व जिला सचिव सुलेमान बास्की, उमर फारूक, प्रकाश सिंह पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 2024 के तहत विशेष शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज जिला अंतर्गत मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 2024 के तहत विभिन्न बूथों पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान उपायुक्त ,गोड्डा जिशान कमर के द्वारा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत सरकंडा एवं बढ़ौना बूथ केंद्र का निरीक्षण किया गया। विशेष शिविर कार्यक्रम के दौरान 16 पोड़ैयाहाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1 से 373 आवंटित मतदान केंद्र,एवं 17 गोड्डा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 1 से 397 आवंटित मतदान केंद्र एवं 18 महागामा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1 से 408 आवंटित मतदान केंद्र पर जिला स्तर से कुल 13 प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों सहित बीएलओ/सुपरवाइजर के भी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के आयोग की ओर से निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि, मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार ,दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए 09 दिसंबर 23 तक होम टू रोल सर्वे के लिए तिथि निर्धारित की गई है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन के लिए दिनांक 26 दिसंबर 2023 को अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा।

# जिला मुख्यालय में हुआ समृद्धि पब्लिक स्कूल का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददता**




**पाकुड़।** जिले के कृष्णापुरी कालोनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए 'समृद्धि पब्लिक स्कूल' का उद्घाटन प्रदेश महासचिव रामरंजन कुमार सिंह, भागीरथ तिवारी, ड्रा मनोहर कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह ने संयुक्तरुप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में जिले के शीर्ष पर स्थित शिक्षाविद, शिक्षण संस्थान से जुड़े एवं झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन,जिला इकाई पाकुड़ के जिलाध्यक्ष गब्रियल मुर्मू,जिला सचिव राजकुमार भगत,पूर्व जिलाध्यक्ष जय दत्ता सहित कृष्णापुरी कालोनी के विद्वान अभिभावकगण उपस्थित थे। समृद्धि पब्लिक स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापिका राखी राय ने कहा कि स्थानीय परिवार एवं शिक्षाविद के सलाह और प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से विद्यालय प्रबंधन समिति का निमार्ण कर संस्थान को एकनिष्ठ संकल्प के साथ आज शुभारम्भ किया गया। बतौर मुख्यातिथि रामरंजन कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं व्यक्तिगत रुप से शिक्षा के प्रति समर्पण अनेकों शिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया और आज के समय में सभी विद्यालय उच्च कोटि की शिक्षा के साथ ख्यातिप्राप्त कर रहे हैं । मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के द्वारा निश्चित रुप से बच्चों का काया कल्प होगा ।डॉ मनोहर कुमार ने कहा कि शिक्षा ही हमारे व्यक्तित्व की रचना में सहायक सिद्ध होता है। समाजसेवी भागीरथ तिवारी ने कहा कि शिक्षा से समृद्धि का प्रयाण संभव है ,तभी समृद्धि पब्लिक स्कूल का नाम सार्थक होगा, मुहल्ले के सभी महानुभावों से अनुरोध किया कि वे समृद्धि पब्लिक स्कूल में बच्चों का नामांकन करायें। मिथिलेश कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह, गब्रियल मुर्मू,जय दत्ता, संजय कुमार शुक्ला ने अपने अपने विचार रखते हुए पूर्ण सहयोग देने का अश्वासन दिया। संरक्षक बिजया राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।उक्त अवसर पर जिले के ब्रजेश पाठक,संजय दूबे, अमित गुप्ता, मुकेश भगत, मनीष कुमार , पुष्पा झा सहित दर्जनों अभिभावक, शिक्षाविद उपस्थित थे।

## एक नजर में

## भाजपा को दिन-रात सता रही हेमंत सरकार का नेतृत्व : इकबाल

**पाकुड़।** झामुमो पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा कि भाजपा केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी को तो मालूम ही होगा लेकिन मैं पुनः उन्हें स्मरण दिलाता हूं कि मुख्यमंत्री के पिता गुरुजी शिबू सोरेन के नेतृत्व और आह्वान पर झारखंड के आंदोलनकारियों ने अलग राज्य के गठन के लिए संघर्ष एवं आंदोलन किया ताकी झारखंड में रहने वाले आदिवासियों की भूमिअधिग्रहण जमीन को सुरक्षित रखते हुए कमजोर तबके लोगो के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आ सके। झारखंड वासियों को एक आदिवासी नेता हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री के रूप में स्थिर सरकार एवं विकासोन्मुखी सरकार दी है। सैकड़ो योजनाओं से झारखंड वासी इसका लाभ उठा रहे हैं। झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा की भाजपा नेता जेपी नड्डा जी को यह मालूम होना चाहिए की हेमंत सोरेन जी झारखंड राज्य में रहने वाले सभी समुदाय के लोगो को साथ लेकर चलने वाले एक अत्यंत लोकप्रिय नेता है। हेमंत सोरेन जी आदिवासी परंपराओं संस्कृति के साथ-साथ सभी समुदायों की धार्मिक भावनाओं का दिल की गहराइयों से सम्मान किया है। यही कारण श्री हेमंत सोरेन जी की नेतृत्व का डर भाजपा को दिन-रात सताता रहा है। आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और पिछड़ा को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 25 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में भी झारखण्ड आगे बढ़ रहा है। केंद्र में बीजेपी की सरकार है जेपी नड्डा जी आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने पर बात क्यों नहीं करते है। आदिवासियों के लिए 10 वर्षों में बीजेपी ने क्या किया? साढ़े 8 लाख झारखंडियों का आवास का पैसा क्यों रोक रखा है।

## मौलाना अफसर अली ने रक्तदान कर जताई खुशी

**पाकुड़।** लाइफ सेवियर्स समूह (पाकुड़) जरूरतमंदों के लिए हमेशा तैयार खड़ा है। जिसका नमूना रविवार को देखने को मिला।सदर अस्पताल सोनाजोडी में इलाजरत पाकुड़ मौलाना चौक निवासी सालेहा खातून जो गर्भवती है को शरीर में खून की कमी होने के कारण मरीज को ए पॉजिटिव रक्त की अत्यंत आवश्यक पड़ी। तभी मरीज के परिजनों ने लाइफ सेवियर्स समूह से मदद मांगी इसके कुछ ही देर बाद समूह के अध्यक्ष नाफिसुल आलम ने देवताला निवासी मौलाना अफसर अली से संपर्क किया गया। उन्होंने रक्त अधिकोष पहुँचकर रक्तदान किया। रक्तदाता अफसर अली ने रक्तदान के पश्चात कहा मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है।और मैं आगे भी हर 3 महीने में रक्तदान करता रहूंगा। मौके पर रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार जी मौजूद रहे।

## मयूराक्षी नदी पर बना राज्य का सबसे लंबा पूल का उद्घाटन सीएम करेंगे आज

**दुमका।** डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में जिले के मसलिया प्रखंड के मकरमपुर गांव में आयोजित होने वाले सीएम हेमंत सोरेने के योजनाओं का षिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम से संबंधित पदाधिकारियों का ब्रीफिंग किया गया। ब्रीफिंग में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार, जिले के पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस दंडाधिकारी उपस्थित थे। ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके लिए डीसी ने पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को उनके दायित्वों से संबंधित निर्देश दिया। सभी को ससमय कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहने को कहा। कहा कि कार्यक्रम में आए लोगो को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष खयाल रखे। लोगों के सुविधा के लिए पुल से लेकर हेलीपैड, धरमपुर, मुख्य कार्यक्रम स्थल के समीप कई पार्किंग स्थल का निर्माण किया गया है। जगह-जगह पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की गई है। ब्रीफिंग कार्यक्रम में एसपी श्री खेरवार ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने दायित्वों के अनुसार अपने स्थल पर तैनात रहे। यहां बता दें सीएम हेमंत सोरेन राज्य के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन व कई योजनाओं का षिलान्यास करेंगे। स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड के द्वारा मयूराक्षी नदी पर 2.34 किलोमीटर लंबा पूल का निर्माण कार्य 12 फरवरी 2018 को प्रारंभ हुई। जो मार्च 2023 में बन कर तैयार हो गई है। जिसकी कुल लागत 198 करोड़ 11 लाख रुपए है।

## डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**पाकुड़।** उपायुक्त-सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने रविवार को ईवीएम वेयर हाउस के ऊपरी एवं नीचले तल्ले में बने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदीसे लिया। उन्होंने वहां रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणोंकी स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। उल्लेखनीय हो कि, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं रखरखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट मंत्री मंडल (निर्वाचन) विभाग को समर्पित करना होता है। इसी संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निरीक्षण करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया तथा प्रतिवेदन मंत्री मंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक पार्टी के जिला अध्यक्ष/सदस्य उपस्थित थे।

## लिटल फ्लावर स्कूल में अभिभावकों माताओं को सम्मानित किया गया

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के फुलबड़ीया पंचायत अंतर्गत कुसमा ग्राम स्थित लिटल फ्लावर स्कूल में अभिभावकों की बैठक में रविवार को माता को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर सिल्जो ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार को छात्र-छात्राओं की सम्मेलन के रूप में बैठक होती है।साथ ही साथ विद्यालय प्रबंधन समिति कि प्रत्येक महीने बैठक की जाती है।और प्रत्येक तीन महीने में विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों के अभिभावकों की बैठक की जाती है।बैठक में सभी अभिभावक अपनी-अपनी बातों को रखते हुए सलाह परामर्श देते हैं।यह नियमित बैठक इसलिए की जाती है कि अगर किसी छात्रों को किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो निश्चित रूप से उसके अभिभावक इसकी जानकारी शिक्षकों को दे सके।ताकि उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में गरीब छात्रों को निशुल्क पढ़ाया जाता है। साथ ही साथ विद्यालय में चिकित्सा, भोजन आदि संबंधी भी व्यवस्था है। फादर सीलजो,सिस्टर शशि,सिस्टर मेरी सहित सभी शिक्षकों ने बारी बारी से अभिभावकों और छात्रों को संबोधित किया।विद्यालय के नियमों और शिक्षा विभाग के नियमों के साथ-साथ अन्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया।बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने भी बारी-बारी से अपने-अपनी बातों को रखा।बैठक में शामिल होने आए माता अभिभावकों को छात्राओं द्वारा सम्मानित किया गया।बताया गया कि प्रत्येक तीन महीने में माता को सम्मानित करने का काम किया जाता रहा है ताकि माता को यह अनुभव हो सके की उनके बच्चे सिर्फ पढ़ाई ही नहीं करते हैं विद्यालय में संस्कार भी सिखाते हैं।विद्यालय इसी संस्कार को बरकरार रखने के लिए इस विद्यालय में माता को सम्मानित करने की प्रक्रिया चल रही है। हालाकि कई प्रकार व्यवसाय के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी जाती है ताकि विद्यालय से निकलने के बाद भी छात्र रास्ता भटक नहीं सके।